वर्ष- 13 अंक - 211
लखनऊ, शनिवार 4 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

भाजपा का पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान शुरू 10
राहुल गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : केशव 03

# असम को नहीं बनने देंगे लव जेहाद व लैंड जेहाद की धरती : योगी

- यूडीएफ को बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय
- यूपी में अब नहीं होती सड़कों पर नमाज : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ असम के चुनावी रण में उतरे। एनडीए उम्मीदवार दीपक कुमार दास के पक्ष में बारपेटा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि यूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है।

उन्होंने असमवासियों से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और कहा कि घुसपैठियों को बाहर करना है और असम की डेमोग्राफी को बदलने नहीं देना है। एनडीए का संकल्प है कि असम को लव जेहाद-लैंड जेहाद की धरती नहीं बनने देंगे। घुसपैठ नहीं होने देंगे।

कांग्रेस व यूडीएफ की घुसपैठियों के जरिये डेमोग्राफी बदलने की साजिश सफल नहीं होने देंगे। एक-एकघुसपैठी को बाहर करने की व्यवस्था हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने तय किया है कि असम को घुसपैठ का अड्डा नहीं बनने देंगे, दंगाइयों को निकाल बाहर करेंगे। कांग्रेस व यूडीएफ को जब भी अवसर मिला, इन्होंने भारत व भारतीयता को अपमानित किया। यूडीएफ असम में घुसपैठ की जननी है। घुसपैठियों के बल पर असम की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। कांग्रेस उनकी सहयोगी बनकर असम की संस्कृति से खिलवाड़ कर रही है। वहीं एनडीए सरकार असम की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए हर घुसपैठिए को बाहर कर डेमोग्राफी को चेंज करने की साजिश को विफल कर रही है।सीएम ने असमवासियों को रंगोली बिहू उत्सव की शुभकामना दी। सीएम ने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम सरकार विकास कार्य कर रही है। असम के चाय बागान में काम करने वाले श्रमिकों को स्पेशल पैकेज देकर सम्मानजनक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य केवल भाजपा व एनडीए सरकार ही कर सकती है, कांग्रेस व यूडीएफ के पास विजन और कार्य करने की क्षमता नहीं है। ये केवल भारत की सुरक्षा में सेंध लगा रहे हैं। योगी ने असमवासियों से अपील की कि इन्हें सेंध लगाने की छूट नहीं देनी है।



## उत्तर प्रदेश आज दंगा, कर्फ्यू व माफिया मुक्त

सीएम ने कहा कि यूपी आज दंगा, कर्फ्यू और माफिया मुक्त है। नो कर्फ्यू, नो दंगा, वहां सब है चंगा। यूपी की सड़कों पर कोई नमाज नहीं पढ़ सकता। वहां धर्मस्थलों से चिल्लाने की आवाज नहीं आती है। यदि किसी ने दंगा करने का दुस्साहस किया तो उसकी प्रॉपर्टी जब्त कर दलितों, गरीबों, जनजाति समुदाय में बांट दी जाती है। घुसपैठियों या दंगाइयों का कोई अधिकार नहीं होता। कांग्रेस व यूडीएफ ने असम की संस्कृति के साथ खिलवाड़ किया। घुसपैठियों को बसाकर डेमोग्राफी बदलने और असमवासियों के हक, राशन, मकान व जमीन पर जबरन कब्जे का काम किया।

## लचित बोरफुकन का अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा

सीएम योगी ने असम को भारत के गौरव की धरा बताया और कहा कि हर भारतवासी यहां मां कामाख्या के दर्शन करने आता है। यहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व समृद्ध परंपरा ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन किया है। वैष्णव परंपरा में श्रीमंत शंकर देव व माधव देव की पावन धरा ने नई ऊंचाई के साथ इसे एकता, भक्ति व मानवता के संदेश की भूमि के रूप में परिवर्तित किया है। असम का काजीरंगा नेशनल पार्क राइनो के साथ जैव विविधता के लिए जग विख्यात है। अहोम राजवंश ने इसी पावन धरा में विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ाकर अहोम की समृद्ध संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाकर भारत की रक्षा में योगदान दिया था। अहोम राजवंश के महान नायक लचित बोरफुकन का अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा रहा है। असम ने मेहनत, परिश्रम व पुरुषार्थ से चाय की चुस्की को दुनिया तक पहुंचाया। असम अब चाय के साथ चिप के उत्पादन की केंद्रभूमि भी बन रही है।

## कांग्रेस सरकार में भारत रत्न केवल एक खानदान के लोगों को प्राप्त होता था

सीएम योगी ने तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में भारत रत्न केवल एक खानदान के लोगों को प्राप्त होता था। असम के संगीत व संस्कृति की पहचान भूपेन हजारिका को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया। उन्हें 2019 में मोदी सरकार ने और गोपीनाथ बोरदोलोई को 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने भारत रत्न दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की एनडीए सरकार ने संस्कृति, परंपरा व विरासत को आगे बढ़ाया। एनडीए सरकार सुरक्षा, सुशासन व सेवा के माध्यम से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला व नौजवान तक पहुंचा रही है। दूसरी ओर कांग्रेस नेतृत्व की सरकारों ने 60 वर्षों तक असम में अराजकता, दंगा, कर्फ्यू, घुसपैठ को बढ़ावा देकर सुरक्षा में सेंध लगाई और विरासत को अपमानित किया। कांग्रेस को मां कामाख्या कॉरिडोर, काजीरंगा नेशनल पार्क में राइनो संरक्षण, असम व पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी याद नहीं आई।

# ट्रम्प ने ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचे को तबाह करने की दी चेतावनी

**एजेंसी, वाशिगंटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के और भी पुलों और बिजलीघरों को तबाह कर देंगे। उन्होंने ईरान से कहा है कि जो किया जाना चाहिए, उसे तेजी से करे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे - जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर तबाह कर देगा। श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने ईरान में अभी तक नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है और कहा पहले पुल, फिर पावर प्लांट्स को लक्ष्य बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा, अगला नंबर पुलों का है, फिर बिजलीघरों का! ईरान के नए शासन को पता है कि क्या किया जाना चाहिए और इसे तेजी से करना होगा। श्री ट्रंप की यह चेतावनी एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब ईरानी सैन्य ठिकानों के बजाय नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाया जा रहा है।



## अमेरिका सेना प्रमुख को पद से हटाया गया

अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। श्री ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है।

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,736/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,590/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ के इनामी माओवादी का हुआ निधन



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं की हत्या में अहम भूमिका निभाने वाले भाकपा (माओवादी) का शीर्ष सदस्य एवं 1 करोड़ के इनामी रहे प्रशांत बोस की लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में मौत हो गई। जेल महानिरीक्षक (आईजी) सुदर्शन मंडल ने प्रशांत बोस उर्फ किशन दा के मौत की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रशांत बोस की भूमिका पूणे के भीमा कोरेगांव हिंसा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की साजिश रचने में थी। एनआईए की चार्जशीट में भी बोस का नाम सामने आया था। वहीं, छतीसगढ़ में साल 2013 में बस्तर संभाग के झीरम घाटी में सलवा जुडूम के खिलाफ विद्याचरण शुक्ल, नंदकिशोर पटेल, दिनेश पटेल, महेंद्र करमा सहित 30 कांग्रेस नेताओं की हत्या की वारदात को अंजाम देने की मंजूरी प्रशांत बोस ने ही दी थी। वर्ष 2021 में प्रशांत बोस और उसकी पत्नी को गिरफ्तारी के बाद वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद था। तबीयत बिगड़ने के बाद प्रशांत को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

### सीमा हैदर ने अपने बेटे का नाम रखा भारत



**नोएडा।** पाकिस्तान से भारत आईं सीमा हैदर फरवरी ,2026 में छठी बार मां बनी थीं। सीमा और उनके पति सचिन ने बेटे का नामकरण किया। कपल ने बेटे का नाम भारत रखा है जिसे जानने के बाद हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान को मिर्च जरूर लगेगी। नामकरण समारोह नोएडा के रबुपुरा स्थित उनके निवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान सीमा ने कहा कि हिंदू धर्म बहुत सुंदर है और उन्हें हिंदू होने पर गर्व महसूस होता है। बेटे के नामकरण को लेकर सीमा हैदर ने कहा कि 'हिंदू धर्म में जब घर में बेटा होता है तो नामकरण किया जाता है। यह दूसरा कुआं पूजन है, इससे पहले जब मीरा हुई थी तब कराया गया था। उन्होंने कहा कि हमारा हिंदू धर्म बहुत खूबसूरत है और बहुत सारी खूबसूरती यहां दिखती है। छोटे-छोटे त्योहार प्यार बढ़ाते हैं। मैं बहुत खुश हूं और मुझे कभी पछतावा नहीं होता। मुझे गर्व होता है कि मैं हिंदू हूं।'

# 4 आतंकियों को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी एटीएस ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ से 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आतंकी पाकिस्तान के हैंडलर्स के निर्देश पर भारत में आगजनी और दहशत फैलाने की साजिश रच रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए विदेशी नंबरों से जुड़े थे।

लखनऊ समेत देश के प्रतिष्ठित संस्थानों, रेलवे संपत्तियों और वाहनों को निशाना बनाने के फिराक में थे। आतंकियों की पहचान साकिब उर्फ डेविल, विकास गहलावत उर्फ रौनक, लोकेश उर्फपपला पंडित और अरबाब के रूप में हुई है। इनके पास से एक ज्वलनशील पदार्थ से भरा कैन, 7 मोबाइल, 24 पंपलेट और आधार कार्ड बरामद हुए हैं। बरामद मोबाइल फोन से कई अहम डिजिटल सबूत मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है। एटीएस के मुताबिक, गिरोह ने लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे सिग्नल बॉक्स और अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की योजना बनाई थी। उनका मकसद बड़ी दुर्घटना और जनहानि कराना था, जिससे दहशत फैल सके। हालांकि, एटीएस को पहले ही इसकी सूचना मिल गई और टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आरोपियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। एटीएस जांच में सामने आया कि गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल मेरठ के अगवानपुर गांव का रहने वाला है। वह नाई का काम करता था। सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के हैंडलर्स के संपर्क में आ गया। टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से वह पाकिस्तानी नेटवर्क, कट्टरपंथी समूहों और अफगानिस्तान के कुछ संदिग्ध नंबरों से जुड़ा। जांच एजेंसियों के अनुसार, इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल सुरक्षित और गुप्त बातचीत के लिए किया जा रहा था, जिससे देश विरोधी गतिविधियों की योजना बनाई जा सके और उसे अंजाम दिया जा सके। साकिब ने अपने गांव के ही अरबाब को इस नेटवर्क में शामिल किया। इसके बाद उसने सोशल मीडिया के जरिए गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले विकास गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला को भी गिरोह से जोड़ा। ये सभी आरोपी पैसों के लालच और कट्टरपंथी प्रभाव में आकर इस नेटवर्क का हिस्सा बने और अलग-अलग जगहों पर रेकी और अन्य गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।



- आतंकी पाकिस्तान के हैंडलर्स के निर्देश पर भारत में आगजनी व दहशत फैलाने की रच रहे थे साजिश

## भारत में डर व अस्थिरता का माहौल पैदा करना था उद्देश्य

गिरोह का मुख्य उद्देश्य भारत में डर और अस्थिरता का माहौल पैदा करना था। इसके लिए आरोपी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, वाहनों और रेलवे सिग्नल बॉक्स की रेकी कर रहे थे। गाजियाबाद, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे शहरों में कई जगहों की रेकी की गई थी। पाकिस्तानी हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को गूगल लोकेशन भेजी जाती थी, जिसके आधार पर यह लोग मौके की जांच करते थे। पूरी जानकारी वीडियो के रूप में भेजते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य छोटी-छोटी आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर उसका वीडियो बनाते थे। उसे पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजते थे। इन वीडियो के जरिए वे अपने काम का सबूत देते थे। इसके बदले में उन्हें क्यूआर कोड के माध्यम से पैसे भेजे जाते थे।

# भारत की समुद्री ताकत में इजाफा, नौसेना से जुड़ा आईएनएस तारागिरी व आईएनएस अरिदमन

**एजेंसी, विशाखापट्टनम।**

भारत की समुद्री सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में स्वदेशी अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी और आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल कराया। इस समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस तारागिरी के जलावतरण से भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ी है। आईएनएस तारागिरी में ब्रह्मोस और सुपरसोनिक मिसाइल से लैस है। इतिहास हमें बताता है कि कोई भी देश बिना अपनी नौसैनिक ताकत को मजबूत किए शक्तिशाली नहीं माना जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, ये शहर अपने आप में भारत की समुद्री शक्ति का साक्षी रहा है, इसलिए विशाखापट्टनम से तारागिरी कमीशनिंग अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से लेकर आज की रणनीतिक वास्तविकताओं ने समुद्र में हमेशा भारत की दिशा तय की है। भारत का हमेशा से ही समुद्र के साथ अनोखा संबंध रहा है और समय के साथ समुद्र से हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है। उन्होंने कहा, हमें केवल अपने तटों की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय हितों से जुड़े महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, चोक पॉइंट्स और डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए। मुझे खुशी है कि भारतीय नौसेना इन सभी सुरक्षा कार्यों में सक्रिय रूप से लगी हुई है।



# एलपीजी सिलिंडर को लेकर अफवाह फैलाने पर केंद्र की सख्ती

## सभी राज्य सरकारों को रोजाना ब्रीफ्रिंग की सलाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, जो स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने अपने पत्र में कहा कि कुछ क्षेत्रों में अब भी अफवाहें और गलत जानकारी फैल रही है, जिससे लोगों में अनावश्यक डर पैदा हो रहा है और कई जगहों पर घबराहट में खरीदारी (पैनिक बायिंग) देखी जा रही है। मंत्रालय ने राज्यों से अपील की है कि वे संचार व्यवस्था को और मजबूत करें ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे। वर्तमान में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे 17 राज्यध्यूटी नियमित या अंतराल पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। केंद्र ने बाकी राज्यों से भी तुरंत इसी तरह के कदम उठाने को कहा है।

# खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं : राघव चड्ढा

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में उप नेता के पद से हटाए जाने से आहत सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी हाईकमान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सवाल दागे हैं। आआपा ने राज्यसभा सचिवालय से राघव के स्थान पर अशोक मित्तल को नियुक्त करने की सिफारिश की है। मित्तल जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक हैं। पंजाब में वर्ष 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान राघव आआपा का प्रमुख चेहरा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह पंजाब की राजनीति से दूर हैं।

राघव चड्ढा ने एक वीडियो जारी किया। इसमें वह कहते नजर आ रहे हैं, खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूं। मुझे जब-जब बोलने का मौका मिलता है तो मैं आम आदमी के मुद्दे उठाता हूं। संसद में ऐसे मुद्दों पर बोलता हूं जिन्हें आमतौर पर सदन में उठाया नहीं जाता। उन्होंने सवाल किया कि क्या जनता के मुद्दे उठाना, जनता के मुद्दों पर बात करना अपराध है। क्या मैंने कोई गुनाह कर दिया, कोई गलती कर दी? चड्ढा ने कहा कि यह सवाल इसलिए पूछ रहा हूं क्योंकि आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को यह लिखकर दिया है कि राघव चड्ढा के सदन में बोलने पर रोक लगा दी जाए। बोलने का मौका न दिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि कोई मेरे बोलने पर रोक क्यों लगाना चाहेगा। मैं जब बात करता हूं तो देश के आम आदमी की बात करता हूं। संसद में एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने की बात रखी, टोल व बैंक लूट का मुद्दा उठाया। मिडिल क्लास से हो रही लूट, टेलीकॉम कंपनियां कैसे 12 महीने में 13 बार रिचार्ज करवाती हैं आदि पर चर्चा की। उन्होंने कहा, यह मुद्दे उठाने के बाद आम आदमी का फायदा हुआ लेकिन आम आदमी पार्टी का क्या नुकसान हुआ। मेरी आवाज को कोई क्यों बंद करना चाहेगा। आप लोग मुझे असीमित प्यार देते हैं। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। ऐसे ही मेरा हाथ और साथ थामे रखिएगा। छोड़िएगा मत। मैं आप से हूं, आपके लिए हूं।



# सरकार का दावा, गंगा का पानी स्नान योग्य, प्रदूषण में आई कमी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गंगा का पानी निगरानी किये गये सभी स्थलों पर स्नान के मानकों पर खरा उतरता है और इस नदी में प्रदूषण का स्तर घट रहा है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 2025 (जनवरी से अगस्त) के औसत जल गुणवत्ता आंकड़ों के आधार पर, नदी का पीएच और घुलित ऑक्सीजन स्तर सभी स्थानों पर स्नान के मानदंडों को पूरा करता है। पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) किसी तरल पदार्थ या विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को मापकर उसकी अम्लीयता या क्षारीयता बताने वाला एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) पांच राज्यों के कुल 112 स्थानों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की निगरानी करता है, जिनमें उत्तराखंड में 19, यूपी में 41, बिहार में 33, झारखंड में चार और पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल हैं।



# संविधान खतरे में है, समाजवादी पार्टी ग्राम स्तर पर अंबेडकर जयंती मनाएगी : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि संविधान खतरे में है और संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाएगी। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि पार्टी ने 14 अप्रैल को ग्राम स्तर पर बीआर आंबेडकर की जयंती मनाने का फैसला किया है, जहां संविधान के सामने मौजूद संकट पर चर्चा की जाएगी।

उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यह अमृत काल नहीं है, बल्कि संकट काल है। संविधान के लिए खतरा है और हम इस चर्चा को गांवों तक ले जाएंगे। श्री यादव ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग संविधान के अनुसार काम नहीं करते बल्कि मानव-विधान (मनमाना शासन) का पालन करते हैं। उन्होंने टिप्पणी की, हम लोकतंत्र चाहते हैं, वो एक-तंत्र चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हम लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन वे ऐसी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जो इसे कमजोर कर दे। संविधान हमारा रक्षक और हमारी नींव है और संस्थानों के माध्यम से इस नींव को हिलाने और कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। अपनी पार्टी की वैचारिक जड़ों का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान, समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया द्वारा दिखाए गए रास्ते और नेताजी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) की विरासत का अनुसरण करती है। यादव ने कहा कि सपा का उद्देश्य समाजवादी व्यवस्था की दिशा में काम करके समाज को विकास की एक नई दिशा प्रदान करना है।

उन्होंने भाजपा पर सौदागर की तरह काम करने का आरोप लगाया। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा का ध्यान संपत्ति बेचने, मुनाफा कमाने और निजीकरण पर है, जिससे भ्रष्टाचार और मुनाफाखोरी के साथ-साथ महंगाई भी बढ़ रही है।



**दूरदर्शिता** — भविष्य के लिए बड़ी योजना

# भारत अपनी तीसरी परमाणु पनडुब्बी कर रहा तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के नये स्टील्थ नौसैनिक फ्रिगेट आईएनएस तारागिरी को बेड़े में शामिल करने से ठीक पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक संक्षिप्त और रहस्यमयी संदेश पोस्ट किया - यह कोई शब्द नहीं, यह शक्ति है, यह अरिदमन है - जिसने भारत के तेजी से बढ़ते परमाणु पनडुब्बी कार्यक्रम पर सबका ध्यान खींच लिया है। मिसाइल और ड्रोन हमलों के इस दौर में यह कार्यक्रम भारत के रणनीतिक प्रतिरोध ढांचे का मुख्य आधार है। भारत की तीसरी परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) आईएनएस अरिदमन वर्तमान में समुद्री परीक्षणों से गुजर रही है। नौसैनिक विश्लेषकों ने इस पोस्ट का अर्थ यह निकाला है कि इसके परीक्षण पूरी तरह सफल रहे हैं।

इस प्रयास के केंद्र में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) परियोजना है। इसके तहत भारत परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों का एक बेड़ा तैयार कर रहा है। इसका उद्देश्य एक विश्वसनीय सेकंड-स्ट्राइक क्षमता (परमाणु हमले के बाद जवाबी कार्रवाई की क्षमता) सुनिश्चित करना है। भारत वर्तमान में दो एसएसबीएन का संचालन करता है- 2016 में शामिल किया गया आईएनएस अरिहंत और अगस्त 2024 में शामिल किया गया आईएनएस अरिघात। इस कार्यक्रम की प्रमुख पनडुब्बी अरिहंत ने 2018 में अपना पहला निवारक गश्त पूरा किया था। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया, जिनके पास परिचालन परमाणु ट्रायड (जल, थल और नभ से परमाणु हमले की क्षमता) है। आईएनएस अरिदमन (कोडनेम S4 प्रोजेक्ट) अपनी पूर्ववर्ती पनडुब्बियों की तुलना में बड़ी और अधिक सक्षम है। उम्मीद है कि इसे आने वाले कुछ हफ्तों में औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल कर लिया जायेगा। यह के-15 कम दूरी की और के-4 मध्यम दूरी की सबमरीन-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइलों (एसएलबीएम) से लैस होगी, जिनकी मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है, जो भारत की पहुंच को काफी बढ़ा देगी।

चौथी पनडुब्बी आईएनएस अरिसूदन को माना जा रहा है। इसका कोडनेम S4 एस्टरिक्स है। इसे पहले ही लॉन्च किया जा चुका है और यह भी परीक्षणों के दौर में है। इसे 2027 की शुरुआत तक नौसेना में शामिल किये जाने की संभावना है।



# चोरी के खुलासे के लिए चार घंटे का अल्टीमेटम

- लाखों की चोरी पर ग्रामीणों का प्रदर्शन
- पुलिस के आश्वासन पर टिकी नजरें



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रानीपुर थाना क्षेत्र के कटघरा कला गांव में लाखों रुपये के साउंड सिस्टम/डीजे उपकरण की चोरी के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। 30 मार्च 2026 को हुई इस घटना का 3 अप्रैल तक खुलासा न होने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने हुजूरपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी की घटना के तुरंत बाद एक संदिग्ध चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था। हालांकि, पुलिस ने उससे बिना गहन पूछताछ किए ही छोड़ दिया। इसके बाद न तो कोई गिरफ्तारी हुई और न ही चोरी हुआ लाखों रुपये का सामान बरामद हो सका। कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

कदम नेशनल हाईवे का पूर्ण चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तो लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास तक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।इस आंदोलन को क्षेत्र के कई स्थानीय नेताओं का समर्थन मिला है। देवेंद्र प्रताप सिंह, दयाशंकर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, भूपेंद्र विक्रम सिंह, शिवेंद्र सिंह, सुनील सिंह, रणवीर सिंह, विरल सिंह, शनि सिंह, अमर और शुभम मिश्र सहित अन्य लोग भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे और कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष अवस्थी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि चार घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा और मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोग प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

## मार-पीट मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पाठक पुरवा लमकी मधई पुर निवासी रेनू पत्नी राम बहादुर ने थाने पर तहरीर दिया कि बृहस्पतिवार के दिन बच्चो के विवाद को लेकर उसकी पुत्री सौम्या को राहुल पुत्र विनोद सहित चार लोगों ने लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिया गया। जिसका इलाज मेडिकल कालेज में कराया गया। कोतवाली देहात के प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि राहुल उसके पिता विनोद बजरंगी चांदनी बिंदु के खिलाफ में मारपीट का मुकदमा लिखा गया है।

# युवती के शरीर पर मिले चोट के निशान, हत्या का मुकदमा दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भीटी भदवल के निवासी शीला का शव बृहस्पति वार की सुबह गन्ने के खेत में मिला था। उस की हत्या की गई थी। इस का खुलासा पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो गया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में उस के शरीर पर चार चोट मिले है। मृतका शीला के गले पर कोई नुकीली चीज घुसा कर हत्या की गाई है। मरने से पहले वह हमला वारों से काफी संघर्ष किया था। उसके शरीर के दोनों कंधों पर चोट के निशान मिले हैं। हाथ पर खरोच का निशान मिला है। इससे लग रहा है कि हमला वारों से काफी देर तक लड़ा होगा। हमला वारों ने मारने से पहले उस के दोनो हाथ को बांध दिया था। इस के बाद उस की आसानी गले पर वार कर के उस की हत्या कर दी गई।



मृतका की फाइल फोटो

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भीटी भदवल ग्राम के निवासी अशोक कुमार की पुत्री शीला बीते 29 मार्च को दोपहर के समय शौच के लिए घर से निकली थी इस के बाद वापस घर लौट कर नहीं आई थी। घर वालो ने काफी खोजबीन किया था। इसके बाद भी उस का पता नहीं चल सका था। चार दिन बाद उस के घर से 400 मीटर दूर राम अभिलाख के गन्ने के खेत में शव मिला था। राम अभिलाख गन्ने की कटाई कर रहा था। तभी कुछ लोगो ने उस के शव को देखा था। शव मिलने की सूचना पर गांव के तमाम लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई थी। जिस की सूचना पुलिस को दी गई थी। मृतका शीला के शव की पहचान किया था। मृतका दो बहन थी। सब से बड़ी सीमा थी जिस की शादी हो चुकी है। वह अपने घर पर रहती थी। मृतका शीला और उस के पिता अशोक कुमार ही घर पर रहते थे। अशोक कुमार ने बताया कि उस का गांव में किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं है। अपने पुत्री की शादी की बात चीत रिश्तेदार के एक लड़के से करने की बात चीत चल रही थी। पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### दुकान में लगी आग, तीन लाख की संपत्ति नष्ट स्थानीय लोगों ने आग पर पाया काबू



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित चिलवरिया बाजार में गुरुवार देर रात एक दुकान में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना चिलवरिया रेलवे स्टेशन के पास स्थित गौरव गुप्ता की बजरंग मिष्ठान भंडार में हुई। गुरुवार देर रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना दुकान मालिक को दी, लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचते, आग ने विकराल रूप ले लिया था। दुकान मालिक गौरव गुप्ता ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे दो बड़े फ्रीजर, एक इन्वर्टर सहित लगभग तीन लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

### तालाब में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत घर के बाहर खेलने के दौरान हुआ हादसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम नकवा में बृहस्पतिवार को एक तीन वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। घटना के बाद से परिवार में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, ग्राम नकवा निवासी सुरेंद्र कुमार मौर्य की पुत्री पार्वती, जिसकी उम्र लगभग 3 वर्ष थी, बृहस्पतिवार शाम करीब 7:00 बजे अपने घर के बाहर खेल रही थी। खेलते हुए वह पास ही स्थित शोभाराम प्रधान के घर के पीछे बने तालाब के करीब पहुंच गई। माना जा रहा है कि खेलते समय अचानक पैर फिसलने या संतुलन बिगड़ने के कारण बच्ची गहरे तालाब में गिर गई। काफी देर तक पार्वती के आंगन में न दिखने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के बाद ग्रामीणों की नजर तालाब पर पड़ी। देर शाम तलाश के दौरान बच्ची का शव पानी में उतराता हुआ मिला। तत्काल बच्ची को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। बच्ची की मौत की खबर से परिजनों में गहरा शोक छा गया। घटना की सूचना मिलने पर हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी हाउस भेज दिया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है और मामले की जांच जारी है।

### अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक से हुआ पाइल्स का सफल ऑपरेशन, मेडिकल कॉलेज बहराइच की बड़ी उपलब्धि



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज बहराइच के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और अहम मुकाम हासिल किया है। चिकित्सकों की टीम ने लंबे समय से पाइल्स (बवासीर) की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 40 वर्षीय मरीज गोपीनाथ का अत्याधुनिक स्टेपलर तकनीक के जरिए सफल ऑपरेशन किया है। इस नई तकनीक के इस्तेमाल से जनपदवासियों को अब सर्जरी के लिए महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। सर्जरी करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता डॉ. राहुल अग्रवाल और डॉ. सैयद ने बताया कि मरीज ग्रेड 4 पाइल्स से ग्रसित था। इस स्थिति को देखते हुए आधुनिक स्टेपलर विधि को अपनाने का निर्णय लिया गया। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें शरीर के बाहर कोई भी चीरा या टांका नहीं लगता है। इससे मरीज को दर्द कम होता है, रिकवरी में बहुत कम समय लगता है और ऑपरेशन वाले दिन ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। इस सफल ऑपरेशन में डॉ. राहुल अग्रवाल के साथ डॉ. अमित, डॉ. बृजेश, डॉ. दिवाकर, डॉ शिवम् मदेशिया शामिल थे। एनीस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. आशीष एवं डॉ. हिले ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। ऑपरेशन के बाद मरीज गोपीनाथ के स्वास्थ्य में काफी तेजी से सुधार हो रहा है और वह इस नई तकनीक से हुए इलाज से संतुष्ट हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने सर्जरी विभाग और एनीस्थीसिया विभाग की इस संयुक्त कामयाबी पर पूरी टीम की सराहना की और जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### उतरौला के लाल का यूपीपीसीएस में चयन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) 2024 की परीक्षा में विकास खंड उतरौला के ग्राम जोगीवीर निवासी गुलाब सिंह ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है तथा बधाइयों का तांता लगा हुआ है। गुलाब सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में ही पूरी की। इसके बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी (गणित) की डिग्री हासिल की। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखी। यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त कर अपने लक्ष्य को हासिल किया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना पयागपुर व विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण

- थाने पर आने वाले सभी आगंतुकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण : विश्वजीत श्रीवास्तव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना पयागपुर एवं थाना विशेश्वरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों को विधिवत रजिस्टर में अंकित कर समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में थाना प्रभारी द्वारा स्वयं फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए।एसपी ने आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शिष्ट, संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने, उनके बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल को क्रमवार एवं वर्षवार सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए तथा रजिस्टरों के अद्यतन एवं सुव्यवस्थित संधारण पर विशेष बल दिया गया। मेस का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर, हवालात, बैरक एवं शौचालयों का निरीक्षण कर समुचित स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा संसाधनों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । एसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले सभी आगंतुकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका त्वरित एवं विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से मुख्यालय का रुख न करना पड़े। थाना परिसरों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की।

# सांसद ने बच्चों पर सोशल मीडिया दुष्प्रभाव का मुद्दा उठाया, सदन में की चर्चा

- सरकार से कड़े नियंत्रण और आयु सत्यापन प्रणाली की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बच्चों पर सोशल मीडिया के अनियंत्रित उपयोग से पड़ने वाले दुष्प्रभावों का मुद्दा उठाया।

उन्होंने सरकार से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को विनियमित करने और इस पर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे नागरिकों को कई सुविधाएं मिली हैं। हालांकि, इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है।

डिजिटल युग में सोशल मीडिया का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग, विशेष रूप से छोटे बच्चों के मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। डॉ. गोंड ने सदन को अवगत कराया कि कम उम्र के बच्चे सही-गलत का पूर्ण विवेक नहीं कर पाते।



इसके कारण वे भ्रामक सूचनाओं, डीपफेक कंटेंट, साइबर बुलिंग और अनुचित सामग्री के प्रभाव में आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि इससे बच्चों में चिंता, अवसाद, ध्यान की कमी, नींद की समस्या और आत्मविश्वास में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएं देखी जा रही हैं। सांसद ने उल्लेख किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों ने भी पुष्टि की है कि कम उम्र में सोशल मीडिया की लत बच्चों के समग्र विकास के लिए हानिकारक है।

उन्होंने बताया कि दुनिया के कई देश इस खतरे को समझते हुए ठोस कदम उठा रहे हैं, जैसे ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डॉ. आनंद कुमार ने केंद्र सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।

उन्होंने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग को विनियमित करने, प्रभावी आयु-सत्यापन (Age Verification) प्रणाली लागू करने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए सख्त दिशा-निर्देश बनाने की मांग की।

## हिस्ट्रीशीटरों, माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी ने दिखाई सख्ती**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस अधीक्षक श्रीवास्तव ने जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों और आगंतुकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनके शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।थाना प्रभारियों को आईजीआरएस, सीएम डैशबोर्ड, सीसीटीएनएस और सिटिजन सर्विसेज जैसे विभिन्न पोर्टलों का नियमित पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने और असंतुष्ट फीडबैक को कम करके जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, चोरी, नकबजनी और लूट जैसे अपराधों की सूचना मिलने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर अविलंब अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने फर्जी या कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों की जानकारी कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने विवेचकों को साइबर अपराधों की विवेचनाओं के संबंध में आवश्यक साइबर प्रशिक्षण प्राप्त करने का भी निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारियों को टॉप-10 हिस्ट्रीशीटरों और माफिया के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



## कार्यालयः ग्राम पंचायत-हरमंदिर खुर्द, विकास खण्ड फरेन्दा, जनपद-महराजगंज

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड फरेन्दा के ग्राम पंचायत हरमंदिर खुर्द द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन एवं VBG RAMJI अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मौरंग व इत्यादि वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाइप, सरिया, पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत------के निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेंगी। धरोहर राशि मु. 5000.00 (पांच हजार) रूपये होगी।

### नियम व शर्तें

1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2-आपूर्तिकर्ता का आयकर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता है। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेंस संलग्न अनिवार्य होगा।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाये वह वैट तथा अन्य कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
8-प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9-आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के प्रधान, सचिव, सदस्य, बी.डी.सी., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11-सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशीप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12-निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14-धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर. एवं एन.एस.सी./डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के साथ 7 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति ना करने की दशा में धरोहर राशि जप्त कर ली जाएगी।
16-निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 है पर ही स्वीकार किया जाएगा।
17-सामग्री आपूर्तिक के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शासकी आदेशों का नियंत्रण में रहना होगा।
18-आपूर्ति को अपने फर्म की चौहद्दी के साथ फोटोग्राफ व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनवार्य है। (जहां दुकान/गोदाम/ऑफिस समायित है)।
19-नवीनतम जी.एस.टी. रिटर्न का प्रपत्र संलग्न करें।
20-आपूर्तिकर्ता का हैसियत प्रमाण पत्र।

**ग्राम प्रधान-उर्मिला देवी**
**ग्राम पंचायत-हरमंदिर खुर्द**
**विकास खण्ड-फरेन्दा**
**जनपद-महराजगंज**

**सचिव-राणा प्रताप सिंह**
**ग्राम पंचायत-हरमंदिर खुर्द**
**विकास खण्ड-फरेन्दा**
**जनपद-महराजगंज**

## कार्यालयः ग्राम पंचायत-वारातगाड़ा, विकास खण्ड-फरेन्दा, जनपद-महराजगंज

**पत्रांकः मेमो/2025-26**

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड फरेन्दा के ग्राम पंचायत वारातगाड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/केन्द्रीय वित्त स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/एस.एल.डब्लू.एम./एस.बी.एम.जी. एवं योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृति तथा कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, सीमेन्ट, मौरंग, सरिया, साधारण बालू, पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाईल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का 2 हैंड पंप, मरम्मत में आने वाले पार्ट्स, निराश्रित पशु आश्रय स्थल, आरो प्लांट, ई-रिक्शा कचरा ढुलाई हेतु सफाई किट, फॉगिंग मशीन, टीन शेड, जंगला, बेंच, नल रिबोर, खडंजा, स्कूल से सम्बन्धित निर्माण, इंटरलॉकिंग रोड, नाली निर्माण, अमृत सरोवर, बाउंड्रीवाल, डब्लू.बी.एम. रोड, सी.सी. सड़क, आर.आर. सेंटर, हॉट बाजार, मॉडल शॉप, तार फेसिंग, पानी की टंकी, पंचायत भवन, शोक पिट, अपशिष्ट प्रबंधन से सम्बन्धित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 13.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत के निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। तथा समस्त औपचारिकतायें उसी दिन पूर्ण की जायेंगी। धरोहर राशि मूल्य 5000.00 (पांच हजार रूपये) होगी।

### नियम व शर्तें

1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है यह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेंस संलग्न अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाये वो वैट तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जायेगी।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत या ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
8-प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9-आपूर्तिकर्ता का आयकर देना अनिवार्य है।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बी.डी.सी., जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12-निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरांत किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14-धरोहर राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ.डी.आर. एवं एन.एस.सी./डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के साथ 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति ना करने की दशा में धरोहर राशि जप्त कर ली जाएगी।
16-निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 200 रुपये है पर स्वीकार किया जाएगा।
17-आपूर्तिकर्ता द्वारा समय से आपूर्ति न करने पर टेंडर को स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा, धरोहर धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
18-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-वारातगाड़ा**
**विकास खण्ड-फरेन्दा**
**जनपद-महराजगंज**

**ग्रा.वि.अ./सचिव**
**ग्राम पंचायत-वारातगाड़ा**
**विकास खण्ड-फरेन्दा**
**जनपद-महराजगंज**


# आयतुल्लाह अली खामेनाई को याद कर उतरौला में शोक सभा आयोजित, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को लेकर सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों में प्रसारित खबरों के बीच उतरौला क्षेत्र में ईमामबारगाह हाजी तुल्लन हुसैन साहब में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

शोक सभा में मौलाना फ़िदा हुसैन, मौलाना मुहम्मद अली तथा मौलाना ज़ायर अब्बास ने अपने-अपने वक्तव्यों में विश्व स्तर पर शिया समुदाय की धार्मिक और वैचारिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए आयतुल्लाह अली ख़ामेनाई के योगदान को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध शायर शुजा उतरौलवी ने किया। इस अवसर पर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने अपने संबोधन में कहा कि सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने वालों को कठिन परिस्थितियों में भी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने इसे इंसाफ और हक़ की लड़ाई का प्रतीक बताया। राजधानी लखनऊ से आए इस्लामिक स्कॉलर मौलाना हैदर अब्बास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक घटनाएं अक्सर समाज को नए दृष्टिकोण देती हैं। उन्होंने लोगों से संयम और एकता बनाए रखने की अपील की। मौलाना जमाल हैदर हल्लौरी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों पर दृढ़ रहते हैं, वे समाज में हमेशा प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। वहीं, ईरान के कुम से जुड़े मौलाना अली अब्बास खान ने अपने संबोधन में वैश्विक परिस्थितियों और उनके प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विश्व शांति, सौहार्द और मानवता की भलाई के लिए दुआ की। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। इस शोक सभा के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एकजुटता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की खबर को सत्यापित किए बिना उस पर विश्वास न करें और समाज में शांति बनाए रखें।

# पुलिस की सक्रियता रंग लाई, 24 घंटे में बच्चे को ढूंढ निकाला

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा ढाई वर्षीय बालक को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल 2026 की रात्रि में नगर में आयोजित श्री बालाजी महाराज महा भंडारा एवं रात्रि जागरण कार्यक्रम के दौरान एक 2.5 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्चे का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने तत्काल थाना कोतवाली उतरौला में इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मिशन शक्ति टीम को सक्रिय कर दिया। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सहारा लेते हुए बच्चे की जानकारी तेजी से प्रसारित की, साथ ही कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में सघन खोजबीन की गई। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस



टीम ने 24 घंटे के भीतर ही गुमशुदा बालक को कस्बे के बाहर एक चौराहे के पास से सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चे को पुलिस संरक्षण में लेकर सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंप दिया गया। अपने बच्चे को सकुशल वापस पाकर माता-पिता और परिजन भावुक हो उठे तथा उन्होंने उतरौला पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस सफलता ने आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

# भारतेन्दु नाट्य अकादमी के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे सीएम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भारतेन्दु नाट्य अकादमी भवन का निरीक्षण और मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। संस्कृति विभाग द्वारा जीर्णशीर्ण भवन का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कराया गया है। 5 अप्रैल को सीएम योगी आदित्यनाथ इसका लोकार्पण करेंगे। यह संस्कृति विभाग के अधीन प्रतिष्ठित नाट्य प्रशिक्षण संस्थान है। इसकी स्थापना 1975 में हुई थी।

अकादमी में अभिनय, रंगमंच और विभिन्न कलाओं में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चलाया जाता है। यहां से निकलने वाले छात्र भारतीय संस्कृति एवं नाटक की विभिन्न विधाओं का देश-विदेश में प्रदर्शन कर अपना तथा यूपी का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने अकादमी के प्रबंधकों से कहा कि इस भवन का उपयोग नवोदित प्रतिभाओं को निखारने में किया जाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने अकादमी के पूरे परिसर में कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों के निरीक्षण के उपरांत जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। कार्य मानक तथा गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाने चाहिए। साफ सफाई पर विशेष ध्यान एवं नाट्य विधा में प्रयोग होने वाले उपकरणों का रखरखाव और बेहतर किया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप कला, संस्कृति, गीत-संगीत, नाट्य को बढ़ावा देने के साथ कलाकारों का सम्मान कर रही है। भारत को विश्व गुरू कहा जाता था लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर तुष्टिकरण को बढ़ावा दिया परंतु आज केन्द्र में मोदी एवं प्रदेश में योगी सरकार सनातनी संस्कृति को आगे बढ़ा रही है। संस्थान में मौजूदा समय में 9 राज्यों के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। आज हिन्दी रंग-मंच दिवस है। यह दिवस आधुनिक रंगमंच के जनक कहे वाले भारतेन्दु हरिशचन्द के नाम पर मनाया जाता है। प्रशिक्षणरत छात्रों का आवाह्न किया कि यहां से नाटक की बारीकियां और इससे जुड़ी विधाएं उनके लिए एक पूंजी है। इस संस्थान को लोकप्रिय और बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। अकादमी के अध्यक्ष डॉ गिरि शंकर त्रिपाठी द्वारा रखी गयी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। इस मौके पर विशेष सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह, संस्कृति विभाग के अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में संस्थान के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**अकादमी से निकलने वाले छात्र देश व प्रदेश का विदेशों में भी रोशन करेंगे नाम : जयवीर**

### कुशीनगर कॉन्क्लेव, वैश्विक संगम से 3,000 करोड़ निवेश की संभावना

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुशीनगर में इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 का समापन बड़े स्तर पर भागीदारी और निवेश की मजबूत संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया। भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर इस कॉन्क्लेव में 2,300 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल हुए। इनमें 2,000 से ज्यादा भिक्षु, विद्वान, नीति-निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे, जबकि 300 से अधिक विदेशी मेहमान थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल जैसे देशों से पहुंचे। कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आईं। होटल और रिजॉर्ट बनाने वाली कंपनियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों ने कुशीनगर में निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यहां दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिल सकती है। बौद्ध पर्यटन को सिर्फ तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारोबार और सतत विकास से जोड़ा जाए। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर सुविधाओं और कनेक्टिविटी को भी यहां प्रमुखता से पेश किया गया, जिससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# आर्मी मेडिकल कोर की 262वीं वर्षगांठ मनाई, वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ में आज आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) की 262वीं वर्षगांठ एएमसी सेंटर और कॉलेज में उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस मौके पर कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने 'श्रद्धांजलि' युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई।

इस दौरान उन सैनिकों को याद किया गया, जिन्होंने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। समारोह के तहत कर्मचारियों, उनके परिवारों और बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और माहौल उत्साहपूर्ण रहा। एक विशेष सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि उच्च स्तर का प्रशिक्षण बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि शांति और युद्ध दोनों स्थितियों में सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का समापन एएमसी सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स मेस में आयोजित भव्य सामाजिक संध्या के साथ हुआ। इसमें वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व अधिकारी और उनके परिवार शामिल हुए और इस अवसर को यादगार बनाया।

## खबरें एक नजर में

### आज से पोल्ट्री एक्सपो 2026 का होगा आयोजन आधुनिक तकनीकों की मिलेगी जानकारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमती नगर स्थित गोमती रिवर फ्रंट, 1090 क्रॉसिंग पर आज से 6 अप्रैल तक पोल्ट्री एक्सपो 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन आज सुबह 11.00 बजे प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा किया जाएगा। इस एक्सपो का आयोजन तेजस्वी पब्लिकेशन, हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े बी बी शिव शंकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में पोल्ट्री उद्योग से जुड़े किसानों, उद्यमियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा, जहां उन्हें आधुनिक तकनीकों, उन्नत उपकरणों, प्रोसेसिंग, आहार उत्पादन और रोग नियंत्रण से संबंधित नई जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को सीधे संवाद और अपने सवालों के जवाब पाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया पोल्ट्री उद्योग आज देश में प्रोटीन का एक प्रमुख स्रोत बन चुका है और कृषि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यूपी में पिछले कुछ वर्षों में ब्रायलर उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, लेकिन अंडा उत्पादन और उन्नत फार्मिंग तकनीकों के क्षेत्र में अभी भी काफी संभावनाएं मौजूद हैं। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, उत्पादन बढ़ाना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने किसानों, व्यापारियों और इच्छुक लोगों से इस एक्सपो में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### तेज रफ्तार वाहन से किसान की मौत

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से किसान की मौत, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के सुरजवापुर गांव में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामप्रवेश उर्फ गुड्डू शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे रोज की तरह मेंथा की फसल के लिए खेत में पानी लगाने घर से निकले थे। जैसे ही वह लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे की जानकारी करीब दो घंटे बाद उस समय हुई, जब सुबह करीब 6 बजे ग्रामीण शौच के लिए जा रहे थे। सड़क किनारे शव पड़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी, 14 वर्षीय पुत्र रौनक और 12 वर्षीय पुत्री पलक को छोड़ गए हैं। अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाईवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### वेतन विवाद को लेकर कर्मियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 1076 से जुड़े कर्मचारियों का प्रदर्शन अब तेज हो गया है। साइबर टॉवर में हुए हंगामे के बाद कई कर्मचारी पुलिस कार्रवाई के डर से इधर–उधर छिपते नजर आए। बताया जा रहा है कि एक महिला कर्मचारी खुद को बचाते हुए कामता बस स्टैंड तक पहुंचे, जबकि अन्य कर्मचारी अलग–अलग जगहों पर छिपकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूसरे दिन प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने बसों में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया। कर्मचारियों का कहना था कि 15 हजार रुपए की सैलरी का वादा करके 7000–8000 रुपए दिए जा रहे हैं। सैलरी भी रोककर दी जा रही है। प्रदर्शन कर रही एक महिला कर्मी ने कहा कि पुलिस उनके साथ मारपीट कर रही है। प्रशासन ने उनकी मांगों को पूरा करने के लिए 10 घंटे का समय दिया था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। करीब 50 से ज्यादा कर्मचारी अब भी विरोध में डटे हुए हैं और प्रशासन पर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 10 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, बल्कि पुलिस कार्रवाई का दबाव बनाया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का साफकहना है कि अगर उनकी भर्ती ₹15,000 वेतन पर की गई थी, तो उन्हें आधी सैलरी क्यों दी जा रही है। उनका आरोप है कि न सिर्फ वेतन कम दिया जा रहा है, बल्कि भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा। 60 दिन बाद भी पूरी सैलरी नहीं दी गई और कई महीनों का भुगतान अब भी बकाया है।

### गुड फ्राइडे पर यीशु मसीह के बलिदान को किया याद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के अलीगंज स्थित असेंबली ऑफबिलीवर्स चर्च शाखा में गुड फ्राइडे की विशेष आराधना आयोजित की गई। चंदगंज में हुई इस आराधना में करीब 120 लोग शामिल हुए। माहौल पूरी तरह श्रद्धा और भक्ति से भरा रहा। आराधना की शुरुआत अंकुर के गीत लकड़ी पे लटका नासरी देने को जिंदगी से हुई। इस गीत ने मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए नम आंखों से प्रार्थना की। इसके बाद जो क्रूस पे जाती है वो मेरी राह है और जो क्रूस पे कुर्बान है वो मेरा मसीहा है जैसे भजनों की प्रस्तुति हुई, जिनका नेतृत्व भाई रोहित, बहन स्नेहा, प्रिया और अंजलि ने किया। शुरुआती प्रार्थना भाई उपेंद्र ने कराई, जबकि बहन जया, अर्पण और शशांक ने विशेष गीत प्रस्तुत किए। आराधना के दौरान पादरी मॉरिस कुमार ने यीशु मसीह के सलीब से कहे गए सात वचनों का विस्तार से वर्णन किया। इन वचनों को सात अलग–अलग लोगों ने प्रस्तुत किया, जिससे संदेश और भी प्रभावशाली बना।कार्यक्रम में बहन वर्तिका के निर्देशन में लघुनाटिका का मंजर का मंचन किया गया, जिसने लोगों को यीशु की पीड़ा का एहसास कराया। वहीं, चर्च के बच्चों की क्रूस पर आधारित कोरियोग्राफी ने सभी को भावुक कर दिया। पादरी उपेंद्र, पादरी राहुल, पादरी ऋषभ, भाई ऑसविन, वर्तिका और नेहा ने बाइबिल से वचन साझा किए। अंत में भाई रोहित ने बीमार लोगों के लिए विशेष प्रार्थना कराई।

# राहुल गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत उनकी इस ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी।

गांधी द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। केशव मौर्य ने सोशल मीडिया पर कहा कि असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर राहुल गांधी ने साबित कर दिया है कि उनका सांसद के तौर पर पांच बार और एक बार लोकसभा में विपक्ष के नेता का अनुभव कुंठा से लबालब है। उन्होंने कहा कि आम आदमी की तो छोड़िए, गांधी संवैधानिक पद पर बैठे किसी जिम्मेदार व्यक्ति को भी किसी क्षण अपमानित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे यह नहीं जानते कि हिमंता बिस्वा सरमा पर उनकी ओछी टिप्पणी समूचे उत्तर-पूर्वी राज्यों का अपमान है।

राहुल गांधी को अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भाजपा की जीत उनकी ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी। गौरतलब है कि एक दिन पहले बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सरमा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे।

### छत्रपति शिवाजी आज भी प्रेरणास्रोत



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग पर 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के महानायक थे, जिन्होंने अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्रभक्ति के बल पर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया। शिवाजी महाराज का जीवन हमें राष्ट्रहित, स्वाभिमान, कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। शिवाजी महाराज आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उनका त्याग, पराक्रम और दूरदर्शिता आज भी प्रासंगिक है और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सीएम की नारजगी गौतमपल्ली थाने को पड़ी भारी थाना प्रभारी समेत पूरा स्टाफ लाइन हाजिर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




मुख्यमंत्री योगी की नाराजगी के बाद राजधानी लखनऊ के संवेदनशील इलाके गौतमपल्ली थाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार सिंह समेत सभी दारोगा, सिपाही व अन्य स्टाफको लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस लाइन से विपिन सिंह को थाने का नया इंचार्ज बनाया गया है।

पुलिस ने दो लोगों को फ्रॉड के आरोप में पकड़ा था। आरोप है कि इन दोनों को थाने में रातभर टॉर्चर किया गया और अगली सुबह उनसे 2.5 लाख रुपये अवैध रूप से अधिक वसूल लिए गए। इसके बाद दोनों को छोड़ दिया गया। शियकायत के बाद एसीपी हजरतगंज ने मामले की जांच की। जांच में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पूरा मामला खुल गया। जिसके बाद थाने का पूरा स्टाफलाइन हाजिर कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास के ठीक बगल वाले थाने में इस तरह की वसूली और यातना की घटना सामने आने पर सीएम योगी आदित्यनाथ बेहद नाराज हो गए। उन्होंने साफ संकेत दिया कि पुलिस की छवि खराब करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा की गई है। फिलहाल नए स्टाफकी तैनाती की जा रही है।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने कोतवाली का निरीक्षण कर दिये दिशा-निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन प्रवीण कुमार द्वारा 9 वर्टिकल पायलट प्रोजेक्ट के तहत थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

प्रवीण कुमार ने थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण किया। यह प्रोजेक्ट ऑफिस मैनेजमेंट, साइबर पुलिसिंग, क्राइम मॉनिटरिंग, महिला सुरक्षा (मिशन शक्ति), ट्रैफिक और बीट ड्यूटी आदि क्षेत्रों को डिजिटल तरीके से सुव्यवस्थित करेगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी रामकिशुन राणा, क्षेत्राधिकारी विजय शंकर यादव तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 780 करोड़ से अधिक राजस्व की हुई प्राप्ति : माला श्रीवास्तव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



माला श्रीवास्तव, सचिव एवं निदेशक, भूतत्त्व एवं खनिकर्म विभाग उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व प्राप्ति के प्रत्येक आयामों की गहनतापूर्वक समीक्षा करते हुए माह के निर्धारित लक्ष्य 600 करोड़ के सापेक्ष 780 करोड से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है । वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्ति गत वर्ष से भी अधिक है ।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में वित्त विभाग द्वारा 7150 करोड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सम्बन्ध में 02 अप्रैल 2026 को समस्त जनपदीय/ क्षेत्रीय अधिकारियो के साथ शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति, कार्य योजना/ रणनीति, जन सामान्य को उपखनिज की उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।

समस्त जनपदीय / क्षेत्रीय अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिग पर सोर्स प्वाइंट पर ही अकुंश लगाया जाये चेक गेट के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएँ। अवैध परिवहन/ओवरलोडिग पर पूर्ण अंकुश के उद्देश्य से लागू वाहन ट्रैकिंग प्रणाली अंतर्गत प्रदेश में 40,000 से अधिक वाहनों पर वाहन स्थान ट्रैकिंग उपकरण स्थापित करवाए जा चुके हैं, जिसके माध्यम से उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की लाइव ट्रैकिंग/मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है।

माला श्रीवास्तव, द्वारा अवगत कराया गया कि फोटो भूविज्ञान और रिमोट सेंसिंग (PGRS) प्रयोगशाला के माध्यम से, सैटेलाइट इमेजरी का प्रयोग करते हुरे नये खनन क्षेत्रों का चिन्हांकन व संचालित क्षेत्रों की सतत निगरानी की जा रही है। प्रदेश में शून्य सहिष्णुता की नीति के अन्तर्गत, अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवर लोडिग के प्रकरणों में नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। सुदृढ़ निगरानी, प्रभावी अनुश्रवण से विभाग द्वारा रिकॉर्ड राजस्व प्राप्ति दर्ज की गयी है।

# रामचरित मानस पाठ के साथ आयोजित हुये भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के इस्माइलपुर मजरे भटगवा गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में दो दिवसीय रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। भावी प्रधान प्रत्याशी हरिश्चंद्र रावत के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम के समापन पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का भी सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। श्रद्धालु भजनों का रसास्वादन करते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति/जनजाति अध्यक्ष बैजनाथ रावत के पुत्र बृजेश रावत, भाजपा विधायक दिनेश रावत के भाई विमलेश रावत, पत्रकार नृपेंद्र तिवारी, रामानंद कन्नौजिया , इदरीश ,एडवोकेट सुरेंद्र प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, भल्ला रावत, रामबरन रावत, मंगल रावत, सुरेश, नवीन, विनोद कुमार, सरोज गुप्ता और पूर्व प्रधान केशव राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### एमपी कमाने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बूढ़े माँ बाप एव परिवार की परवरिश के लिए मध्य प्रदेश कमाने गये युवक का संदिग्ध परिस्थितियो मे शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना पर घर परिवार एव गाँव मे कोहराम मच गया।परिजनो ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पूर्व प्रधान का पुत्र है जो मध्य प्रदेश मे एक रेलवे ठेकेदार के साथ काम करता था। बताते चले कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पूर्व प्रधान जगदीश यादव का 31 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार बीते एक वर्ष से एक रेलवे ठेकेदार के साथ कटनी मध्य प्रदेश में काम करता था।गत 31 मार्च को चित्रकूट एक्सप्रेस से घर के लिए निकले युवक की अंतिम बार रात्रि करीब 10 बजे परिजनों से मोबाइल पर बात हुई।उस समय अरुण बहुत घबराया हुआ था और अंतिम बार यही कहाकि मेरा किसी ने वीडियो बना लिया है तथा मेरी जान का खतरा है।इसके बाद से अरुण कुमार का मोबाइल स्विच ऑफ़ हो गया।परिजनो ने तमाम बार प्रयास किया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ़ मिला। किसी अनहोनी घटना को लेकर चिंतित परिजनों ने रेलवे ठेकेदार से जानकारी ली तो ठेकेदार ने बताया कि अरुण कुमार को चित्रकूट एक्सप्रेस मे बिठा दिया गया था जो घर आ रहा है।कटनी रेलवे स्टेशन से लखनऊ जंक्शन तक चित्रकूट एक्सप्रेस को पहुंचने मे 11 घंटा 20 का समय लगता है।रात्रि 10 बजे से कटनी रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस रवाना होती है जो सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर पहुंच जाती है।अब सोचने वाली यह बात है कि कटनी रेलवे से चला अरुण कुमार क्या लखनऊ रेलवे स्टेशन तक आया कि नहीं आया।क्योकि अरुण कुमार के मोबाइल की अंतिम लोकेशन गुरुवार की सुबह 8 बजे तक सक्रिय रहा और उसी दिन अरुण कुमार का शव जहां से चला था उसी रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक पर पड़ा मिला।जो मामले को कही न कही सोचने को मजबूर कर दे रही है।घटना के बाद से परिजनो मे हाहाकार मचा हुआ है।पत्नी दो बच्चों सहित बूढ़े माँ बाप का रो रिकर बुरा हाल है।परिजन शव को लेने के लिए कटनी मध्य प्रदेश गये हुए है।

# पूर्व मंत्री गोप का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने महोत्सव के रूप में मनाया



**गोप को बधाई देने के लिए दिन भर लगा रहा ताता**

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के जन्म दिवस पर जिले में सपा कार्यकर्ताओं ने महोत्सव का रूप में हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। जनपद की विभिन्न विधानसभाओं एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से गोप के सिविल लाइन आवास पर पधारे पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी शुभचिंतकों साथियों सहित विभिन्न पार्टियों के नेता जनपद के गणमान्य डॉक्टर अधिवक्ता व्यापारियों सहित हजारों लोगों ने श्री गोप को माला फूल अंग वस्त्र गुलदस्ता प्रतीक चिन्ह भेंट कर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

गोप ने आवास पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करने आए सभी साथी मित्रों दोस्तों व्यापारियों अधिवक्ता डॉक्टर बधुवो प्रदेश पदाधिकारियों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामसागर रावत, पीएल पुनिया, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, ज्ञान सिंह यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ,पूर्व विधायक राम मगन रावत, रामगोपाल रावत, सरवर अली खां, पंडित रामचंद्र मिश्रा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने माला फूल वेंट कर गोप जी को जन्मदिन की बधाई इसी क्रम में सामाजिक संस्था सिटीजन फोरम आफ बाराबंकी के द्वारा सफेदाबाद ग्राम भुहेरा स्थित वृद्धा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप जी ने उपस्थित होकर माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों के साथ के काटकर सबको केक खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सभी वृद्ध जनों में साड़ी और साल वितरित कर मुंह मीठा कराते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया इसी क्रम में गांधी भवन में गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के संरक्षक पंडित राजनाथ शर्मा जी द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में गोप जी ने उपस्थित होकर सभी का आभार व्यक्त किया। शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।




थाना सतरिख पुलिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 5200 रुपये नगद और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सतरिख पुलिस टीम ने 'यक्ष ऐप' की मदद से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार, मुकदमा संख्या 135/2026 धारा 305 ए/317(4) बीएनएस के तहत प्रकाश में आए अभियुक्त रामू गौतम पुत्र राम कुंवारे निवासी ग्राम रसूलपुर आलमपुर, थाना सतरिख को झबरा ताल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना सतरिख का हिस्ट्रीशीटर (एचएस नंबर 44ए) है और पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 5200 रुपये नकद, 8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन (जिनमें 2 मोबाइल ग्राम मजीठा स्थित खाटू श्याम मंदिर से तथा 6 मोबाइल अर्जुनगंज, लखनऊ से चोरी किए गए थे) और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।पूछताछ के दौरान आरोपी ने थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम मजीठा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर और जनपद लखनऊ में की गई चोरी की घटनाओं को स्वीकार कर लिया है।घटना के खुलासे में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ने अहम भूमिका निभाई।पुलिस टीम ने फुटेज का गहन विश्लेषण कर संदिग्ध के चेहरे की पहचान 'यक्ष ऐप' के जरिए की, जिससे आरोपी की पहचान और उसकी संलिप्तता तत्काल प्रमाणित हो गई।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।वही स्थानीय लोगो ने पुलिस की इस सफलता की सराहना की है।

# वर्षा कम्प्यूटर क्लासेज की पहल शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक

रामसनेहीघाट (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज़।

शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल, कमजोर और दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं भिटरिया स्थित वर्षा ग्रुप ऑफ कम्प्यूटर क्लासेज के प्रबंधक रामसरन मोर्या द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल की जा रही है। उनका प्रयास विशेष रूप से गरीब, कमजोर एवं दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में सराहनीय माना जा रहा है।

रामसरन मोर्या ने बताया कि वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ा है। ऐसे में बच्चों के समग्र विकास के लिए सामान्य शिक्षा के साथ-साथ कम्प्यूटर ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। संस्थान की ओर से अनाथ एवं माता-पिता विहीन छात्र-छात्राओं के लिए 100 प्रतिशत शुल्क माफी की व्यवस्था की गई है, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी शिक्षा जारी रख सकें। वहीं, दिव्यांग (विकलांग) छात्रों को 50 प्रतिशत शुल्क में छूट देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल के तहत एक निश्चित समय सीमा भी तय की गई है, जिसके भीतर इच्छुक छात्र-छात्राएं इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह प्रयास समाज के हर वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने और सभी को समान अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संस्थान का संदेश स्पष्ट है– शिक्षा सबके लिए, अवसर सबके लिए। इच्छुक छात्र-छात्राएं इस अवसर का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा सकते हैं।

# बाइक से हुई दुर्घटना में युवक की मौत

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बृहस्पतिवार सांय करीब सात बजे फर्रुखाबाद रोड पर मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद के निकट मोटर साइकिलों में आमने सामने हुई टक्कर में हरदोई जिले के पाली नगर पंचायत के 22 वर्षीय अमन कुशवाहा के रोड पर गिरते ही किसी भारी वाहन के आ जाने से कुचलकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि पुलिस ने दूसरी बाइक रोड के नीचे से बरामद की है। इस बाइक पर कारचोबी के माल से लदा थैला बंधा था। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम हीरानगर बैरगापुर निवासी मृतक के मामा रामरहीस ने बताया कि मृतक अमन कुशवाहा पुत्र महेश कुशवाहा उसका भांजा था। वह हरदोई जिले की नगर पंचायत पाली का निवासी था। उसने लगभग 15 दिन पहले अपनी बेटी की शादी अपने इसी भांजे अमन के साथ तय की थी। तिलक की रस्म में यही पल्सर बाइक दहेज में दी थी। बृहस्पतिवार को अमन घर से दहेज की बाइक लेकर जरियनपुर बाजार गया था। बाजार से वापस लौटते समय हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अमन की बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे अमन बाइक सहित रोड पर गिर गया। इसी बीच पीछे से आए बड़े वाहन ने अमन को कुचल दिया। जबकि टक्कर मारने वाली बाइक और उस पर सवार दो लोग दूसरी तरफ रोड के किनारे जा गिरे। जो बाइक मौके पर छोड़कर भाग गए। मृतक के मामा रामरहीस ने बताया कि मृतक अमन चार भाइयों में सबसे बड़ा था। जबकि अनुज,आशू,गौरव छोटे थे। सड़क हादसे में घर के सबसे बड़े बेटे की मौत से मृतक के पिता महेश, मां लड़ैती तथा भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अमन के नाना जयसिंह और नानी व मामी घटना के बाद से गहरे सदमे में हैं।

### अलग-अलग सड़क हादसे में नौ लोग घायल, तीन को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में ई-रिक्शा सवार सहित नौ लोग घायल हो गए । घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां से तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरुवार शाम रजवारी गांव के कुछ लोग ई रिक्शा द्वारा कपसेड़ा में श्री बाबा जानकी महाराज मेला देखने जा रहे थे। रास्ते में हाईवे पर राजकीय महाविद्यालय के सामने एक बाइक सवार को बचाने में ई-रिक्शा हाईवे पर पलट जाने पर चीख पुकार मच गई। हादसे में घायल गांव के हर्ष कुमार, विजय, विजय की पत्नी सोमवती, पुत्री रूबी, गोविंद कुमार, गोविंद का पुत्र हृदेश एवं पुत्री मोनिका तथा अज्ञात ई रिक्शा चालक घायल हो गए। डॉक्टर ने हर्ष व रूबी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर सुल्तानपुर जिले के हिमांशु कुमार ने बताया कि वह तिलहर की मधुबन कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। वह धीमर गौटिया प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। गुरुवार शाम हाईवे से वह बाइक से घर आ रहे थे । तभी रास्ते में कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गुंडई नहीं चलेगी जनपद में: एसपी

▸ अपराधियों पर की जाएगी कठोर कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा जनपद में गुंडई नही चलेगी। गुंडई करने वाले सलाखों के अंदर होंगे। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को और बेहतर करने का काम किया जाएगा। अवैध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेंगी। पुलिस गश्त को ओर बेहतर करने का काम किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी। कोई भी फरियादी बार-बार अधिकारियों के चक्कर नही लगाएगा। महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। गली-मोहल्ले में घूमने वाले खुरापातियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मीडिया से भी सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कहीं पर अवैध गतिविधि हो रही है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, तत्काल कार्रवाई कराई जाएगी। इसके बाद श्री दीक्षित ने कहा अपराधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाएगा, ऐसा नही होगा कि एक समस्या के लिए पीड़ित को बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़े। उन्होंने कहा अपराध पर अकुंश लगाने का काम किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में



### हनुमान जन्मोत्सव की धूम, डॉ. केपी गुप्ता ने कराया भंडारा

**जलालाबाद,शाहजहांपुर।** संकटमोचन हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति की बयार बही। शुक्रवार को नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित श्री गौरी शंकर त्रिवेदी मंदिर परिसर में सुप्रसिद्ध सर्जन व समाजसेवी डॉ. कामता प्रसाद गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। भंडारे का शुभारंभ श्री परशुराम मंदिर के महंत श्री सत्यदेव पांडेय ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ किया। इससे पूर्व समाजसेवी डॉ. केपी गुप्ता ने बजरंगबली की विशेष पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर डॉ. कामता प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हनुमान जी सेवा और समर्पण के आदर्श हैं। नर-सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव के साथ इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से समाज को एकजुट करने का प्रयास किया गया है। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं व कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान अनिल पाठक एडवोकेट, पिंकू वर्मा, सत्यम कुशवाहा, आसमा वर्मा, गौरी शंकर त्रिवेदी, विनोद राजपूत, अंकित दीक्षित, अनिल कुशवाहा, सुरेंद्र प्रधान, डॉक्टर नवी अहमद, पूनम पाण्डेय, फूलबाबू समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। 'जय श्री राम' के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव भटपुरा चंदू निवासी रामू पुत्र कठेल ने गांव के ही किशनपाल, जागेश्वर, असलेंद्र, सहदेव व गोविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 25 मार्च को इन लोगों ने शराब पीकर घर के बाहर दरबाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे जब हमने गाली देने का विरोध किया तो उन लोगों ने एक राय होकर लात, घूंसों लाठी डंडों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मुझे बचाने आये मेरे पिता कठेल को भी जमकर मारापीटा। जिस कारण उनके दाहिने हाथ व सिर में चोटे आई जब में कोतवाली आया तो पुलिस ने मेडिकल कराया जिसके बाद चोटें गम्भीर होने के कारण डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। एक्सरे से पता चला कि पिता का दाहिना हाथ टूटा है। इलाज कराने के बाद रामू ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### घर का ताला तोड़कर लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के मोहल्ला इंद्रानगर नक्शाबाजार में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित प्रमोद कुमार सक्सेना के अनुसार वह अपने परिवार के साथ घर में ताला डालकर अपने ससुराल गए हुए थे उनके पीछे मौका पाकर बीती रात अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और लाखों का सामान समेट ले गए। बताया गया कि तीन अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे जब वह घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे और कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो पांच पेंडल वाले हार, दो जोड़ी पायल, एक कमरपेटी, जमीन से जुड़े कागजात, करीब दो लाख दस हजार रुपये नकद समेत कई जरूरी दस्तावेज गायब थे। चोर एटीएम कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड तक उठा ले गए, जिससे पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त नाकाफी है। पीड़ित ने थाना खुटार में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से चोरों तक पहुंच पाती है।

### भागवत कथा के लिए दिया निमंत्रण



**कांट,शाहजहांपुर।** पल्हौरा गांव में शनिवार से शुरू हो रही भागवत कथा के लिये जनसंपर्क किया। आयोजकों ने आस पास के गांवों में घर घर जाकर निमंत्रण बांटे। आयोजक विशोक मिश्रा ने बताया कि शनिवार को कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसके बाद पंडित आशीष वाजपेई के मुखार बिंदु से श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जायेगी। इस दौरान रमेश मिश्रा,विकास मिश्रा,सूरज मिश्र,आकाश मिश्रा एवं शोभित मिश्रा मौजूद रहे।

# समाजसेवी इंजी. रितेश कुमार बने भाजपा महानगर मंत्री, समर्थकों में हर्ष की लहर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवी एवं एसएसवी स्कूल के प्रबंधक इंजी रितेश कुमार को भाजपा महानगर मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है । उनके मनोनयन पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। तिलहर से सटे गांव डभौरा/साउथ सिटी निवासी इंजी रितेश कुमार लंबे समय से सामाजिक कार्यों और भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय रहे हैं । और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एक मजबूत पहचान बनाई है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी कार्यशैली, सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर स्थानीय लोगों, समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाइयां दीं। कई जगहों पर मिठाइयां बांटी गईं और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर रितेश कुमार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति देंगे।

# मेधावी बच्चों को प्रधान ने बांटीं साइकिलें

▸ भटपरु रसूलपुर के सविलियन विधायल में परीक्षा फल वितरित

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के संविलियन विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को उनके रिजल्ट कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता द्वारा उपहार स्वरूप नई चमचमाती साइकिल देकर सम्मानित किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने ग्राम प्रधान के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक कुल 257 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें 125 छात्र और 132 छात्राएं शामिल हैं। इस वर्ष की परीक्षा में तीनों टॉपर छात्राएं ही रहीं। कक्षा 7 की महक सिंह ने प्रथम स्थान, कक्षा 6 की निधि ने द्वितीय स्थान और कक्षा 8 की कोमल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने विद्यालय और ग्राम पंचायत की सराहना करते हुए कहा कि यह गांव वास्तव में एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है। यहां शिक्षा, स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य प्रेरणादायक हैं। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने कहा कि उनकी ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय, जेपी पब्लिक स्कूल और संविलियन विद्यालय सहित तीन शिक्षण संस्थान संचालित हैं, जो क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि गांव के बच्चे शिक्षा के माध्यम से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ने सभी अतिथियों का बैच और बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, जिला स्काउट मास्टर दीपेंद्र कौर, शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं अन्य शिक्षकगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बड़ागांव के दक्ष सक्सेना बने असिस्टेंट लोको पायलट

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम बड़ागांव निवासी दक्ष सक्सेना रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर नियुक्त किए गए। जिसके बाद उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इनके पिता ने बताया कि जब इरादे मजबूत होते है तो सभी कार्य सम्भव है। बेटे दक्ष का सरकारी नौकरी लेने का अटूट इरादा था जो आज उसने कर दिखाया। पुवायां तहसील के गांव बड़ागांव के निवासी अशोक कुमार सक्सेना के बेटे दक्ष सक्सेना का नार्थ सेंट्रल रेलवे जोन में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर चयन किया गया। दक्ष ने हाईस्कूल की पढ़ाई पंचायत राज इंटर कालेज में की, इंटरमीडिएट की शिक्षा पुवायां इंटर कालेज में ली बाद में दक्ष ने गोवर्नमेंट पॉलीटेक्निक शाहजहांपुर में मेकैनिकल में डिप्लोमा किया। बेटे की पोस्टिंग की खबर सुनकर उनके माता उमादेवी पिता अशोक कुमार की आँखों मे खुशी के आंसू आ गए। उमादेवी में बताया कि बेटे ने यह ठान लिया था कि उसे सरकारी लेनी है ओर उसने वह कर दिखाया। पिता अशोक कुमार का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण उसकी पढ़ाई में काफी अड़चन आई। लेकिन बेटे की जिद के आगे हमने हार मान ली ओर उसकी पढ़ाई में उसकी हर सम्भव मदद की। बेटे ने भी अपनी काबिलियत से यह मुकाम हासिल किया। दक्ष सक्सेना ने पूरा श्रेय अपनी माता पिता का आध्यपको को दिया।

**किराने की दुकान से रेलवे तक का सफर:** दक्ष सक्सेना के पिता का गांव में एक छोटी किराने की दुकान खोल ली थी क्योंकि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक थी। इसलिए दक्ष भी परिवार की परिस्थितियों को समझते हुए पढ़ाई के साथ साथ कई छोटे मोटे काम करके घर की आर्थिक स्थिति में मदद करता था। जैसे त्यौहारों के समय पटाखे, राखी, होली पर रंग बेचकर अपने परिवार की मदद करता था लेकिन आज उसकी मेहनत रंग लाई उसी मेहनत से परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# पीसीएस बनीं इला सिंह का किया गया स्वागत

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कौन कहता कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो। यह पंक्तियां हिन्दी प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार जी की हैं इन पंक्तियों को निगोही ब्लाक के गांव खिरिया पश्चिमी के सत्येंद्र पाल सिंह चौहान की पुत्री इला सिंह चौहान ने पीसीएस अधिकारी बन कर सिद्ध कर दिखाई। इला चौहान का कहना कि दृढ़ संकल्प, लगन पक्की हो हर असंभव कार्य संभवव किया जा सकता है यही उन्होंने पी सी एस की परीक्षा पास कर रचा इतिहास, ब्लॉक निगोही के गांव खिरिया पश्चिम में खुशी की लहर उस समय दौड़ पड़ी जब एक बेटी ने पीसीएस अधिकारी बनने की परीक्षा पास की गांव में खुशी का ठिकाना नहीं रहा इला चौहान ने कहा कि कोई भी कार्य आसंभव नहीं है बह संभव हो सकता है अगर दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत पक्का इरादा हो तो। हर कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। खिरिया की इला चौहान ने उनकी कड़ी मेहनत से क्षेत्र ,गांव ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। बधाई देने बालों तिलहर क्षेत्र विधायक सलोना कुशवाहा जी हार्दिक बधाई दी उज्जवा भविष्य की कामना की। इस शुभ अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय पाल सिंह चौहान सफौरा ने इला चौहान को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राज दरबार देकर आशीर्वाद दिया। यह एक नई पहल की इस अवसर पर ग्राम प्रधानपति बड़े भाई सेठ पाल सिंह (एडवोकेट) के साथ परिजन व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बाइकर गैंग के तीन आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की छह बाइकें बरामद

▸ पकड़े गए तीनों आरोपी कटरा थाना क्षेत्र के

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तड़के सुबह बाइकर गैंग के तीन आरोपियों को धर दबोचा । पुलिस ने तीनों की निशानदेही पर चोरी गई छह बाईकें बरामद की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया ।

बता दें कि नगर की मधुवन कॉलोनी निवासी राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी पुत्र रामसरन द्विवेदी ने 18 जून 2025 की रात करीब पौने दस बजे अपनी मोटर साईकिल हीरो स्पीलेण्डर प्लस यूपी 27 ए जेड 4205 स्टेशन रोड स्थित वाला जी बैंकेट हाल के सामने से चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । तभी से पुलिस बाइक चोरी करने बालों की तलाश में जुट गई थी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे चोरी गयी छह बाईकों के साथ कोतवाली क्षेत्र में जैतीपुर तिराहे से नहर वाले रास्ते के समीप से बाइकर गैंग के तीन आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए लोगों में कटरा थाना क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी रामलखन उर्फ नन्हे पुत्र हेतराम व अवनीश पुत्र रामकिशोर, इसी थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी इमरान खां पुत्र वहीद खां शामिल हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि उक्त तीनों के कब्जे से हीरो एच.एफ. डीलक्स काला रंग की यूपी 25 ईएस 7948, हीरो एच.एफ. डीलक्स काला रंग यूपी 27 सीडी 1001, हीरो एच.एफ. डीलक्स काला रंग यूपी 27 एएस 0304, हीरो स्पलण्डर प्लस काले रंग की यूपी 27 एबी 6265, काले रंग, हीरो स्पलण्डर प्लस काला रंग यूपी 27 एएम 0813 तथा हीरो स्पलेण्डर काला रंग यूपी 27 ए जी 1444 बरामद हुई हैं। बाइकर गैंग पकड़ने बाली टीम में कोतवाल जुगुल किशोर पाल, एसआई नितिन कुमार, एसआई मोहम्मद मारूफ, हेड कांस्टेबिल रामनरेश, भारतमणि, कांस्टेबिल शरद यादव शामिल रहे।

# पुवायां में जिला केमिस्ट एसोसिएशन की नगर इकाई का गठन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला केमिस्ट एसोसिएशन की नगर इकाई का गठन समारोह किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष संचित सिंह सहित नगर के कई प्रमुख केमिस्ट, दवा विक्रेता एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से अनुज मिश्रा को अध्यक्ष, रोहित वैश्य को महामंत्री एवं नितिन मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित महामंत्री रोहित वैश्य ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन केमिस्टों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



उन्होंने कहा कि सरकार एवं संबंधित विभागों के सहयोग से आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में, केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में विनायक अग्रवाल के भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उनका स्वागत किया गया तथा उन्होंने दवा व्यापारियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए संगठन की एकता एवं विकास पर जोर दिया। बैठक में नगर के कई प्रमुख केमिस्ट एवं दवा विक्रेता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में पवन मिश्रा आदर्श मेडिकल, पंकज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, अमिन शुक्ला, नाजिम मंसूरी, नितिन मिश्रा, संजीव मिश्रा, हर्षित सक्सेना, मोवीन अहमद, सृजन गुप्ता, जितेंद्र पाल, पूनम पांडेय, मुस्तकीम इदरीसी, विवेक शर्मा, विवेक सिंह, सर्वजीत सिंह, शिवम गुप्ता, अभिनव रस्तोगी, रहमादीन, अतुल पांडेय, शिवम मिश्रा, कल्याण सिंह, रजा शाह अंजर, रिजवान, सुनील एवं नदीम आदि शामिल रहे।

# डायमण्ड टाइटंस रोज़ा ने 111 रनों के बड़े अन्तर से मैच जीता

▸ अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच एवं अटेवा प्रीमियर लीग कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अटेवा प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार 03 अप्रैल 2026 में नाक आउट दौर के 4 मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच सुबह 08:00 बजे डायमण्ड टाइटंस रोज़ा तथा के वी वॉरियर्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमण्ड टाइटंस रोज़ा ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 223 रनो का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में उतरी के वी वारियर्स ने खेलते हुए बड़े स्कोर के दबाव में निरंतर विकेट खोते हुए 14.2ओवर में 112 रन बनाकर इस प्रकार डायमण्ड टाइटंस रोज़ा ने 111 रनों के बड़े अन्तर से मैच जीत लिया इस मैच में मैन ऑफ द मैच मानिक सिरोही रहे जिन्होंने 69 रन की शानदार पारी खेली एवं 2महत्वपूर्ण विकेट लिया। दिन का दूसरा मैच 11:00 प्रारंभ हुआ जो की लेखपाल वॉरियर्स तथा रायल चैलेंजर्स कलान के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए लेखपाल वॉरियर्स ने अपने निर्धारित 15 ओवर में 154 रन 9 विकेट खोकर बनाएं जवाब में उतरी रायल चैलेंजर्स कलान की धीमी शुरुआत रही और लगातार विकेट गिरते रहे फलस्वरूप 15 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 132 रन ही बना सकी इस तरह लेखपाल वॉरियर्स रोजा 22 रन से विजयी रही, विजयी टीम के सूरज कुमार मैन ऑफ मैच रहे जिन्होंने शानदार 44 रनघ् बनाए तथा 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। दिन का तीसरा नाकआउट मैच 01:00 बजे शाहजहांपुर मास्टर्स तथा यू पी जलनिगम युनाइटेड शाहजहांपुर के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए शाहजहांपुर मास्टर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 152 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं जवाब में यू पी जलनिगम युनाइटेड शाहजहांपुर की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को 12.3 ओवर मे 3 विकेट खोकर अपने लक्ष्य (154/3) को प्राप्त किया और यह मैंच 7 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच अनुराग शुक्ला रहे जिन्होंने 49 रन मात्र 19 गेंद पर बनाए और 2 विकेट भी लिए। दिन का चौथा नाकआउट मैच 03:30 बजे भावलखेड़ा ब्लास्टर्स तथा इण्डियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए इण्डियन रेलवे लोको लायंस रोज़ा ने निर्धारित 14.5 ओवर में 82 रन बनाएं जवाब में भावलखेड़ा ब्लास्टर्स की टीम ने इस रोमांचक मुकाबले को 12.4 ओवर मे 6 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया और यह मैंच 4 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच विपिन दीक्षित रहे जिन्होंने महत्वपूर्ण 3 विकेट लिए और 8 रन बनाए। इस प्रकार आज के अपने-अपने मैचों को जीतकर डायमण्ड टाइटंस रोज़ा,लेखपाल वॉरियर्स, यू पी जलनिगम युनाइटेड शाहजहांपुर तथा भावलखेड़ा ब्लास्टर्स ने 05 अप्रैल 26 को खेले जाने वाले सेमी-फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

# डीएम ने नगर निगम के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ नगर निगम अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें गांधी भवन प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया गया। भवन को रंगमंच आदि के उपयोग हेतु तैयार किया जा रहा है। इसमें एक यू-ट्यूब स्टूडियो एवं ई-लाईब्रेरी का भी निर्माण किया जा रहा है। यह सभी 30 जून तक जनता के उपयोग हेतु उपलब्ध हो जाएगा।

साथ ही शहरवासियों की सुविधा एवं बच्चों के बौद्धिक विकास के लिये प्लेनेटोरियम का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें बच्चों के लिये विज्ञान प्रदर्शिनी आदि बनाई जा रही है। इस प्लेनेटोरियम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित होगी। इसके अतिरिक्त मल्टीलेबल कार पार्किंग से यहां को लोगों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी। यह कार्य 2 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सीएम ग्रिड तेल टंकी रोड,सीएम ग्रिड तेल टंकी रोड का निरीक्षण किया गया। यह कार्य अपने अंतिम चरण में है तथा यह कार्य इसी माह अप्रैल के अन्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। शहर में पहली बार बिजली एवं अन्य तारों को अण्डरग्राउण्ड डाला गया है। यह सुन्दर सड़क चौड़े फुटपाथ और सुन्दर लाईटिंग के साथ उपलब्ध होगी। इसी सड़क का विस्तार लाल



इमली चौराहा, पंखी चौराहा, सदर बाजार थाना होते हुये शहीद उद्यान तक किया जाएगा। हॉकी फील्ड का निरीक्षण किया गया। हॉकी फील्ड का कार्य दिसम्बर तक पूर्ण हो जाएगा। ऑस्टोटर्फ तथा फ्लड लाईट्स के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैदान शहरवासियों को उपलब्ध होगा, जिसमें रात्रि में भी खेला जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इसके निकट शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण चल रहा है तथा सीनियर केयर सेंटर का निर्माण भी इसके निकट चल रहा है। इनसे शहरवासी लाभान्वित होंगे। नगर निगम के कार्यालय के निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किया गया। यह भवन इस माह के अन्त तक नये नगर निगम कार्यालय के लिये उपलब्ध होगा। साथ ही साथ इसके निकट बन रहे 1500 व्यक्तियों की क्षमता के कन्वेंशन सेंटर एवं 40 दुकानों से युक्त अर्बन फूड प्लाजा तथा इसमें ओपन एयर थियेटर भी उपलब्ध होगा। केरुगंज से मघईटोला होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग तक स्मार्ट सिटर रोड का निरीक्षण किया गया। इस मार्ग से अतिक्रमण को हटाये जाने तथा तेजी से कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। गर्रा नदी के पुल को उठाये जाने का कार्य का निरीक्षण किया गया। उक्त के सम्बन्ध में सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य शीघ्रता से अधिक से अधिक कार्मिकों की टीमे लगा कर कराये के निर्देश दिये गये। इसी के साथ शहर को बाढ़ से बचाये जाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर चांदापुर चौराहे पर नहर के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस कार्य को तेजी से कराते हुये आगामी बाढ़ की सम्भावना के दृष्टिगत शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर नैनीताल ढाबे के पास तथा इसके आगे 03 बड़े बॉक्स (कल्वर्ट) बनाये जाने के, सर्किट हाउस के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य को तेजी से कराये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान शहर को बाढ़ से बचाये जाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर चांदापुर चौराहे पर नहर के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस कार्य को तेजी से कराते हुये आगामी बाढ़ की सम्भावना के दृष्टिगत शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइकों की टक्कर में मां-बेटी गम्भीर घायल, हाइवे पर बिलहरी के समीप हुआ हादसा

**तिलहर – शाहजहांपुर।** हाइवे पर दो बाइकों की आमने–सामने हुई टक्कर में मां बेटी रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। शुक्रवार शाम कपसेडा से मेला देखकर बाइक से गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी हरिश्चंद्र अपनी पत्नी निर्मला देवी और पुत्री शिवांशी के साथ गांव वापस जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर बिलहरी गांव के पास सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने के दौरान निर्मला देवी शिवांशी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने निर्मला देवी शिवांशी को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आयेंगे भजन पर झूमे भक्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हनुमानजी जयंती के अवसर पर हनुमतधाम पर संकट मोचन की आराधना करने के लिए भक्तों का संगम देखा गया। हनुमान जन्मोत्सव का भजन संध्या के साथ कार्यक्रम का सम्पन्न हो गया। देरशाम को हुई भजन संध्या में मुख्यातिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पीडब्लूडी प्रमुख सचिव, पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयांनद ने 104 फुट लम्बी हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इसके साथ ही मुम्बई से आई गायिका स्वाति मिश्रा ने गाया कि मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंगे राम आयेंगे, मेरे सलासर दरबार..सहित प्रसिद्ध भजनों को गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर



दिया। श्री रामचरितमानस अखण्ड पाठ का गुरूवार को विश्राम हुआ। सुबह जल्द हनुमत धाम पर पहुंचकर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने श्री रामचरित मानस पाठ किया। सांसद अरूण कुमार सागर, अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर प्रबंध निदेशक डा. बिपिन मिश्रा, चन्द्रशेखर खन्ना उर्फ धीरू, अवधेश प्रजापति, वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, दिलीप गुप्ता, अमन, रजत आदि रामभक्त उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बड़ावन में वार्षिकोत्सव

- रोली-टीका से नए बच्चों का स्वागत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय बड़ावन में वार्षिकोत्सव के अवसर पर उत्साह और उल्लास के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय पहुंचे नए बच्चों का शिक्षकों द्वारा स्नेहपूर्वक रोली-टीका कर अभिनंदन किया गया। इस आत्मीय स्वागत से बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ



झलकती नजर आई। विद्यालय परिसर में नए सत्र की शुरुआत को लेकर विशेष उत्साह का माहौल रहा। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा के परिणाम वितरित किए गए। परिणाम प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अनुशासन की सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी इस अवसर पर किया गया, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति और अधिक उत्साह देखने को मिला। पुस्तकें पाकर छात्र-छात्राएं बेहद खुश नजर आए और नए सत्र की शुरुआत को लेकर उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य लाडली बेगम ने कहा कि नए बच्चों का इस तरह स्वागत करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इससे बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन बढ़ता है और वे खुशी के साथ अपनी पढ़ाई शुरू करते हैं। हमारा प्रयास है कि हर बच्चे को बेहतर वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने आगे कहा कि नए सत्र के साथ हम सभी शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेते हैं। अभिभावकों के सहयोग से हम निश्चित रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार मिश्र, शिक्षा मित्र विनीत कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रताप, ऊषा देवी, गीता रानी वर्मा सहित अनेक अभिभावक एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय की सराहनीय पहल की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और नए शैक्षिक सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# अधजले शव का रहस्य खोलने आये एफएसएल के वैज्ञानिक

- करीब साढ़े चार साल पहले मोबाइल शॉप में मिला था अधजला शव, डीएनए रिपोर्ट आने के बाद दर्ज हुई थी रिपोर्ट
- टीम पोस्टमार्टम करने वाले पैनल के चिकित्सकों से भी करेगी पूछताछ

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

करीब साढ़े चार वर्ष पूर्व देर रात रोजा अड्डे पर मोबाइल शॉप में हुए अग्निकांड और उसके अंदर मिले अधजले शव का रहस्य का आज भी खुलने का इंतजार कर रहा है। अधजले शव का रहस्य खोलने के लिये शुक्रवार की शाम लखनऊ, बरेली व शाहजहांपुर की दस सदस्यीय एफएसएल की टीम वैज्ञानिकों के साथ पहुंची और उसने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने घटनास्थल पर मिले की साक्ष्यों को एकत्र कर जांच के लिये अपने साथ ले गये हैं। ज्ञात रहे कि क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी नईम पुत्र सफायत की अड्डे पर नईम मोबाइल शॉप की दुकान में उन्नीस दिसम्बर 20 की देर रात करीब पौने बारह बजे उसकी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई थी।सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंची थी। सूचना फायर ब्रिगेड को दी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया गया था।

अगले दिन तड़के सुबह जब कुछ



लोग दुकान के पास से गुजरे तो उन्होंने देखा कि दुकान के अंदर एक अधजला शव पड़ा हुआ था। दुकान के अंदर अधजले शव पड़े होने की सूचना मिलते ही दुकान स्वामी नईम कुछ लोगों के साथ अधजले शव को जानवर का बताकर बोरी में भरकर मछली बाजार स्थित तालाब के किनारे फेंक दिया था। सूचना मिलते ही उस समयके अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार व सीओ सदर महेंद्र सिंह तत्काल मौके पर पहुंच गए थे और दोनों पुलिस अधिकारियों ने दुकान का बारीकी से निरीक्षण किया। उसके उपरांत उस स्थान पर पहुंचे, जहां दुकान स्वामी व उसके साथियों ने अधजला शव फेंका था। अधिकारियों के आदेश पर पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे उन्होंने शव देख संदिग्ध बताया। जिस पर एसपी सिटी के निर्देश पर निवर्तमान प्रभारी निरीक्षक रोजा राजेंद्र बहादुर सिंह ने अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई थीं पुष्टि, शव इंसान का था

देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उक्त अधजला शव किसी व्यक्ति का था, जिसके हाथ में कड़ा था, ताबीज पहने हुए था और अंडरवियर बदन पर था। मृतक रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र फत्तेहपुर रेती के रहने वाले रामऔतार का पुत्र अभिषेक था।वह चोरी चकारी का काम करता था। मृतक उसी रात से लापता है और उसके पिता ने फरवरी में थाना रामचंद्र मिशन में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। अभिषेक का पिता रामऔतार पोस्टमार्टम के दौरान मिले सामान की तस्दीक करने के लिए डेढ़ साल से अधिकारियों की चौखट पर चक्कर लगाता रहा। आखिर उसकी मेहनत सफल हुई। पांच अक्टूबर 22 को रोजा पुलिस की मौजूदगी में पुलन्दा खोला गया था। पुलन्दे में कड़ा व तबीज देखकर उसने तस्दीक की कि ये सामान उसके ही बेटे अभिषेक का है। सामान की तस्दीक होने के बाद पुलिस ने डीएनए टेस्ट की कार्यवाही शुरू कर दी थी। डीएनए की रिपोर्ट आने के बाद आरसी मिशन थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी, लेकिन पुलिस को कोई सुराग न मिलने पर जांच के लिए लखनऊ टीम को लिखा गया था। शुक्रवार की शाम एफएसएल के डायरेक्टर प्रोफेसर डा. आर्दश कुमार, उप निदेशक जेपी गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी पंकज कुमार जायसवाल, वैज्ञानिक शुभम कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार वर्मा व सुशील चौधरी की टीम घटनास्थल पर पहुंची और उसने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने घटनास्थल पर मिले की साक्ष्यों को एकत्र कर जांच के लिये अपने साथ ले गये हैं। वही थाना प्रभारी रामचंद्र मिशन धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि लखनऊ की टीम को जांच के लिए लिखा गया था, लखनऊ, बरेली व शाहजहांपुर की टीम ने आकर कुछ नमूने लिये हैं। उन्होंनें बताया कि टीम पोस्टमार्टम करने वाले पैनल के चिकित्सकों से भी पूछताछ करेगी। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## फूफा के भाई संग रचाया प्रेम विवाह

**तिलहर–शाहजहांपुर।** क्षेत्र के एक गांव की युवती की सगे फूफा के छोटे भाई से आंखें चार क्या हुईं । दोनो ने साथ जीने मरने की कसमें खाईं और परिजनों की मान मर्यादा रख पर रख प्रेम विवाह कर लिया। बीते दिन पत्नी ने कपसेडा मेला देखने की इच्छा जताई तो पति ने गांव की ट्रेक्टर ट्रॉली पर जाने की बात कह दी। जबकि कहना था कि वह पति के साथ ही मेला देखने जाए। बात बढ़ी तो पति ने प्यार मोहब्बत को दरकिनार कर जमकर पिटाई कर दी। फिर क्या था पीड़िता ने अपनी मां को रोकर अपनी व्यथा सुनाई । आखिर मा की ममता जाग उठी। और उसकी मां बेटी को लेकर कोतवाली जा पहुंची। यहां मां बेटी ने पुलिस को पूरी दास्तान सुनाई। पुलिस ने आरोपी युवक व परिजनों को बुला लिया है। समाचार भेजे जाने तक समझौता का प्रयास जारी है।

## खबरें एक नजर में

### शहीदों के अपमान एवं एलपीजी सिलेंडर कालाबाजारी को गरजे भाकपा पदाधिकारी

**शाहजहांपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से जनहित मुद्दों को आवाज देते हुए, कलेक्ट्रेट में होर्डिंग बैनर लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। देश में एलपीजी सिलेंडर की मारामारी, बढ़ती महंगाई, सरकारी नौकरी में युवाओं को मौका ज्यादा ज्यादा मिले आदि मुद्दों को गर्मजोशी के साथ उठाया गया। तत्पश्चात भाकपा पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति संबोधित 22 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया। जिसमें शहीद प्रतिमाओं को तुड़वाने वालों पर राष्ट्रद्रोह मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग,देश भर में एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं सरकार व कामर्शियल सिलेंडर न मिल पाने से दुकानदारों का काम–धंधा चौपट हो रखने की बात,कामर्शियल सिलेंडर का वितरण, बुकिंग प्रणाली ससमय की जाए, ई–स्मार्ट मीटर व्यवस्था बंद करके 300 यूनिट बिजली यूपी में फ्री हो। ईवीएम का प्रयोग बंद करके वैलेट पेपर से देश में कराएं जाए चुनाव,आशा–बहनों को परमानेंट करे सरकार, जल्द लाए आदेश आदि मांगें रखी हुई। इस दौरान ज्ञापन में रामशंकर लाल,सलीम, नील कमल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मिश्रीपुर निवासी अफसार खां की तहरीर पर थाना रामचन्द्र मिशन में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर 2 अप्रैल को हरदोई चौराहे के पास से अभियुक्त हिमांशू शर्मा (27) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी कुलदीप चतुर्वेदी के साथ मिलकर मिश्रीपुर क्षेत्र से पल्सर मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर छिपाई गई बाइक बरामद कर ली। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी कर दी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ कई जनपदों में चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि फरार साथी की तलाश जारी है। इस सफलता को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान का हिस्सा बताया।

### 33 किलो सरकारी बिजली तार के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** ग्राम पैना खुर्द निवासी गौरव कुमार की तहरीर पर थाना निगोही में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन निगोही के पास कटैया उस्मानपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दबिश दी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 33 किलो चोरी किया गया बिजली का तार बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों में नरवीर, गोविंद वर्मा निवासी ग्राम उदरिया थाना निगोही तथा बंटू उर्फ ललित मोहन निवासी जनपद पीलीभीत शामिल हैं। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को भी कागजात न होने पर सीज कर दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

# अकबरपुर-रावतपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई, मेधावी छात्र सम्मानित

**शाहजहांपुर।** प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर-रावतपुर में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली पूरे गांव में निकाली गई, जिसका उद्देश्य अभिभावकों एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका अंजू शर्मा ने नवीन प्रवेश लेने वाले छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। वहीं, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी श्रेयश चंद्र सक्सेना ने पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते हुए अन्य बच्चों को भी कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने



के लिए प्रेरित किया। विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण में सभी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में शिक्षक राजेश कुशवाहा, दीपा पाण्डेय, अंजू शर्मा, पुष्पा वर्मा, नीलम सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# संकल्प, समर्पण एवं परिश्रम सफलता का मूलमंत्रः इला

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की पुरातन छात्र परिषद के द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में चयनित हुई कॉलेज की पूर्व छात्रा इला सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी इस सफलता से जुड़े संघर्ष, चुनौतियों, अनुभवों, अध्ययन पद्धति एवं प्रतियोगी परीक्षा हेतु तैयारी की रणनीति को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम, सतत समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का कोई विकल्प नहीं है। यदि आपके व्यक्तित्व में ये सभी विशेषताएं मौजूद हैं तो सफलता निस्संदेह एक न एक दिन आपके



कदम चूमेगी। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्र ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जब सीनियर विद्यार्थी सफलता की सीढ़ी चढ़ जाते हैं, तो जूनियर विद्यार्थियों के लिए रास्ता खुद-ब-खुद तैयार हो जाता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने कहा कि सभी विद्यार्थी इला एवं उन जैसे प्रतियोगियों से सीख लें तथा उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपनी सफलता हेतु एक नींव के रूप में ग्रहण करें। कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने इला सिंह चौहान को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉलेज परिवार यह कामना करता है कि वे भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त कर, उच्चतर पद पर चयनित होकर पुनः संस्था का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कार्यक्रम के समन्वयक एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह ने दिया तथा संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. शिशिर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. जयशंकर ओझा, प्रो प्रभात शुक्ला, डॉ. संदीप अवस्थी, डॉ अरुण कुमार यादव, प्रो अजीत सिंह चारग, राजनंदन सिंह राजपूत, अमित कुमार, हर्ष पाराशरी, डॉ. संदीप दीक्षित, मंजीत कुमार, डॉ. पद्मजा मिश्रा, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. धर्मवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, अवनीश चौहान सहित कॉलेज के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री पहुंचे शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

यूजीसी के विरोध के बाद बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देकर सवर्ण समाज के साथ हो रही नाइंसाफी के विरुद्ध अपनी आवाज को बुलंद करने वाले अलंकार अग्निहोत्री ने शाहजहांपुर के एक निजी होटल में जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के खिलाफ साजिश की जा रही है। ऐसे में अब स्वर्ण समाज को भी राजनीति के विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करना पड़ेगा। उन्होंने सत्ता में बैठे सवर्ण समाज के लोगों को धिक्कारते हुए कहा कि बेहद शर्म की बात है कि यूजीसी रेगुलेशन जैसे मुद्दे पर सत्ता में बैठे सवर्ण नेता सत्ता सुख के चलते यूजीसी जैसे काले



कानून का विरोध तक नहीं कर पाए। सत्ता बेलगाम इसलिए है क्योंकि इस वक्त कोई दूसरा विकल्प मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा एक्सप्लोजर 14 स्टेट में है, 2027 के चुनाव में 403 विधानसभा सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे साथ ही उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जो भी हमारे हितों के साथ कार्य करना चाहता है उसका पार्टी में स्वागत है उन्होंने सत्ता पक्ष को गैर सनातनी करार देते हुए कहा कि आज भारत का नाम बीफ निर्यात करने वाले टॉप देश में शुमार है इनकी कथनी और करनी में अंतर है उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एसपी व एसटी एक्ट का दुरुपयोग चरम सीमा पर है, इसको तत्काल हटाया जाना चाहिए उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जो भी इस एक्ट से प्रभावित होगा उसे जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक उसके लिए विष्णु तिवारी नाम से 21000 रुपए प्रतिमाह पेंशन उनकी पार्टी की तरफ से दी जाएगी द्य प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार आज सवर्ण समाज का दमन किया जा रहा है लोगों पर यूजीसी समेत एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे में देश को नई पार्टी के गठन की जरूरत थी अत्याचार के विरुद्ध राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का गठन किया गया है। सेंट्रल बार एसोसिएश के पूर्व अध्यक्ष नारायण दत्त त्रिपाठी गुल्लू बाबू ने कहा कि जिस प्रकार सवर्ण समाज के प्रतिभाशाली बच्चों के प्रति एक सोची समझी साजिश के तहत यूजीसी जैसे बिल को लाकर दमन चक्र शुरू कर दिया गया है न- काबिले बर्दाश्त है। सभी सवर्ण समाज के लोगों को आगे आकर इसका पुरज़ोर विरोध करना चाहिए अन्याय के विरुद्ध देश में जब सभी पार्टियों ने मौन व्रत धारण कर रखा है तो ऐसे में देश को एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता थी जो सनातन के मानने वालों को, गाय को मां मानने वालों को, रामराज का सपना दिखाकर जनता को ठगने वालों से मुक्ति दिलाकर वास्तविक रामराज की स्थापना कर सके। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा किसी भी स्थिति में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का मनोबल टूटने नहीं देगी। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री ने टाउन हॉल स्थित नवनिर्मित शहीदों की प्रतिमाओं का माल्यार्पण भी किया इस अवसर पर तमाम अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

## रुपए का गंभीर अवमूल्यन

अमरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 95 तक पहुंच चुकी है। अर्थात् हम 95 रुपए खर्च कर एक डॉलर प्राप्त कर सकते हैं अथवा अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर सकते हैं। 'रुपए' का लगातार अवमूल्यन होता रहा है। डॉलर ही नहीं, ब्रिटिश मुद्रा 'पौंड' के लिए भी हमें 123.84 रुपए खर्च करने होंगे और यूरोप की मुद्रा 'यूरो' की कीमत भी 108 रुपए से अधिक है। 'रुपया' लगातार कमजोर होता रहा है, उसका असर हमारी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है और आयात-बिल भी महंगे होते रहे हैं। 2013-14 के संसदीय चुनाव के दौरान भाजपा ने 'रुपए' को भारत की संप्रभुता और प्रतिष्ठा से जोड़ कर एक संवेदनशील मुद्दा बना दिया था। लोगों ने विश्वास किया और जनादेश भाजपा को दिया। मोदी सरकार के करीब 12 साल के कालखंड में 'रुपए' में करीब 61 फीसदी की गिरावट दर्ज हो चुकी है और यह सिलसिला अभी जारी है। यह बेहद गंभीर मौद्रिक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस मुद्दे को आसानी से यूं समझा जा सकता है कि फरवरी, 2026 में ईरान युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल थी। तब हमें एक बैरल कच्चा तेल 6700 रुपए से कुछ अधिक में पड़ता था, लेकिन मार्च में वही तेल 10,640 रुपए बैरल में खरीदा जा रहा है। यानी कीमत 70 फीसदी बढ़ी है, लिहाजा आम आदमी को भी महंगा पेट्रोल-डीजल खरीदना पड़ेगा। बेशक कुछ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सरकार ने पेट्रोल-डीजल महंगे नहीं किए हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 117 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुके हैं। भाजपा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को लगातार निशाना बनाती थी, जबकि उन्होंने ही देश को आर्थिक मंदी से बचाया था। तब भाजपा अर्थव्यवस्था की कमजोरी और 'रुपए' के अवमूल्यन पर चिंताएं जताती थी। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस दौर में भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं। 'रुपए' की स्थिति को लेकर यूपीए और भाजपा-एनडीए सरकारों की तुलना करना बेहद तार्किक है। तब मई, 2004 में मनमोहन सरकार के शुरुआती दिनों में एक डॉलर की तुलना में 'रुपया' 45.37 पर था। मई, 2014 में यूपीए कालखंड की समाप्ति के वक्त डॉलर की कीमत 58.58 रुपए थी। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो 'रुपए' का अवमूल्यन लगातार क्यों होता रहा है? डॉलर 58 रुपए से उछल कर 90-91 रुपए तक कैसे पहुंच गया? आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रिजर्व बैंक दखल न दे, तो एक डॉलर 110 रुपए में पड़ सकता है। ईरान युद्ध की शुरुआत के एक दिन पहले, 27 फरवरी, तक 'रुपया' 90.98 तक गिरा था, लेकिन 31 मार्च, 2026 को 95 तक गिर गया। 100 रुपए की 'चरम स्थिति' कितनी दूर है? बेशक मोदी कालखंड में 'रुपए' का अवमूल्यन ऐतिहासिक रहा है और भारतीय मुद्रा के लिए यह असंतुलित और गंभीर स्थिति है। इसके बावजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बयान आया है कि 'रुपया' ठीक चल रहा है। 2022 में उन्होंने अपना 'आर्थिक दर्शन' देश के सामने पेश किया था कि 'रुपया' कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। हालांकि 'रुपए' के अवमूल्यन का युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं है, लेकिन हमारा आयात युद्ध के कारण महंगा होता जा रहा है, तो हमें आयात के लिए ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। बेशक भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार 700 अरब डॉलर के करीब है और यह 10 माह के आयात के लिए पर्याप्त है, लेकिन हमें आगे की योजना भी तैयार करनी चाहिए। भारत की उम्र मात्र 10 माह नहीं है। इस स्थिति पर भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट सामने आई है, जिसमें 'रुपए' की गिरावट के कुछ कारणों को गिनाया गया है। रपट में माना गया है कि 'रुपए' को अब 'शॉक एब्जॉर्बर' बना कर छोड़ना सही नहीं है। इसका उलटा असर पड़ रहा है। सुझाव दिया गया है कि रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल करके 'करेंसी मार्केट' में आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करना जरूरी है। रिजर्व बैंक को छोटी अवधि के बॉन्ड बेच कर लंबी अवधि के बॉन्ड खरीदने चाहिए। ब्याज दर संतुलित रहेगी। बहरहाल यह मुद्दा ऐसा है, जिस पर प्रधानमंत्री को कैबिनेट में विमर्श कर देश को संबोधित करना चाहिए। जहां तक विकास की बात है, भारत अभी अमरीका की तुलना में चवन्नी और चीन की तुलना में अठन्नी के बराबर है। तात्पर्य यह है कि भारत को विकास की दृष्टि से अभी लंबा सफर तय करना है। महज यह कह कर बात नहीं बनेगी कि भारत में विकास दर विश्व के अन्य देशों की तुलना में ज्यादा है। हर आदमी तक रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना अभी शेष है।

# धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा युद्ध का डर

*के. रवींद्रन*

ईरान युद्ध को लेकर भारत की सबसे गहरी आर्थिक चिंताएं अब काल्पनिक नहीं रह गई हैं। ये धीरे-धीरे सामने आ रही हैं, और उस क्रम में जिसका नीति निर्माताओं को शुरू से ही डर था। एक दूरस्थ लेकिन ऊर्जा-महत्वपूर्ण क्षेत्र में भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में शुरू हुआ यह मामला अब भारतीय रसोई, कारखानों, एयरलाइन बैलेंस शीट और मुद्रा बाजारों तक पहुंच गया है। पहला चेतावनी संकेत हमेशा ईंधन और गैस आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान ही रहा है।

यह व्यवधान अब पूरी ताकत से आ चुका है, जिससे अधिकारियों और बाजार प्रतिभागियों के अनुसार दशकों में सबसे गंभीर गैस संकट पैदा हो गया है। एक अप्रैल को वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतें फिर से बढ़ा दी गई, औद्योगिक उपयोग को प्रतिबंधित करके घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखा गया है, और विकल्पों की तलाश ने पहले ही सभी क्षेत्रों में उत्पादन लागत को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत में एलपीजी केवल एक उपभोक्ता ईंधन नहीं है।

यह घरेलू कल्याण, छोटे व्यवसायों की व्यवहार्यता और राजनीतिक संवेदनशीलता के चौराहे पर स्थित है। कमी या कीमतों में अचानक वृद्धि केवल ऊर्जा व्यापारियों तक ही सीमित नहीं रहती। यह रेस्तरां, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, सिरेमिक इकाइयों, धातु कार्यशालाओं और अन्य उन समूहों तक तेजी से फैलती है जो वाणिज्यिक सिलिंडरों या गैस-आधारित इनपुट पर निर्भर हैं। एक बार जब औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को सीमित आपूर्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, तो वे या तो बहुत अधिक कीमत चुकाते हैं या डीजल जैसे महंगे विकल्पों की ओर रुख करते हैं। यह प्रतिस्थापन फिर ऊर्जा श्रृंखला में अन्य जगहों पर दबाव को और गहरा कर देता है। दूसरे शब्दों में, एलपीजी संकट युद्ध का प्रकारान्तर से दुष्प्रभाव नहीं है। यह व्यापक मुद्रास्फीति संचरण तंत्र में पहली स्पष्ट दरार है।

भारत आपूर्ति को राशन कर सकता है, चरणबद्ध कर सकता है और मोड़ सकता है, लेकिन ये आपातकालीन प्रबंधन उपकरण हैं, स्थायी समाधान नहीं।

दूसरा डर कच्चे तेल का था, और यह हमेशा से अधिक अनुमानित झटका था। आयातित तेल पर भारत की भारी निर्भरता खाड़ी देशों में अस्थिरता की स्थिति में इसे अत्यधिक असुरक्षित बना देती है। एक बार जब युद्ध तेज हो गया और होर्मुज जलडमरूमध्य एक वास्तविक रणनीतिक जोखिम बन गया, तो पेट्रोलियम की कीमतों में वृद्धि केवल समय की बात थी। मार्च में अभूतपूर्व उछाल के बाद ब्रेंटक्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने इस वर्ष के लिए अपने तेल अनुमानों में भारी संशोधन किया है। भारत के लिए, यह केवल आयात बिल की समस्या नहीं है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें परिवहन, उर्वरक, विमानन, विनिर्माण, रसद और मुद्रास्फीति की उम्मीदों पर एक साथ असर डालती हैं। नई दिल्ली ने झटके को कम करने के लिए ईंधन उत्पाद शुल्क में कटौती की है, लेकिन ऐसे कदम उपभोक्ताओं, तेल कं पनियों और सरकारी खजाने के बीच दर्द का केवल पुनर्वितरण करते हैं। वे इसे खत्म नहीं करते। यहीं पर रुपये पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मुद्रा युद्ध के प्रति भारत की संवेदनशीलता की सबसे स्पष्ट बाजार अभिव्यक्ति बन गई है। तेल की ऊंची कीमतें चालू खाते के दृष्टिकोण को खराब करती हैं। पहले से ही सतर्क विदेशी निवेशक इक्विटी और बॉन्ड से पैसा निकाल रहे हैं।

वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति पूंजी को डॉलर की ओर धकेल रही है। इनमें से प्रत्येक कारक अपने आप में असहज करने वाला है। संयुक्त रूप से, वे बाहरी दबाव पैदा करते हैं। रुपया डॉलर के मुकाबले 94 से नीचे के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गया है और वित्तीय वर्ष में एशिया की सबसे कमजोर मुद्राओं में गिना गया है, कई गणनाओं के अनुसार इसका मूल्यह्रास लगभग 10 प्रतिशत या उससे अधिक रहा है। इससे उपयोगकर्ता का दृष्टिकोण मोटे तौर पर सही साबित होता है, मुद्रा तेल संकट, पोर्टफोलियो बहिर्वाह और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के संयुक्त प्रभावों से भारी दबाव में है, न कि अलग-अलग प्रभावों से। फिर भी, रुपये के 100 प्रति डॉलर के स्तर को पार करने के प्रश्न के लिए अधिक सावधानीपूर्वक विश्लेषण की आवश्यकता है। यह अब कोई अप्रत्याशित परिदृश्य नहीं है, लेकिन यह तत्काल निश्चित भी नहीं है।

बाजार गोल संख्याओं को मनोवैज्ञानिक सीमा के रूप में देखते हैं क्योंकि वे वास्तव में पहुंचने से पहले ही व्यवहार को बदल सकती हैं। आयात कहेजिंग के लिए दौड़ पड़ते हैं, निर्यातक मुद्रा रूपांतरण में देरी करते हैं, परिवार समाचारों पर ध्यान देते हैं, और अटकलें तेज हो जाती हैं। विश्लेषकों ने पहले ही मध्यम तनाव की स्थिति में 98 रुपये प्रति डालर को एक संभावित बिंदु के रूप में सुझाया है, जबकि संघर्ष के लंबे समय तक चलने और ऊर्जा व्यवधान के स्थायी होने की स्थिति में कहीं अधिक गंभीर परिणामों पर चर्चा की जा रही है। इसका मतलब है कि 100 का स्तर अब अकल्पनीय नहीं है। लेकिन मुद्रा के संदर्भ में वर्तमान स्तर से 100 तक की दूरी अभी भी काफी अधिक है, और इसके लिए संभवतः या तो तेल की कीमतों में फिर से उछाल, पूंजी का अधिक पलायन, या अधिकारियों द्वारा भंडार को अधिक आक्रामक रूप से खर्च करने के बजाय आगे समायोजन को सहन करने का जानबूझ कर निर्णय लेना आवश्यक होगा। भारतीय रिजर्व बैंक, अपनी ओर से, निष्क्रिय नहीं रहा है, लेकिन उसकी चुनौती संरचनात्मक है। हस्तक्षेप अस्थिरता को कम कर सकता है। यह व्यापार संकट को स्थायी रूप से समाप्त नहीं कर सकता।

आरबीआई ने बैंकों को अपनी मुद्राएं समाप्त करने के लिए दबाव डाला और विदेशी मुद्रा बाजार में सख्त सीमाएं लागू कीं, जिससे अस्थायी राहत तो मिली लेकिन बैंकों की ट्रेडिंग आय पर भी दबाव पड़ा और व्यापक दबाव की दिशा में कोई खास बदलाव नहीं आया। सार्वजनिक बहस में अक्सर इस बात को गलत समझा जाता है। जब केंद्रीय बैंक की बार-बार की कार्रवाई के बावजूद कोई मुद्रा कमजोर पड़ती है, तो इसका मतलब हमेशा यह नहीं होता कि वह कार्रवाई पूरी तरह से विफल रही है। इसका सीधा सा मतलब यह हो सकता है कि अंतर्निहित दबाव अल्पकालिक हस्तक्षेपों से कम नहीं है। उन कदमों के बिना रुपया शायद और भी तेजी से गिर जाता। लेकिन अगर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और विदेशी निवेश निकलता रहता है, तो बचाव का खर्चा महंगा हो जाता है और केवल आंशिक रूप से ही प्रभावी रह जाता है। इसलिए, सबसे बड़ी चिंता एक डॉलर के मुकाबले 100 रुपये जैसी कोई एक बड़ी संख्या नहीं है, बल्कि नीतिगत गुंजाइश का संचयी क्षरण है। अगर एलपीजी की कीमतें कम रहती हैं, तो सरकार को घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी।

अगर कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो पेट्रोल पंप की कीमतों को आंशिक रूप से कम करने के बावजूद मुद्रास्फीति का खतरा बढ़ जाता है। अगर रुपये का मूल्य गिरता रहता है, तो आयातित मुद्रास्फीति और भी बदतर हो जाती है। अगर विदेशी निवेशक अपना निवेश वापस लेते रहते हैं, तो घरेलू संस्थान बाजारों को सहारा तो दे सकते हैं, लेकिन खोए हुए बाहरी भरोसे की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सकते। भारत ने पहले भी बाहरी झटकों का सामना किया है और अभी भी भंडार, ईंधन मूल्य निर्धारण पर प्रशासनिक नियंत्रण और व्यापक घरेलू निवेशक आधार सहित कई सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। लेकिन इन सुरक्षा उपायों की एक साथ परीक्षा हो रही है।

ईरान युद्ध को लेकर भारत की सबसे बुरी आशंकाएं सच हो रही हैं, इसका कारण कोई एक विनाशकारी घटना का घटित होना नहीं है, बल्कि इसके परिणामस्वरूप संक्रमण के सभी संभावित स्रोत एक के बाद एक सक्रिय हो रहे हैं, जिससे प्रबंधनीय तनाव और अधिक गंभीर व्यापक आर्थिक संकट के बीच का अंतर कम होता जा रहा है।




**जब केंद्रीय बैंक की बार-बार की कार्रवाई के बावजूद कोई मुद्रा कमजोर पड़ती है, तो इसका मतलब हमेशा यह नहीं होता कि वह कार्रवाई पूरी तरह से विफल रही है। इसका सीधा सा मतलब यह हो सकता है कि अंतर्निहित दबाव अल्पकालिक हस्तक्षेपों से कम नहीं है। उन कदमों के बिना रुपया शायद और भी तेजी से गिर जाता। लेकिन अगर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं और विदेशी निवेश निकलता रहता है, तो बचाव का खर्चा महंगा हो जाता है और केवल आंशिक रूप से ही प्रभावी रह जाता है। इसलिए, सबसे बड़ी चिंता एक डॉलर के मुकाबले 100 रुपये जैसी कोई एक बड़ी संख्या नहीं है, बल्कि नीतिगत गुंजाइश का संचयी क्षरण है। अगर एलपीजी की कीमतें कम रहती हैं, तो सरकार को घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। अगर कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो पेट्रोल पंप की कीमतों को आंशिक रूप से कम करने के बावजूद मुद्रास्फीति का खतरा बढ़ जाता है। अगर रुपये का मूल्य गिरता रहता है, तो आयातित मुद्रास्फीति और भी बदतर हो जाती है। अगर विदेशी निवेशक अपना निवेश वापस लेते रहते हैं, तो घरेलू संस्थान बाजारों को सहारा तो दे सकते हैं, लेकिन खोए हुए बाहरी भरोसे की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सकते। भारत ने पहले भी बाहरी झटकों का सामना किया है और अभी भी भंडार, ईंधन मूल्य निर्धारण पर प्रशासनिक नियंत्रण और व्यापक घरेलू निवेशक आधार सहित कई सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। लेकिन इन सुरक्षा उपायों की एक साथ परीक्षा हो रही है।**

विचार

# जनसंख्या परिवर्तन का टाइम बम, आजादी से अब तक का सच



*संजय सक्सेना*

देश के कुछ हिस्सों में जनसंख्या का जो बदलाव पिछले सात दशकों में हुआ है, वह महज आंकड़ों की हेरफेर नहीं है। यह एक सुनियोजित परिवर्तन की कहानी है, जिस पर देश के बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठन और नीति-निर्माता चिंता जता रहे हैं। गत दिवस तमिलनाडु के राज्यपाल रहे आरएन रवि ने गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में हो रहे जनसंख्या परिवर्तन को एक टाइम बम की संज्ञा देते हुए चेतावनी दी कि यदि इन प्रवृत्तियों को नजरअंदाज किया गया, तो ये भविष्य में राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उनका सवाल था, क्या किसी ने बीते 30-40 वर्षों में इन इलाकों में हुई जनसंख्या की प्रवृत्तियों पर ध्यान दिया है और क्या आने वाले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए विभाजनकारी साबित नहीं होगा?

आजादी के समय असम एक ऐसा राज्य था, जहां अलग-अलग समुदाय और जनजातियाँ सदियों से साथ रहती थीं। लेकिन 1951 की पहली जनगणना में असम में मुस्लिम आबादी 22.6 प्रतिशत थी। 1971 में यह बढ़कर 24.6 प्रतिशत, 1991 में 28.4 प्रतिशत, 2001 में 31 प्रतिशत और 2011 की जनगणना में 34.2 प्रतिशत हो गई। यानी साठ वर्षों में असम में एक खास समुदाय की आबादी में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगली जनगणना में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार कर सकता है। इस वृद्धि की असली वजह केवल स्वाभाविक जन्मदर नहीं है। 1961 से 2011 के बीच, यानी पाँच दशकों में देश में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर 194.38 प्रतिशत रही, जबकि असम में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 286.16 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग डेढ़ गुना अधिक है। इस अंतर की व्याख्या केवल प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि से नहीं की जा सकती।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि असम की कुल मुस्लिम जनसंख्या में से मात्र 3 प्रतिशत ही मूल असमिया आबादी है, शेष बांग्लादेश से आए लोग हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर बसे जिलों में यह समस्या और भी गंभीर है। 2001 की जनगणना में असम में छह मुस्लिम बहुल जिले थे, जो 2011 तक बढ़कर 11 हो गए। उधर, पश्चिम बंगाल की स्थिति असम से कम चिंताजनक नहीं है। बांग्लादेश के साथ इस राज्य की लंबी सीमा है और 1971 से लगातार सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ होती रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2001 में 25.2 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 26.94 प्रतिशत हो गई और इस दौरान मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 21.81 प्रतिशत रही। जिलेवार आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम आबादी 69.5 प्रतिशत, मालदा में 53.3 प्रतिशत, उत्तरी और दक्षिणी दिनाजपुर में 42.8 प्रतिशत, बीरभूम में 39.6 प्रतिशत और उत्तरी व दक्षिणी 24 परगना में 36.1 प्रतिशत हो चुकी है। इन सीमावर्ती आठ जिलों में हिन्दू जनसंख्या में प्रत्येक दशक में 3 प्रतिशत तक की कमी भी दर्ज की गई है। राजनीतिक आरोपों की बात करें तो 1977 से 2011 तक 34 साल सत्ता में रही वाममोर्चा सरकार पर आरोप है कि उसने घुसपैठियों को मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड उपलब्ध कराए। इसकी एवज में 2006 तक वाममोर्चे को एकमुश्त वोट मिलता रहा, लेकिन 2007 के नंदीग्राम हिंसा के बाद यह वोट तृणमूल कांग्रेस की ओर चला गया। यह आरोप लगाने वाले केवल विरोधी दल के लोग नहीं हैं। कोलकाता में रहने वाले पूर्व नौकरशाह और तृणमूल कांग्रेस के सह-संस्थापक सदस्य दीपक कुमार घोष का कहना है कि वाममोर्चा ने अपने वोट बैंक के लिए मुस्लिम शरणार्थियों को शरण दी, जबकि तृणमूल ने इन अवैध घुसपैठियों को सत्ता तक में स्थान दिया।



उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी हिस्से, यानी पूर्वांचल में जनसंख्या परिवर्तन की बात कुछ अलग किस्म की है। यहाँ प्रश्न केवल बाहर से आने वाली जनसंख्या का नहीं, बल्कि समुदाय-विशेष की प्रजनन दर का भी है। उत्तर भारत और पूर्वी भारत के राज्यों जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज्यादा है, जबकि दक्षिण भारत में यह 2.1 के आसपास है, जो कि स्थिर स्तर माना जाता है। यह असंतुलन न केवल संसाधनों पर दबाव डालता है, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक समीकरण भी बदल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन लंबे समय से इस मुद्दे पर चेताते आए हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में जनसंख्या परिवर्तन को लेकर बार-बार राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है। असमिया साहित्य सभा जैसे सांस्कृतिक संगठनों ने असम की अस्मिता और संस्कृति पर मंडराते खतरे को लेकर आवाज उठाई है। इतिहासकार और लेखक नृपेन्द्र मिश्र जैसे विद्वानों ने सीमावर्ती इलाकों की जनसांख्यिकी पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। पाञ्चजन्य पत्रिका सहित अनेक प्रकाशनों ने इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को न केवल आंकड़ों में, बल्कि असम के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने पर पड़ रहे असर के रूप में भी दर्ज किया है।


वहीं दूसरी ओर, अनेक उदारवादी बुद्धिजीवी और अल्पसंख्यक संगठन इस पूरे विमर्श को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाते हैं। उनका तर्क है कि जनसंख्या परिवर्तन को एक समुदाय की साजिश बताना मुस्लिम नागरिकों के खिलाफ नफरत फैलाना है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे संगठन मानते हैं कि यह मुद्दा वोट की राजनीति के लिए हवा दिया जाता है। देश के विभाजन के समय जो सीमाएं खींची गई थीं, वे भौगोलिक रेखाएं थीं, लोगों के दिलों में नहीं। बंगाल का विभाजन हुआ, असम का एक हिस्सा पाकिस्तान से सटा रह गया। यह समस्या 1979 में ही सामने आ गई थी और इसे नेहरू काल की गलत नीतियों का नतीजा बताया जाता है। उस दौर में बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) से आने वाले शरणार्थियों को पुनर्वास दिया गया, लेकिन 1971 के बाद भी यह सिलसिला थमा नहीं। बल्कि एक खास वर्ग के लिए वोट बैंक की राजनीति ने इसे और गति दी। बंगाल में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 252.95 प्रतिशत रही, वहीं ओडिशा में 323.40 प्रतिशत और झारखंड में 340.35 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से कई गुना अधिक है। ये आंकड़े केवल प्रजनन दर से नहीं समझाए जा सकते। विशेषज्ञ मानते हैं कि बांग्लादेश से होने वाली अवैध घुसपैठ इसका बड़ा कारण है।

बहरहाल, यह केवल राजनीतिक विमर्श नहीं है, यह उन लाखों लोगों की जिंदगी से जुड़ा सवाल है, जो असम की जमीन पर पीढ़ियों से रहते आए हैं, जो बंगाल में अपनी संस्कृति और भाषा के साथ जीते हैं। जब किसी जिले में एक समुदाय का अनुपात तेजी से बढ़ता है, तो सत्ता का संतुलन, जमीन का वितरण, शिक्षा और रोजगार सब कुछ प्रभावित होता है। इतिहास गवाह है कि जनसांख्यिकी परिवर्तन ने दुनिया में कई बार सीमाओं को फिर से खींचा है। कुल मिलाकर राज्यपाल रवि का वह सवाल आज भी हवा में गूंज रहा है कि क्या हम अंदाजा लगा सकते हैं कि अगले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए क्या परिणाम ला सकता है? यह सवाल जितना असुविधाजनक है, उतना ही जरूरी भी। इसका जवाब खोजे बिना न तो इन इलाकों का भला होगा और न ही देश का।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*


साहित्य

## हां! मैं कविता हूं



**स्मृति श्रीवास्तव**

हां! मैं कविता हूं
भावनाओं के गर्भ से जन्मी शब्दों की
सौगात हूं जिसमें अवगुंठित है
हृदय की पीड़ा भी मधुर भावों की भीनी
सुगंध भी मैं कल्पना का असीमित आगार
हूं।
हां! मैं कविता हूं
सृजन की आवाज़ हूं कवि के चिंतन से
निकलकर कागज़ पर उतरती
पावन गंगा सी प्रवाहित अनंत विचारों की,
उद्गारों की, शांत, निर्मल रसधार हूं।
हां! मैं कविता हूं
मिट्टी, पानी, हवा, धूप की भांति स्वत:
निर्मित प्रकृति हूं प्रेम में भीगी
मधुर फुहार हूं अक्षर अक्षर में ध्वनित
स्नेहिल झंकार हूं।
हां! मैं कविता हूं
दोहा, मुक्तक, छंद, सोरठा, चौपाई सी,
अनेक विधाओं से सज्जित गीतों का
अनुबंध हूं अम्बर के असंख्य तारकों की
भांति अनगिनत भावों का उद्गार हूं।
हां! मैं कविता हूं
सैनिकों के हृदयों में देशप्रेम जाग्रत करने
की जोशभरी हुंकार हूं वीर शहीदों के
बलिदान, सम्मान का
अनमोल श्रृंगार हूं !!!



## राशिफल

**मेष:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# पचास फीसद सीट वृद्धि पर भ्रामक है कांग्रेस का विमर्श

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

वर्तमान बजट सत्र के दौरान लोकसभा की सीटों में पचास प्रतिशत वृद्धि के संभावित प्रस्ताव को लेकर देश की राजनीति में एक नया विमर्श खड़ा किया जा रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे दक्षिण और छोटे राज्यों के खिलाफ एक साजिश के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, परंतु इस पूरे मुद्दे का विश्लेषण यह संकेत देता है कि यह विमर्श तथ्यों से अधिक आशंकाओं और राजनीतिक पूर्वाग्रहों पर आधारित है। इसे कांग्रेस की नासमझी की पराकाष्ठा कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा!

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि भारत की संसद और विशेष रूप से लोकसभा की संरचना समय के साथ स्थिर नहीं रही है, इसमें कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। 1952 में पहली लोकसभा के गठन के समय कुल सीटों की संख्या 489 थीं, 1957 में सीटों की संख्या बढ़कर 494 हो गई। 1967 के परिसीमन के बाद सीटों की संख्या बढ़कर 520 कर दी गई जोकि 1973 (31वां संविधान संशोधन) जब सीटों की संख्या में बड़ी वृद्धि की गई। 1971 की जनगणना के आधार पर 1977 तक सीटों को 525 से बढ़ाकर 545 (543 निर्वाचित + 2 मनोनीत) कर दिया गया। वस्तुतः कांग्रेस को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि यह वृद्धि देश की बढ़ती जनसंख्या और प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को ध्यान में रखकर की गई थी।

इसके बाद 42वां संविधान संशोधन (1976) के तहत परिसीमन की प्रक्रिया को वर्ष 2001 तक स्थगित कर दिया गया। बाद में 84वां संविधान संशोधन के माध्यम से इस स्थगन को 2026 तक बढ़ा दिया गया। इसका उद्देश्य था कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास किए हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। यही संदर्भ बताता है कि संसद की सीटों का निर्धारण एक जटिल और संतुलित प्रक्रिया है, न कि किसी एक सरकार की मनमानी का परिणाम। ऐसे में कांग्रेस द्वारा यह आरोप लगाना कि नरेंद्र मोदी सरकार जबरन पचास फीसद सीट वृद्धि का बिल ला रही है, तथ्यों से परे प्रतीत होता है। नए संसद भवन में लोकसभा के लिए 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो भविष्य में होने वाली संभावित वृद्धि की ओर संकेत करती है। अब वर्तमान में 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के आधार पर सीटों की संख्या को 543 से बढ़ाकर 800+ करने के प्रस्तावों पर चर्चा चल रही है। जिसमें कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपने बयान में दक्षिणी राज्यों को संभावित नुकसान की बात कही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु की सीटों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया, परंतु उनका यह तर्क अधूरा है क्योंकि यह केवल संख्यात्मक वृद्धि को देखता है, प्रतिनिधित्व के व्यापक सिद्धांत को नहीं। वस्तुत- वे कैसे भूल सकते हैं कि लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का मूल आधार जनसंख्या होती है। यदि किसी राज्य की जनसंख्या अधिक है तब स्वाभाविक रूप से उसके प्रतिनिधियों की संख्या भी अधिक होगी। यह सिद्धांत न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व के अधिकांश लोकतंत्रों में लागू होता है। ऐसे में यदि उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 120 होती हैं और तमिलनाडु की 39 से 59 तो यह वृद्धि अनुपातिक ही मानी जाएगी। इसके अलावा, यह भी ध्यान देने योग्य है कि प्रस्तावित वृद्धि सभी राज्यों में समान प्रतिशत (50फीसद) के आधार पर की जा रही है। इससे किसी भी राज्य के वर्तमान अनुपात में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। कांग्रेस का यह दावा कि इससे गहरे प्रभाव होंगे, अधिकतर काल्पनिक आशंकाओं पर आधारित है। मनीष तिवारी ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए परिसीमन को फ्रीज करने या नया फार्मूला खोजने की बात कही है, किंतु यह दृष्टिकोण भी व्यवहारिक नहीं लगता। यदि जनसंख्या बढ़ रही है और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को प्रभावी बनाना है, तब सीटों की संख्या बढ़ाना एक स्वाभाविक और आवश्यक कदम है। महिला आरक्षण के संदर्भ में भी इस प्रस्ताव को देखा जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए सीटों की संख्या बढ़ाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता है। इससे वर्तमान प्रतिनिधियों की सीटें सुरक्षित रहने के साथ ही नए अवसर भी पैदा होंगे। वहीं कांग्रेस का यह तर्क देना कि इससे दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों को नुकसान होगा, एक प्रकार से क्षेत्रीय असंतोष को बढ़ावा देने का प्रयास प्रतीत होता है। जबकि वास्तविकता यह है कि परिसीमन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जोकि सभी राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेता है। अरे, इसका तो गठन ही जनगणना के आधार पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण करने के लिए होता है। जिसे स्वयं राष्ट्रपति अनुच्छेद 82 के अंतर्गत करते हैं। इस संबंध में अब तक एतिहासिक संदर्भ यही बताते हैं कि संसद में परिवर्तन हमेशा व्यापक सहमति और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुए हैं। चाहे वह 1976 का संशोधन हो या 2001 का, सभी निर्णयों का उद्देश्य देश की एकता और लोकतांत्रिक संतुलन को बनाए रखना रहा है। आज जब भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, तब संसद की संरचना को भी समय के अनुसार विकसित करना आवश्यक है। जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना वर्तमान भारतीय लोकतांत्रिक आवश्यकता है, निश्चित ही यह शासन की प्रभावशीलता को भी बढ़ाएगा। कुल सार रूप में यहां कहना यही है कि आज कांग्रेस का इस मुद्दे पर खड़ा किया गया विमर्श तथ्यों की बजाय राजनीतिक आशंकाओं पर आधारित है। संसद की सीटों में वृद्धि एक दीर्घकालिक और आवश्यक सुधार है, जिसे क्षेत्रीय दृष्टिकोण से नहीं बल्कि राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए, इसलिए जरूरी यह है कि इस विषय पर गंभीर और तथ्यात्मक चर्चा हो, न कि भ्रम और भय फैलाने वाली राजनीति। हम सतत एक मजबूत, संतुलित और समावेशी लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ते रहें, इसके लिए यही आवश्यक है कि देश में राजनीतिक या सामाजिक स्तर पर कोई झूठा नैरेटिव न गढ़े, जोकि इस वक्त कांग्रेस गढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी, गोताखोर मृतक के शव को खोजने में जुटे

**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़/महोबा।**

कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा तालाब में घूमने गए तीन युवकों के नाव पलटने से डूब जाने से एक युवक की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है? जबकि दो लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गये । सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को खोजने में लगे हुए हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरा में काफी बड़ा तालाब है इसी तालाब में लाडपुर निवासी बंटी अहिरवार 30 वर्ष अपने दो आसाथी मोनू अहिरवार व आकाश अहिरवार के साथ तालाब में नाव से घूमने गये हुए थे।अचानक नाव पलटने से डूब गए जिसमें से दो युवक मोनू अहिरवार व आकाश अहिरवार ने तैरकर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गए, लेकिन साथी बंटी पुत्र स्व भगवान दास उम्र 30 वर्ष जो तैरना नहीं जानता था डूब कर मौत होने की आशंका जताई जा रही है । जीवित बचे साथी युवकों ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक योगेश रावत, उपनिरीक्षक अनिल कुमार , सहित पुलिस बल ने आपदा मित्र एवं गोताखोरों को बुलाकर मृतक के तलाश में जुटे हुए हैं।

## 20 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कस्बे में छापेमारी कर 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक स्वप्निल सिंह के नेतृत्व में टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। मुखबिर की सूचना पर एक मकान और संबंधित दुकान पर जांच की गई, जहां पहले तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन बाद में दुकान में रखी प्लास्टिक की बोरी से अवैध शराब बरामद हुई। इस मामले में कस्बा निवासी लेखराम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अवैध रूप से शराब रखने की बात स्वीकार की और मौके पर माफी भी मांगी। बरामद शराब में से दो क्वार्टर नमूने के रूप में सील किए गए, जबकि शेष 18 क्वार्टर को भी विधिवत सील कर कब्जे में लिया गया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत उकरा,विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उकरा,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**संजय कुमार** — ग्राम प्रधान
**सुनील यादव** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकरिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**इन्द्रा देवी** — ग्राम प्रधान
**सुनील यादव** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत सालपुर सेमरा ,विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भिवपुर,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**आसाराम** — ग्राम प्रधान
**सुभाष चंद्र पांडे** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत लुवावां विकास खण्ड पड़री कृपाल जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड,निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लुवावां विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल मनरेगा के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 09.04.26 को पूर्वाहन 2 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 10.04.26 अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**नीलम तिवारी** — ग्राम प्रधान
**सुभाष चंद्र पाण्डेय** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत ठडवरिया विकास खण्ड पड़री कृपाल जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड,निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठडवरिया विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल मनरेगा के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 09.04.26 को पूर्वाहन 2 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 10.04.26 अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**श्रीमती कृष्णा देवी** — ग्राम प्रधान
**सुभाष चंद्र पाण्डेय** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत सोनापार विकास खण्ड पड़री कृपाल जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा,15 वा वित्त आयोग,पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड,निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोनापार विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, मनरेगा योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल मनरेगा के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 09.04.26 को पूर्वाहन 1 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक 10.04.26 अपराहन में निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**देवेन्द्र दत्त राम पांडे** — ग्राम प्रधान
**सुभाष चंद्र पाण्डेय** — सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत खैरा,विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरा,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**पूनम** — ग्राम प्रधान
**रजनीश कुमार** — सचिव

# मरीजों को त्वरित-मानक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय का सघन निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का बिंदुवार परीक्षण किया तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, त्वरित और मानक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि पर्चा एवं टोकन काउंटर पर मैनपावर बढ़ाई जाए, काउंटर का स्थान विस्तृत किया जाए तथा एक स्पष्ट फ्लैक्सी/डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाए, जिसमें पंजीकरण की प्रक्रिया, समय सारणी एवं आवश्यक जानकारी अंकित हो, ताकि मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रेषित करने तथा कान जांच मशीन (ईएनटी उपकरण) क्रय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक स्वयं प्रत्येक कक्ष/ केबिन में जाकर चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करें, उन्हें प्रेरित करें, मरीजों की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बजट अथवा अन्य किसी प्रकार की बाधा होने पर तत्काल अवगत कराने को कहा, ताकि समयबद्ध समाधान किया जा सके। ईडीएल में दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध 178 प्रकार की दवाएं ही हैं।

मानक के अनुरूप औषधियों की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ईएनटी कक्ष, नेत्र कक्ष, ऑपरेशन थिएटर एवं उपकरणों का निरीक्षण करते हुए ऑपरेशन थिएटर प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन

**▸ जिलाधिकारी ने किया सौ शैया अस्पताल का सघन निरीक्षण**

सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सैंपलिंग/ कलेक्शन कक्ष, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड तथा इमरजेंसी कक्ष का सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता कर उपचार, दवाओं तथा भोजन आदि व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर आईसीयू को शीघ्र क्रियाशील किया जाए तथा प्राप्त उपकरणों/सामग्री का स्टॉक पंजिका से मिलान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बैठक कर जिलाधिकारी ने स्टेशनरी, डीजल/पेट्रोल, व्यावसायिक सेवाएं, अनुरक्षण, औषधि-रसायन, औषधालय, साज-सज्जा, कंप्यूटर अनुरक्षण, पैथोलॉजी तथा आउटसोर्स कर्मियों के वेतन आदि मदों में व्यय की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी सामान क्रय किया जाए, जेम पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं। अस्पताल परिसर, वॉटर कूलर सहित, पूर्णतः स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखा जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सेवा, संवेदनशीलता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस सिम्मी दीक्षित ने बिखेरा अपना जलवा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के पास असालत नगर गांव निवासी बॉलीवुड अभिनेत्री सिम्मी दीक्षित ने खुशी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा भोपाल में आयोजित भव्य ब्यूटी टैलेंट शो में ने अपनी उपस्थिति से पूरे कार्यक्रम को रोमांचक बना दिया। शहर की नई प्रतिभाओं ने रैंप पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुति दी और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आयोजकों नीलेश मालवीय और निक्की मालवीय ने स्थानीय टैलेंट को मुख्यधारा का मंच प्रदान कर एक सराहनीय पहल की। शो के दौरान विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को उनके आत्मविश्वास, वॉक और ओवरऑल प्रस्तुति के आधार पर सम्मानित किया गया। मिस टीन भोपाल का खिताब स्वरा वेधा ने जीता, जबकि मिसेज भोपाल का ताज श्रद्धा पांडेय और प्रियंका पुरोहित ने अपने नाम किया। मिसेज ब्यूटीफुल का सम्मान प्रियंका चौबे को मिला।

**स्थानीय प्रतिभाओं को दिया बड़ा मंच**

कार्यक्रम में मेकअप और हेयर स्टाइलिंग की जिम्मेदारी मंजुला द्विवेदी और जोशना राठौर ने संभाली। विशेष अतिथियों के रूप में निमिषा सक्सेना, पिंकी, किरन, रानी, ममता तेजवानी, पूर्णिमा और वेदिका तोमर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

खास बातचीत में सिम्मी दीक्षित ने कहा भोपाल बहुत अच्छा शहर है। यहां के लोग बेहद प्यारे और मेहमाननवाज हैं। नीलेश मालवीय और निक्की मालवीय ने जो कार्यक्रम आयोजित किया है, वह वाकई सराहनीय है। उनकी पूरी टीम बहुत बड़ी और समर्पित है।

यह कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित देने और उन्हें बड़े प्लेटफॉर्म देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों को मिला लाभ



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगरपालिका रोड पर संजीवनी हास्पिटल में हड्डी एवं हृदय रोग से संबंधित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों लगभग 150 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी एवं जिला महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य ईंतेंद्र राजपूत ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ.वीरेंद्र कुमार यादव (एमडी, डीएम) ने सीने में दर्द, सांस फूलना, पसीना आना व सूजन जैसी हृदय संबंधी समस्याओं पर मार्गदर्शन किया, वहीं ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ.अक्षय दुआ (एमएस) ने घुटने, कंधे के दर्द, फैक्चर व लिगामेंट से जुड़ी समस्याओं का परीक्षण कर उपचार संबंधी सलाह दी। इस दौरान प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद द्विवेदी, डॉ. रजनीश द्विवेदी, अजीत भास्कर, प्रभात अवस्थी एवं शिव कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा पुल, जाम से मिलेगी राहत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द ही ओवरब्रिज पुल का निर्माण किया जाएगा, जिससे आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। लंबे समय से इस क्रॉसिंग पर जाम की समस्या बनी हुई थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस परियोजना के लिए लगभग 85 से 90 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है। शासन स्तर से इसकी पहली किस्त भी जारी कर दी गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। पुल बनने के बाद शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक बंद होने पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी, जिससे कई बार एंबुलेंस और स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती थी। इस पुल के निर्माण से न सिर्फ जाम की समस्या खत्म होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी।



नगरवासियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके रेलवे क्रॉसिंग पर पुल बनने से लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। लंबे समय से लोग इस समस्या से परेशान थे। अब आवागमन आसान हो जाएगा और समय की भी बचत होगी। **-प्रियंका प्रजापति -अध्यापिका गीता इंटर कॉलेज**



फाटक बंद होने पर घंटों इंतजार करना पड़ता था, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ता था। पुल बनने से बाजार में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और कारोबार में तेजी आएगी। **- डॉ. राहुल आर्य**



स्कूल और कोचिंग जाने में रोजाना देरी हो जाती थी। कई बार ट्रेन के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहता था। अब पुल बनने से छात्रों को समय पर पहुंचने में मदद मिलेगी। **-दीप चंद्र (अध्यापक)**



रेलवे क्रॉसिंग पर पुल बनने से लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। लंबे समय से लोग इस समस्या से परेशान थे। अब आवागमन आसान हो जाएगा और समय की भी बचत होगी। **-शिवम वर्मा (अध्यापक ) गीता इंटर कॉलेज**

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**कन्नौज।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला थाना ठठिया क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2022 में अभियुक्त के खिलाफ धारा 376, 323, 506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसके बाद अभियोजन पक्ष, मॉनिटरिंग सेल और कोर्ट पैरोकारों ने प्रभावी पैरवी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए। शुक्रवार को पॉक्सो एक्ट कोर्ट कन्नौज ने अभियुक्त जेपी उर्फ रंजित कुमार निवासी ग्राम मामा, थाना ठठिया को दोषी पाते हुए शेष जीवनकाल तक के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक पर्यावरणविद् रंजू पाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम पंचायत खल्ला नौगाई स्थित टंकी परिसर एवं हनुमान मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का अनुपम संदेश दिया।

उन्होंने अशोक, पारस, पीपल, चितवन और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। रंजू पाल ने कहा जन्मदिन जैसे खुशी के मौकों को केवल उत्सव तक सीमित न रखें। समाज के हित में कुछ कर गुजरना चाहिए। पेड़-पौधे न सिर्फ वायु को शुद्ध करते हैं, बल्कि मिट्टी का कटाव रोकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनते हैं। हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण स्वस्थ और हरा-भरा बना रहे।

इस मौके पर हिमानी बर्थवाल, ममता यादव, अरबिन्द शाक्य, धर्मेंद्र प्रजापति, टोनी दुबे समेत स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से वंचित रह गए छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। समाज कल्याण विभाग जल्द ही पोर्टल दोबारा खोलेगा, जिससे पात्र विद्यार्थी पुनः आवेदन कर सकेंगे और योजना का लाभ ले सकेंगे। यह निर्णय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर लिया गया है। राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी पात्र छात्र को केवल तकनीकी या अन्य कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। पोर्टल दोबारा खोलकर पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से धनराशि सीधे छात्रों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। उपनिदेशक समाज कल्याण आनंद कुमार सिंह ने बताया कि नैशनल इंफॉर्मेटिक सेंटर (एनआईसी) को मास्टर फीस उपलब्ध न हो पाने के कारण कई छात्रों की आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। अब इस तकनीकी समस्या का समाधान किया जा रहा है और जल्द ही पोर्टल खोल दिया जाएगा।

## डकैती की तैयारी में दोषी को साढ़े तीन साल की सजा

**कन्नौज।** डकैती की तैयारी के मामले में एडीजे प्रथम कोर्ट ने अभियुक्त राहुल उर्फ रंगा को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास और 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला वर्ष 2016 का है, जिसमें थाना कन्नौज में धारा 399/402 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**गुरसहायगंज /कन्नौज।** आज नगर के गीता इंटर कॉलेज में एक वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वित्तीरित किये गए । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिससे पूरे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक रामनाथ प्रजापति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अभिवावक, शिक्षक रविकांत, सुभाष चंद्र पाल, विजय बाथम, दीप चंद्र, सीमा, जाग्रति प्रजापति, उन्नति, आदि शिक्षक मौजूद रहें।

## धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव व नव प्रवेश उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालय रामपुर निगोह में वार्षिकोत्सव के साथ नव प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापिका गीतिका मिश्रा, जोगेंद्र सिंह, सरिता देवी व नेहा दुबे ने अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि एआरपी राजेश गौतम ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूल में ही कराएं क्योंकि सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा उपलब्ध है और बच्चों का भविष्य यहां भी उज्ज्वल बनाया जा सकता है। एआरपी अर्चना चतुर्वेदी ने विभागीय विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र तथा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसने पूरे माहौल को और अधिक आकर्षक बना दिया। नव प्रवेश उत्सव के अंतर्गत सत्र के पहले दिन 8 छात्रों का नवीन पंजीकरण किया गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जटपुरा गांव में रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस लौटते समय गुरुवार रात करीब 10:30 बजे किशनी थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कोई अज्ञात वाहन बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मारकर रौंदते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में नगर के तीनों लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी 35 वर्षीय आफताब उर्फ छोटे (पुत्र इकबाल), मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी 34 वर्षीय मो. वसीम (पुत्र मो. मतीन) और 50 वर्षीय सत्तार (पुत्र रज्जाक खान) शामिल हैं। तीनों मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में इदरीश की बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। वापसी पर

**▸ शादी समारोह से लौटते समय थाना किशनी क्षेत्र में हुआ हादसा**

बाइक से आ रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहम्मद वसीम और सत्तार की मौके पर ही मौत हो गई। घायल आफताब को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सैफई रेफर किया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शव सड़क पर पड़े रहने के कारण कई वाहन उन पर से गुजर गए, जिससे शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। पॉलिटेक्निक कॉलेज के चौकीदार और ग्रामीणों ने तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ सपा नेता दीपू चौहान ने मृतकों के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# पुलिस ने मेले में बिछड़े मासूम को परिवार को सौंपा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधौनगर स्थित माँ आनन्दी देवी मंदिर के मेले में भीड़भाड़ के बीच 4 वर्षीय मासूम अनुराग परिवार से बिछड़ गया। बच्चा अपने पिता अमित के साथ सरदामई गांव से मेले में आया था।

लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। एमएसके टीम को सक्रिय कर मेले में तलाश शुरू की गई। पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई और कुछ ही देर में बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद बच्चे को उसकी दादी बिट्टो देवी को सौंप दिया गया। परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। इस कार्य में उपनिरीक्षक हरेकृष्ण, हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह, कांस्टेबल सोनू कुमार, महिला कांस्टेबल सुचेता देवी, पीआरडी सरोजनी देवी और कांस्टेबल रोशनी बालियान की सराहनीय भूमिका रही।

# ठठिया थाने में दरोगा ने साधु को धकेला, वीडियो वायरल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना परिसर में दरोगा द्वारा एक साधु को लाठी से धकेले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, संबंधित साधु ने पुलिस पर किसी भी तरह की मारपीट या अभद्रता के आरोपों से इनकार किया है।

मामला थाना क्षेत्र के बल्लपुरवा गांव का है। यहां साधु मुकेश का अपने भाई गोपाल से फसल काटने को लेकर विवाद हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। बताया जा रहा है कि थाने में मौजूद दरोगा नंदलाल पाल ने साधु को अंदर जाने के लिए कहा, लेकिन उनके अनसुना करने पर लाठी से



ठठिया थाने में दरोगा ने साधु को लाठी से धकेला, वीडियो वायरल

धक्का देकर अंदर भेजा। घटना का वीडियो पुलिस की गाड़ी में बैठे एक सिपाही द्वारा बनाया गया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद दरोगा पर अभद्रता के आरोप लगाते हुए

**▸ फसल विवाद में थाने पहुंचे थे दोनों भाई**
**▸ साधु ने मारपीट से किया इनकार**
**▸ वीडियो बनाने वाले सिपाही की तलाश**

कार्रवाई की मांग उठने लगी। वहीं, मामले में नया मोड़ तब आया जब साधु मुकेश का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें उन्होंने पुलिस पर किसी भी प्रकार की मारपीट या दुर्व्यवहार से साफ इनकार किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। साथ ही उस सिपाही की भी पहचान की जा रही है, जिसने वीडियो बनाकर वायरल किया। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुड फ्राइडे पर फादर ने दी प्रेम और बलिदान की सीख

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** ग्राम लालकपुर स्थित कैथोलिक चर्च में गुड फाइडे पर फादर संतोष सेलेस्टिन ने प्रभु यीशु को याद कर प्रेम और बलिदान की सीख देने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। सेंट पॉल चर्च में शुक्रवार को दोपहर बाद प्रार्थना की गई। इससे पहले गुरुवार की रात से प्रभु यीशु की आराधना शुरू हुई। शुक्रवार सुबह से सभी ने उपवास किया और फिर प्रार्थना सभा हुई। इसमें फादर संतोष सेलेस्टीन ने गुड फाइडे के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा जब हम प्रभु यीशु की इच्छा के अनुसार नहीं चलते हैं या जरूरतमंदों की सहायता नहीं करते हैं अथवा सच बोलने वालों का समर्थन नहीं करते हैं तब हम एक तरह से प्रभु यीशु के उपदेश को मानने से इनकार करते हैं। हमें खुद को विनम्र बनाना चाहिए और एक दूसरे की सहायता हमेशा करनी चाहिए। फादर ने कहा प्रभु ईसा मसीह ने शुक्रवार के दिन ही अपने जीवन का बलिदान दिया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुर वृंदावन, विकास खण्ड पड़ी कृपाल, जिला गोण्डा**

पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27

**(निविदा सूचना )** **दिनांक 2.04.2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जगदीशपुर वृंदावन,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**दुर्गेश**
**ग्राम प्रधान**

**सुभाष चंद्र पांडे**
**सचिव**

# सेवा और समर्पण का सम्मान थीम पर विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजित

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह ने भावनाओं, संस्कृति, सम्मान और गरिमा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की थीम सेवा और समर्पण का सम्मान रही, जिसने न केवल उपस्थित जनसमूह के हृदय को स्पर्श किया, बल्कि शिक्षा, संस्कार और गुरु-परंपरा के प्रति आदर की भावना को भी जीवंत कर दिया।

यह विशेष आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ उस गरिमामयी अवसर पर संपन्न हुआ, जब विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार जिन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय शिक्षा-जगत को समर्पित करते हुए चौ. गजराज सिंह इंटर कॉलेज टिलियां, फर्रूखाबाद में प्रधानाचार्य पद पर रहते हुए सेवाएं प्रदान कीं उनके सेवानिवृत्ति होने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर को और भी विशेष बनाने वाली बात यह रही कि यह आयोजन उनके जन्मदिवस के शुभ अवसर से भी जुड़ा हुआ था। अतः यह समारोह सम्मान, कृतज्ञता और उत्सव–तीनों भावनाओं का एक अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम पाल सिंह, प्रबंधक, चौ0 गजराज सिंह इंटर कॉलेज टिलियां, फर्रूखाबाद की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प वर्षा, के साथ माल्यार्पण एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा नृत्य, गीत, नाटक, समूहगान, भावपूर्ण अभिनय और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह, ऊर्जा और भावनात्मक ऊँचाई से भर दिया। उनके सम्मान में प्रस्तुत शब्द, पुष्प, अभिनंदन और तालियों की गूंज ने पूरे समारोह को भावविभोर कर दिया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों के मन में गुरुजनों, अभिभावकों और वरिष्ठजनों के प्रति आदर की भावना को और अधिक सशक्त करने का सुंदर प्रयास किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह ने किया द्ध समारोह के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों और आगंतुकों ने विद्यालय परिवार को इस सुंदर, संस्कारमय और उत्कृष्ट आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर गजेंद्र सिंह यादव , बृजेन्द्र सिंह, अवनीश कुमार , डॉ गौरव कटियार , उमेश यादव , जितेंद्र यादव,अजय पाल सिंह, अंकित सिंह, अनुज कुमार सहित तमाम क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

## हनुमान गढ़ी मंदिर में यज्ञ व भंडारा का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राचीन सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित अरविंद दास चतुर्वेदी जी ने यज्ञ की पूर्ण आहुति देकर समापन किया। यज्ञ के समापन के बाद मंदिर के महंत प्रभात दास शुक्ला जी एवं सेवक अचल दास जी ने भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से मंदिर परिसर में पहुंचे। प्रसाद ग्रहण करते समय हर चेहरे पर भक्ति और आनंद झलक रहा था। मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था ऐसी की कि कोई भी भक्त बिना प्रसाद लिए न लौटे। यज्ञ और भंडारे ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना दिया।

**नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज**

पत्रांक- 1192/न.पा.प.,गुर.गंज/एसबीएम दिनांक 31.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**
**(Public Notification)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है।

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज की रैंकिंग एवं मूल्यांकन में नागरिकों का फीडबैक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत उपलब्ध माध्यमों (मोबाइल ऐप/ क्यूआर कोड/कॉल/ऑनलाइन प्लेटफॉर्म) के माध्यम से स्वच्छता संबंधी अपना सकारात्मक फीडबैक अवश्य दर्ज करें।

नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही नगर पालिका को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान सुनिश्चित किया जा सकता है।

अतः सभी नागरिकों से विनम्र अनुरोध है कि वे स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता करें एवं फीडबैक देकर नगर पालिका परिषद को स्वच्छता में अग्रणी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

दिनांकः 31.03.2026

स्थानः गुरसहायगंज

**अनिल कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**

**मुन्नी देवी**
**अध्यक्ष**

# किशोरी की हत्याकाण्ड का आरोपी विवेक पाल मुठभेड़ में गिरफ्तार

- जबरदस्ती का विरोध करने पर की थी हत्या
- सामूहिक दुष्कर्म का भी हो सकता है मामला, रिपोर्ट का इंतजार

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज क्षेत्र में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद हत्या कर देने के मामले में वांछित अभियुक्त विवेक पाल को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयोग की गई बाइक व तमंचा कारतूस बरामद हुए है। इस दौरान एक कांस्टेबिल भी घायल हुए है। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को वादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में दाखिल किया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2)/61(2) बीएनएस कुलदीप आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियोग में नामजद बाल अपचारी से बाउम्मीद बरामदगी अपहर्ता, बाल अपचारी द्वारा बताये हुये स्थान पर नदी के किनारे खाई में प्लास्टिक की बोरी की तरफ इशारा करके बताया की इस बोरी में लाश है। तब मौके पर वादी को अवगत कराया गया, वादी द्वारा मौके पर



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

पुहंचकर शव की शिनाख्त की गई तथा शव बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 103(1)/238 बीएनएस व 3/4/18 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। बाल अपचारी से पूछताछ के दौरान विवेक कुमार पुत्र अजयपाल निवासी सिरौली थाना नवाबगंज का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक सत्यनारायण, उपनिरीक्षक राम सिंह व उनकी तथा एसओजी प्रभारी सचिन सिंह चौधरी एवं सर्विलांस टीम प्रभारी संत कुमार ने घेराबंदी कर आरोपी विवेक कुमार से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, किंतु अभियुक्त द्वारा पुलिसकर्मियों पर फायर कर दिया गया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया। जिससे विवेक उपरोक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। मौके से अभियुक्त के कब्जे से 01 नाजायज तमंचा, 02 अदद जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर धारा 109(1) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम विवेक उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त विवेक एंव बाल अपचारी के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं पूछताछ में अभियुक्त विवेक ने बताया नाबालिग युवक मेरा अच्छा दोस्त था, जो नाबालिग युवती को कही ले जाने के उद्देश्य से मेरे पास आया था। मेरे द्वारा नाबालिग युवती से छेड़खानी करने का प्रयास किया गया, जिसके लिए नाबालिग युवती तैयार नहीं थी। इसी गुस्से में नाबालिग युवती से जबरदस्ती करते हुए मैंने युवती का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। सूत्रों की मुताबिक पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ के दौरान किशोरी से जबरदस्ती करने जैसी बात सामने आयी है। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म करने की पुष्टि नहीं की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

# शराब के नशे में युवक ने पालतू कुत्ते को मारी गोली

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- जान से मारने की नीयत से कुत्ते के ऊपर किया फायर

शराब के नशे में धुत्त युवक ने पालतू कुत्ते को गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया। कुत्ता मालिक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर निवासी अनिकेत श्रीवास्तव पुत्र शिव शंकर श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पालतू कुत्ता बीती रात 8 बजे घर के बाहर बैठा था।

पत्नी सुमन एवं बहन सुरभि कुत्ते के पास ही बर्तन धो रही थी, तभी राहुल कटियार पुत्र स्वर्गीय राजेन्द्र कटियार निवासी बीबीपुर घर के बाहर आया और तमंचा निकाल कर जान से मारने की नीयत से कुत्ते के ऊपर फायर कर दिया। पहली बार में कुत्ता बच गया, लेकिन दोबारा फिर से राहुल कटियार ने तमंचे से फायर किया गया। जिससे गोली कुत्ते की गर्दन के पास लग गयी और वह वहीं घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

# पत्नी की हत्या में फरार आरोपी पति गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी पति

- दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया था घटना को अंजाम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या में फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गाँव आजमपुर निवासी रामशरण ने कोतवाली कायमगंज में दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 22 माह पूर्व उन्होंने अपनी बेटी शोभादेवी का विवाह कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अमलैया मुकेरी निवासी शिवेन्द्र उर्फपिन्टू के साथ किया था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति शिवेन्द्र ने दहेज में मोटर साइकिल की मांग को लेकर पत्नी शोभा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

30 मार्च को दहेज की माँग पूरी न होने पर शिवेन्द्र उर्फपिन्टू ने शोभा की हत्या कर दी। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने इसे दुर्घटना दिखाने की कोशिश की और दावा किया कि शोभा छत पर कपड़े सुखाते समय बन्दरों के हमले से घबराकर सीढ़ियों से गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी पति शिवेन्द्र उर्फ पिन्टू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

## नाबालिक को भगा ले जाने में युवक सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली फतेहगढ़ के उपनिरीक्षक राममोहन सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल को वादिनी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि अभियुक्तों द्वारा षडयंत्र कर नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर शादी के उद्देश्य से भगा ले गये है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 137(2)/87/61(2) बीएनएस के तहत रामदेव उर्फ भूरा आदि 02 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त रामदेव उर्फभूरे पुत्र हरीशरन यादव निवासी सरैया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर व अभियुक्ता लक्ष्मी देवी उर्फनीरज पत्नी स्व0 राजकुमार निवासी नगला राजन भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

# सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल का आकस्मिक निधन

- प्रशासनिक अधिकारियों में शोक की लहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल का शुक्रवार शाम आकस्मिक निधन हो जाने से प्रशासनिक अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गयी।

सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल का परिवार गाजियाबाद में रह रहा है। वह जनपद में फरवरी 2024 से तैनात थे। वह लंबे समय से ब्लड प्रेशर, उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित थे। बीते दिन अवकाश लेकर फर्रुखाबाद से अपने घर गये थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहां इलाज के दौरान उन्होंने शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और सरल स्वभाव का अधिकारी बताया। जिले के प्रशासनिक



फाइल फोटो नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल

अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। वहीं बताया गया कि आगामी 30 अप्रैल को उनके पुत्र का विवाह था। जिससे शादी की खुशिया मातम में बदल गयी है।

# महात्मा रामचन्द्र के जलसे में बही श्रद्धा और भक्ति की सूफीयानी बयार

- शांतिपाठ और आन्तरिक अभ्यास के साथ 101 वां सालाना जलसा शुरु
- देश भर से आये हजारों अनुयायियों ने समाधि पर टेका माथा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सूफी संत महात्मा रामचन्द्र जी महाराज का 101वां सालाना जलसा पूरी शानो शौकत के साथ शुक्रवार को नवदिया फतेहगढ़ में उनकी समाधि पर शुरु हुआ। देश भर से आये सूफी अनुयायियों ने महात्मा जी की समाधि पर सजदा कर उनकी याद में आन्तरिक अभ्यास (ध्यान) किया। जलसे में सूफी संतों ने प्रवचन में मानवता और विश्व कल्याण के लिए कार्य करने का आवाह्न किया तथा महात्मा जी आदर्शों और शिक्षा को आत्मसात करने की आवाज उठायी।



महात्मा रामचंद्र की समाधि पर सजदा करते श्रद्धालु



जलसे में मौजूद महिलाएं

नक्स बंदिया सिलसिले के 36वें गुरु सूफीसंत महात्मा रामचन्द्र उर्फ लाला जी महाराज का जलसा शुक्रवार को उनकी समाधि नवदिया फतेहगढ़ पर शुरु हुआ। जिसमें देश भर से आये उनके अनुयायियों ने शिरकत की तथा शांति पाठ एवं आन्तरिक अभ्यास किया। जलसे में अनुयायी बेहद शांत पूर्ण वातावरण में खुद को रुहानी ताकत से जोड़ते हुए नजर आये। जलसे को संबोधित करते हुए महात्मा जी के प्रपौत्र सूफी संत विनय सक्सेना ने महात्मा की साधना पद्दित को अपनाकर निरंकार ब्रह्मा से जुड़ने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि ग्रहस्थ में रहकर साधना करना बड़ी बात है तथा धार्मिक कट्टरता से ऊपर उठकर ही सर्वधर्म समभाव स्थापित किया जा सकता है। लखनऊ से पधारे बुजुर्ग सूफी संत प्रभात मोहन ने कहा कि निरंकार ब्रह्मा से जुड़कर जीवन का वास्तविक मुकाम हासिल हो सकता है। समारोह में महात्मा जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी गई। जलसे में आये श्रद्धालुओं ने महात्मा जी के तलैयालेन स्थित पैतृक निवास पर हाजरी लगायी। सामूहिक भण्डारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला जज अलका श्रीवास्तव, प्रदीप बिसारिया, समीर सक्सेना, राजीव भगौलीवाल, गिरीश चन्द्र बाथम, अवधेश दुबे, मुन्नू सिंह तोमर, महात्मा जी की पौत्रवधू माधुरी सक्सेना, सौम्या सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

- 20 पौवे देसी शराब बरामद
- पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर की जा रही है अग्रिम विधिक कार्रवाई

पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में कस्बा राजपुर में 20 पौआ अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक सूरज सिंह, मय हमराह कांस्टेबिल अंकित कुमार के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कस्बा राजपुर में देसी शराब के ठेके के पास संदिग्ध स्थिति में खड़े युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 20 पौवे देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा निवासी ग्राम पिथनापुर थाना अमृतपुर बताया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था। थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा,



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## भाजपा का पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरुआत पीएसएम डिग्री कॉलेज में की गई। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कन्नौज देहात, मानीमऊ, ठठिया और जलालाबाद मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री (समाज कल्याण) एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा को एक वटवृक्ष की संज्ञा दी और कहा कि कार्यकर्ता उसकी मजबूत जड़ हैं, जो संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने प्रशिक्षण के दौरान संगठन विस्तार और मजबूती के गुर सिखाए, जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा को समाज में प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया। इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने क्षेत्रीय विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि महादेवी घाट के जीर्णोद्धार के लिए करीब 8.5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 18 कंपोजिट विद्यालयों में तीन करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट क्लास शुरू की जाएंगी, जिससे शिक्षा व्यवस्था आधुनिक बनेगी। कानपुर में सामने आए किडनी ट्रांसप्लांट मामले पर मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सरकार ने इस तरह के अपराधों पर कठोर कानून बनाए हैं और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कई चौकी इंचार्ज व उप निरीक्षक लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवेचना में लापरवाही के आरोप में चौकी इंचार्जो कार्यवाही की गई है। एसपी ने प्रभारी चौकी पल्ला विजय कुमार, प्रभारी चौकी ताजपुर अनिल सिकरवार एवं प्रभारी चौकी बबना इंस्पेक्टर राजेश कुमार यादव एवं शिकायत जांच प्रकोष्ठ के उप निरीक्षक अमर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह को शिकायत जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया।

# जानलेवा हमले में दो पर दोष सिद्ध, सजा की तिथि नियत आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त महेंद्र सिंह पुत्र स्व0 सूबेदार, हिंदराज पुत्र सुरेशचंद्र निवासीगण महमदपुर करसान मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 4 अप्रैल की तिथि नियत की गई है। विगत 16 वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम महमदपुर करसान निवासी वरुण कुमार पुत्र जागेश्वर ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि उसके गांव में पिछली बार प्रधानी चुनाव में गांव के प्रदीप चुनाव लड़े थे, लेकिन वह हार गए थे। प्रदीप ने गांव मुझे से पूंछा कि इस बार पिछली तरह वोट दोगे तो मैने कहा जिसे परिवार के लोग चाहेगें उसे वोट देंगे। इसी बात पर प्रदीप नाराज हो गये। पांच अगस्त 2010 को बीए सेकेंड का फॉर्म जमा करने नवाबगंज साइकिल जा रहा था। रास्ते में ग्राम महलई निवासी श्रीपाल साइकिल पर बैठ गए। जैसे ही बघोना व बेग के बीच पहुंचा, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल आई, जिसमें गांव के विक्रम, देशराज, प्रदीप बैठे हुए थे, तभी प्रदीप ने रोक लिया और कहा वोट दोगे या नहीं। मैने कहा जिसे चाहेगे उसे देंगे। इतने में प्रदीप व भारत ने तमंचा लेकर फायर कर दिया। मैं झुक गया, गोली श्रीपाल के लग गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग खेतों में काम कर रहे थे। ललकारने पर वह लोग भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त महेंद्र, हिंदराज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 4 अप्रैल की तिथि नियत की गई है।

# जेठ व सास ने बहू को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर जेठ व सास ने बहू को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना अंतर्गत सितवनपुर पिथू निवासी राधा देवी पत्नी सत्यपाल नया थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरे जेठ एवं सास में मुझे मारपीट घर से निकाल दिया। मेरी शादी 5 वर्ष पहले हुई थी। मेरे दो बच्चे भी हैं। मेरे दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। मेरी सास एवं जेठ ने मुझे 50 हजार रुपये लाने को कहा है। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भावान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम करुणा

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

से दीर्घकाल तक धराधाम पर विराजमान रहेंगे। अज भी विद्यमान है। परशुराम जन्मोत्सव वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन तृतीया को मनायी जाती है।



सुधेश दुबे

**संघ नेता सुधेश दुबे** ने बताया कि इस पर्व को अक्षय तृतीया के दिन पूरे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। परशुराम एक शस्त्र गुरु ही नहीं विभिन्न शस्त्र विद्या के ज्ञाता थे। उनके जन्मोत्सव घर-घर हवन पूजन का आयोजन होता है। वह ब्राह्मण समाज से लेकर सभी समाज के पूज्यनीय है। हम उनके जन्मोत्सव को पूजन के साथ धूमधाम से मनायेंगे। यह दिन तप, साहस और न्याय के प्रतीक परशुराम की पूजा, शोभा यात्रा का है।



राकेश मिश्रा उर्फ कल्लू भईया

**राजकीय ठेकेदार राकेश मिश्रा कल्लू भईया** ने बताया कि भगवान परशुराम परशु प्रतीक है। पराक्रम का राम पर्याय है, इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के धारक, भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक का नाम है। भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्र दोनों में महारथ हासिल की। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाया था। हम उनका जन्मोत्सव 19 अप्रैल को धूमधाम से मनायेंगे।



अजय दुबे अज्जू

**अजय दुबे अज्जू** ने बताया कि भगवान परशुराम को न्याय का देवता भी कहा जाता है। भगवान परशुराम त्रेता और द्वापर दोनों युगों में मौजूद रहे। इसलिए उन्हें भगवान श्रीकृष्ण और भगवान राम दोनों की लीला देखी थी। इसलिए वह श्रेष्ठ कहलाये। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 19 अप्रैल को हवन पूजन के साथ मनाया जायेगा। यह दिन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करने वाले भगवान परशुराम को समर्पित है।

# जो क्रूस पर कुर्बान हैं, वही मेरे हैं मसीहा

**गुड फ्राइडे पर गिरजा घरों में प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुड फ्राइडे पर सीएनआई सिटी चर्च, सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई रखा चर्च व ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया। प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए सात वचनों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। पादरी मनोज कुमार ने बढ़पुर चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया और वचनों के माध्यम से प्रकाश डाला। सभा में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए इन सात वचनों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, क्षमा, त्याग और उद्धार के संदेश को लोगों तक पहुँचाया, ताकि लोग इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर प्रभु की इच्छा के अनुसार चल सकें और अपने जीवन को स्वर्ग की प्राप्ति हेतु तैयार कर सकें। पहले वचन पर पादरी स्टीफन मसीह ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हमें किसी भी परिस्थिति में किसी को श्राप नहीं देना चाहिए, बल्कि ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि वह उन लोगों को भी क्षमा करे जो हमारे साथ गलत करते हैं, क्योंकि प्रभु यीशु मसीह ने भी हमें यही शिक्षा दी है। दूसरे वचन पर राजेश मसीह ने बताया कि यदि हम अपनी गलतियों को स्वीकार कर प्रभु से क्षमा मांगते हैं, तो प्रभु हमें क्षमा करते हैं और अपने राज्य के उत्तराधिकारी बनने का मार्ग दिखाते हैं। तीसरे वचन पर रंजीत मसीह ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपनी माता मरियम की देखभाल की, जिम्मेदारी अपने शिष्य को सौंप दी। इससे यह संदेश मिलता है कि हमें हर परिस्थिति में अपने माता-पिता का सम्मान और सेवा करनी चाहिए। चौथे वचन पर रोजीशन



सिटी चर्च में प्रवचन करते पादरी स्टीफन मसीह मौजूद लोग

विश्वासी ने बताया कि यीशु मसीह परमेश्वर के पुत्र हैं, जिन्होंने मानव जाति के उद्धार के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, ताकि हमारा जीवन बचाया जा सके। पाँचवें वचन में बताया गया कि प्रभु यीशु मसीह ने मैं प्यासा हूँ कहा। यह प्यास केवल शारीरिक नहीं थी, बल्कि मानवता के उद्धार और लोगों के प्रेम की प्यास थी, जिसे लोग समझ नहीं सके। छठे वचन पर मुकेश डेविड ने कहा कि पूरा हुआ के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह ने यह स्पष्ट किया कि वे जिस उद्देश्य से इस संसार में आए थे, उन्होंने उस कार्य को पूर्ण कर लिया और अपने पिता की इच्छा को पूरा किया। सातवें वचन पर पादरी स्टीवन मसीह ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने प्राणों को अपने पिता के हाथों में सौंप दिया और मानव जाति को यह आशा दी कि वे हमारे लिए स्वर्ग में स्थान तैयार कर रहे हैं। इस प्रकार क्रूस के सातों वचनों पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। इस विशेष आराधना सभा में बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से मुकेश डेविड, रंजीत मसीह, राजेश मसीह, यश, अभिषेक, विजयलाल तथा स्वेंद्र मसीह सहित अन्य अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए। सभी ने प्रभु यीशु मसीह के वचनों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनुसार अपने जीवन को ढालने का संकल्प लिया।

## डीएन कालेज में छात्र-छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार का दिया गया प्रशिक्षण



विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते योगेश कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को दुर्गा नारायण महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ बी0पी0-6 से किया गया। रेंजर्स द्वारा ध्वज शिष्टाचार किया गया। मुख्य प्रशिक्षक योगेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राम नरेश सिहं के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। संचालन रोवर प्रभारी डॉ0 पंचम कुमार के द्वारा किया गया। प्रशिक्षक के द्वारा रोवर्स/रेंजर्स को गांठ बन्धन, तम्बू बनाना, गैजेट्स बनाना, प्राथमिक चिकित्सा और प्रतियोगिताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रणबीर सिहं, ओमप्रकाश सिंह व योगेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

## जीवन में सुख शांति व आनंद एवं प्रेम की बहुत जरुरत: बीके अर्जुन कुमार



कार्यक्रम में मौजूद बीके शोभा बहन व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ओमशांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। माउंट आबू ज्ञान सरोवर से आए हुए ब्रह्मा कुमार अर्जुन भाई ने कहा हमें अपने जीवन में सुख शांति आनंद प्रेम की बहुत जरूरत है, लेकिन वह तब मिल सकती है जब हम परमात्मा को याद करेंगे, तब हमारे घर में हमारे परिवार में सुख की अनुभूति होगी। आज हमारे परिवारों में सुख की वजह दुख, शांति की वजह अशांति, प्रेम की वजह नफरत बढ़ती जा रही है, किसी भी प्रकार का दुख हो, परेशानी हो उस परमपिता परमात्मा को सुनाएं जिससे आपका मन हल्का और अच्छा अनुभव करेंगे। पांडव भवन से आए हुए ब्रह्मा कुमार सत्यनारायण भाई ने कहा कि दीवारों के भी कान होते हैं, हमारा चेहरा एक दीवार की तरह है, जिसमें आंख, नाक, मुख है हमें अपने कानों से सदैव अच्छी बातें सुननी चाहिए, आंखों से कभी किसी को गलत दृष्टि से नहीं देखना चाहिए, मुख हमारा एक धनुष की तरह है और जीव हमारी बाढ़ की तरह है, इसलिए सदैव हमें अपने मुख से ऐसे बोल बोलने हैं जो किसी को दुख न पहुंचे सदैव हमें अपने मुख से प्यार से बोलना है और मीठा बोलना है। घनश्याम भाई ने सभी भाई बहनों को गीतों के द्वारा बाबा का संदेश दिया। सभी का पटका तिलक मुकुट लगाकर सम्मान किया। रामोतार कुशवाहा, डीके शर्मा, सुआलाल मिश्रा ने माउंट आबू से आए हुए सभी भाइयों का सम्मान किया।



डॉ. रामकृष्ण राजपूत को सम्मानित करते लोग

## साहित्यकार डॉ. रामकृष्ण राजपूत को समाजसेवियों ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार इतिहासकार डा0 रामकृष्ण राजपूत के 82वें जन्म दिवस पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं नगर की विभिन्न संस्थाओं ने डॉ राजपूत के निवास जसमईर्द दरवाजा नूरपुर स्थित लॉ कॉलेज में उनको पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र उड़कर तथा स्मृति चिन्ह देकर दीर्घ आयु होने की कामना की। इस अवसर परमनदीप यादव, पूर्व विधायका उर्मिला राजपूत, मोहम्मद यूनुस अंसारी, डॉ0 भोजराज सिंह शाक्य, सुरेंद्र पांडे, रविंद्र भदोरिया, डॉ0 मोहम्मद मोहसिन, अनुराग पांडे, नासिर, मोहम्मद जाहिद, अंतरिक्ष राजपूत, देवकीनंदन गंगवार, राजेंद्र पाल, जय किशन, रामपाल सिंह यादव, नरेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर लोगों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छत्रपति शिवाजी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महरुपुर सरजू स्थित सरदार पटेल युवा वाहिनी द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. हरिश्चन्द्र पटेल ने कहा कि देश के खो चुके गौरव को पुनः हिंदवी स्वराज की स्थापना कर प्राप्त कराया। संगठित होकर समाज को शिक्षित बनाने पर समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। भारत के महान वीर, स्वाभिमान और हिंदवी स्वराज के छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन अद्वितीय साहस, नीति, न्याय और जनकल्याण की भावना से ओत-प्रोत था। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने



शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

अदम्य पराक्रम, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता से एक सशक्त एवं संगठित राज्य की स्थापना की। शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक आदर्श शासक भी थे। उन्होंने अपनी प्रजा की सुरक्षा, महिलाओं के सम्मान, धार्मिक सहिष्णुता और न्यायपूर्ण शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी गुरिल्ला युद्ध नीति, किलेबंदी की रणनीति और प्रशासनिक व्यवस्था आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि संकल्प मजबूत हो और उद्देश्य राष्ट्रहित का हो, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। उनका त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेगा। उनकी इस पुण्यतिथि पर हम सभी संकल्प लें कि उनके आदर्शों साहस, सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन में अपनाकर समाज और देश की उन्नति में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कटियार ने की तथा संचालन अनुज कटियार ने किया। इस मौके पर पवन कटियार, प्रशांत कटियार, उत्कर्ष कटियार, अनुज कटियार, शिवानु कटियार आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष अंशुल कटियार ने आभार व्यक्त किया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुर्कीपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा एवं नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हसनैन खान ने की। ग्राम तुर्कीपुर के पंचायत घर के पास स्थित फील्ड में आयोजित कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माला एवं पका पहनकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा किसी भी अन्य धर्म और समाज के विरुद्ध नहीं है। अल्पसंख्यक वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी में पूरे



कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष

सम्मान के साथ संगठन के विभिन्न दायित्वों पर कार्य करते हैं। भाजपा ने संगठनात्मक ढांचे में विभिन्न मोर्चे युवा, महिला, पिछड़ा वर्ग, किसान, अनुसूचित वर्ग के गठन के साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चे को भी स्थान दिया है। 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर हर वर्ग के साथ ही अल्पसंख्यक समाज को भी भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का कार्य करना है। कुलदीप गंगवार, गोपाल राठौर ने विचार व्यक्त किया। संचालन हसनैन खान ने किया। इस अवसर पर संदेश राजपूत, रश्मि दुबे, अभिषेक बाथम, जितेंद्र सिंह, अनुराग दुबे, संजय सिंह, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाजपेई, मनोज गंगवार, मोइन खान, अतर सिंह, कमल खान, राजुद्दीन, शाहिद हसन, ठा. अनवर हसन, कैसर खान, प्रवेश खान, तस्लीम खान, गिरीश चंद्र राजपूत, आमिर खान आदि लोग मौजूद रहे।

## महाविद्यालय निनौआ में पुरुस्कार वितरण के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह रही। संचालन सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ. शालिनी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। बीए की छात्राओं बबली आदि ने सरस्वती वंदना व आख्या दीक्षित ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। छात्र अमित कुमार द्वारा ईमानदारी के विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा आदित्य रत्न शाक्य व अमरेंद्र द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी

दी। बीएससी की छात्रा अनुष्का द्वारा प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किया। छात्र यशवर्धन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में जागरूकता पूर्ण व्याख्यान दिया तथा छात्रा मुस्कान द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया। छात्र जयकिशन ने की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों के अनुरोध पर प्राध्यापक डॉ. प्रियांशु गुप्ता ने भावपूर्ण गीत की प्रस्तुति दी तथा डॉ. अमित कुमार ने जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में विजय विक्रम, किशन पाल, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## चोरी के दो बोरी गेहूं के साथ तीन गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस द्वारा बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ÷ऑपरेशन चक्रव्यूह÷ अभियान के तहत शुक्रवार को थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित 3 अभियुक्तों जाने आलम पुत्र जुम्मन निवासी पूरे भरोसी मजरे शेखपुर भड़रा थाना बाजार शुक्ल, चाँद पुत्र ताज मो. निवासी पूरे मेढी लाल मजरे बदलगढ़ थाना बाजार शुक्ल व मशरूफ पुत्र मंसूर निवासी बदलगढ़ थाना बाजार शुक्ल को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 2 बोरी गेहूँ बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अम्बेडकर जयंती पर लखनऊ जायेंगे बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार ने जिला कमेटी एवं विधान सभा कमेटी की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के निर्देशों के अनुसार बूथ स्तर पर हो रही बैठकों की गहन समीक्षा की। एवं बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर लखनऊ जाने के लिए बूथ स्तर पर जाकर तैयारी करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में 14 अप्रैल 6 को होने वाले श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम डॉ अंबेडकर स्मारक स्थल लखनऊ पहुंचेगे। इस मौके पर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, दीपक कुशवाह, आरडी बौद्ध, अरविंद



तैयारी बैठक में मौजूद बसपा नेता

बाथम, सुरजीत, अरुण त्रिवेदी, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, आछेलाल पाल, रामरतन गौतम, जंगली लाल बाथम, शिवकुमार गौतम, अमित गौतम, दौलतराम बौद्ध, देवनरायन गौतम, रूपलाल वर्मा, विश्राम सिंह कठेरिया, देव कठेरिया, शैलेन्द्र गौतम, योगेन्द्र सिंह, अजय सैनी, राजू गौतम, रामप्रकाश, त्रिपुरेश गौतम, फूल सिंह, जितेन्द्र बौद्ध, धर्मेंद्र राणा, गौतम सिद्धार्थ, अजीत पाल, अहिवरन लोधी ,रामऔतार गौतम, प्रेमसिंह गौतम, मलिखान सिंह, रामप्रकाश, लखमीचन्द्र गौतम, सत्यपाल जाटव, सुभाष गौतम, प्रमोद जाटव, बृजेश फौजी, गोपीचन्द्र, डॉ0 राघवेन्द्र अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत शमशाबाद रोडवेज बस स्टैण्ड का शीघ्र होगा जीर्णोद्वार



परिवहन अधिकारी को पत्र सौंपते नदीम अहमद फारुखी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद के प्रतिनिधि नदीम अहमद फारुखी ने प्रबंध निदेशक सड़क परिवहन निगम को पत्र भेजकर बस स्टैण्ड का जीर्णोद्वार करने की मांग की थी। 18 जुलाई 2025 को भेजे गये पत्र में शमशाबाद के बस स्टैण्ड का जीर्णोद्वार कराये जाने की वार्ता हुई थी। यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जीर्णोद्वार बहुत जरुरी है। उन्होंने जीर्णोद्वार के संबंध में पुनः अवगत कराकर औपचारिकतायें एवं अनुमति व्यय का आगणन कर लिया गया है। जल्द ही बस स्टैण्ड का जीर्णोद्वार कार्य शुरु कर दिया जायेगा। जिससे शमशाबाद क्षेत्र की जनता को सुविधा मिलेगी।

## संचारी रोगों प्रति निकाली गई जागरुकता रैली




रैली के दौरान शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में संचारी रोग प्रभारी दर्शना शुक्ला ने छात्राओं को शपथ दिलायी। दिमागी बुखार एवं अन्य जनहित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। क्लोरिनेशन डेमो, पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग के विषय में छात्राओं को एवं अभिभावकों को जागरुक किया। विद्यालय में पोस्टर, निबंध, लेखन से छात्राओं को रोगो से बचाव, पर्यावरणीय स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में जागरुक किया। दर्शना शुक्ला ने हीट रिलेटेड इलनेसेज की जानकारी दी। इस मौके पर पूनम शुक्ला, राधा दीक्षित, सुनीता पाण्डेय, अर्चना कपूर, सीमा तिवारी, शिखा, विजय लक्ष्मी, अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री अनुष्का ने अपनी स्वेच्छा से प्रेम विवाह प्रांशु पुत्र बृजेश दुबे नि0 अमेठी जदीद से कर लिया तथा गलत सोहवत में होने के चलते मैंने अपनी चल अचल सम्पत्ति से पुत्री को बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**कमला पत्नी स्व0 विजय कुमार निवासी अमेठी जदीद पोस्ट मसेनी, थाना कादरीगेट, फर्रु0**

## मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा न्यूरो एवं कार्डियो परामर्श सेवा की शुरुआत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ से आए हुए डॉक्टर विपिन साहू न्यूरो सर्जन लखनऊ, डॉ0 आशुतोष यादव कार्डियोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार लखनऊ एवं डॉक्टर विपुल अग्रवाल आईएमए के अध्यक्ष वेदांता हॉस्पिटल के निदेशक एवं आनंद सिंह चौहान सीनियार मैनेजर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ने बताया कि आज की भाग दौड़ बड़े जीवन में हम सभी की दिनचर्या बदल गई है जो कि कभी जीवन शैली में परिवर्तन होने के कारण व्यक्ति विभिन्न रोगों से ग्रसित हो रहा है। उन्होंने कहा कोविड के प्रभाव से भी रोग ग्रस्त हुए लोग जैसे डायबिटीज, हृदय रोग, रक्तचाप, मोटापा आदि रोगों से लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले लोग प्रातः काल उठाना और श्रम करना पैदल चलना सूर्य अस्त तक भोजन करना आदि स्वस्थ जीवन के उपाय बताएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण गरीब निर्धन एवं सभी लोगों को विशेष सुविधा के साथ सेवा का अवसर देंगे। उचित परामर्श के साथ उनका परीक्षण करेंगे, जरूरत पड़ने पर लखनऊ मेदांता हॉस्पिटल में उचित इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब मरीजों को प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।



वार्ता करते चिकित्सक

## कुंए में कूदी महिला को यूपी 112 ने बाहर निकाला

**फायर सर्विस व पीआरवी कर्मियों द्वारा सूझबूझ से मीना को सुरक्षित कुंए से बाहर निकाल लिया गया**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को कोतवाली अमेठी के परसौली गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने यूपी 112 को सूचना दी गई कि मेरी पत्नी कुंए में कूद गई है, पुलिस सहायता चाहिये। कॉलर की सूचना पर पीआरवी 6904 थाना अमेठी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि कॉलर धर्मेन्द्र कुमार का उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। दोनो लोगों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो उनकी पत्नी मीना आवेश में आकर पास के एक कुंए में कूद गई। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल फायरसर्विस को मौके पर बुलाया गया। फायर सर्विस व पीआरवी कर्मियों द्वारा सूझबूझ से मीना को सुरक्षित कुंए से बाहर निकाल लिया गया। उसकी हालत सामान्य व स्थिर रही। महिला के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी-112 स्टाफ व पुलिस की सराहना की गयी।

**कृष्णा देवी बालिका पी0जी0 कालेज, लोहिया पुरम आवास विकास फर्रुखाबाद**

**आवश्यकता है।**

महाविद्यालय में प्राचार्य, एवं परास्नातक व स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंग्रेजी साहित्य, गृहविज्ञान, शिक्षा शास्त्र, स्नातक स्तर पर कला संकाय के संस्कृत, भूगोल, समाज शास्त्र एवं हिन्दी साहित्य विषयों व परास्नातक व स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों, स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित व बी0लिब0, एम0लिब0, बी0कॉम0 बी0एड0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रमों हेतु सहायक आचार्यो /प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यू.जी.सी./राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थी / सेवानिवृत्त 65 वर्ष तक के अभ्यर्थी 15 दिवसों में आवेदन करें। वेतन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित बैंक माध्यम से देय होगा।

**सचिव**

## खबरें एक नजर में

### आबकारी टीम की कार्रवाई, 20 लीटर कच्ची शराब बरामद



निघासन (खीरी)। आबकारी आयुक्त के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को ग्राम अदलाबाद, झंडी थाना निघासन क्षेत्र में आबकारी टीम ने छापेमारी की। यह कार्रवाई संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ के पर्यवेक्षण तथा उप आबकारी आयुक्त (प्रभार लखनऊ) व जिला आबकारी अधिकारी खीरी के नेतृत्व में की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। साथ ही मौके पर करीब 200 किलो लहन नष्ट कराया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है।

### गुड फ्राइडे पर भी खुले रहे स्कूल, प्रबंधन की लापरवाही उजागर



उचौलिया (खीरी)। गुड फ्राइडे के अवसर पर जहां पूरे जिले में सरकारी और अर्धसरकारी कार्यालयों के साथ सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था, वहीं उचौलिया क्षेत्र के कुछ स्कूलों में नियमों की अनदेखी करते हुए शिक्षण कार्य जारी रखा गया। इससे शिक्षा विभाग के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारण सभी सरकारी कार्यालय बंद रहे और स्कूलों में भी अवकाश घोषित था। इसके बावजूद बीआर अंबेडकर मेमोरियल स्कूल, मियापुर और राजीव सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, बचगांव में विद्यालय खुले रहे और छात्रों की उपस्थिति में पढ़ाई कराई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि छुट्टी के दिन स्कूल खोलना न सिर्फ नियमों के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों और अभिभावकों के साथ भी अन्याय है। इस तरह की लापरवाही से स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की जानकारी जब खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती को दी गई तो उन्होंने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस मामले में क्या कदम उठाए जाते हैं और संबंधित स्कूल प्रबंधन पर क्या कार्रवाई होती है।

### अधिकारी बनकर बेटी पहुंचीं गांव, फूल-मालाओं से स्वागत



मितौली खीरी। क्षेत्र के ग्राम चटौरा की रहने वाली निधि वर्मा ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज कल्याण अधिकारी बनकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद जब वह अपने गांव पहुँचीं, तो गांव व क्षेत्र के लोगों ने गाजे–बाजे, फूल–मालाओं और बुके के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे गांव का माहौल खुशी और गर्व से भर उठा। निधि वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया। उन्होंने भावुक होकर बताया कि उनकी मां भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन जब तक वह जीवित थीं, तब तक उन्होंने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हर संभव सहयोग दिया। निधि ने अपने छोटे भाई अमरेंद्र प्रताप वर्मा के योगदान को भी बेहद अहम बताया। शिक्षा के विषय में निधि वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कुंवर खुशवंत राय इंटर कॉलेज, लखीमपुर से प्राप्त की, जहां वह टॉपर रहीं। इसके बाद स्नातक में भी उन्होंने बायोलॉजी और केमिस्ट्री विषयों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि उन्होंने कभी कोचिंग का सहारा नहीं लिया, बल्कि मोबाइल इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों से ही पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। निधि वर्मा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आज के दौर में इंटरनेट सबसे बड़ा साधन है। सही दिशा में मेहनत और ऑनलाइन संसाधनों का सही उपयोग करके कोई भी छात्र सफलता प्राप्त कर सकता है।

### विद्यालय में गुड फ्राइडे श्रद्धा एवं शांति के साथ कार्यक्रम आयोजित



लालगंज, रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में गुड फ्राइडे के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके उपदेशों को स्मरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी प्रभु यीशु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया तदुपरान्त उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह दिन त्याग, प्रेम और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में सत्य, करुणा और सहनशीलता के मूल्यों को अपनाएँ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भजन, विचार प्रस्तुति तथा लघु नाटिका के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन और उनके संदेशों को प्रस्तुत किया गया। पूरा वातावरण श्रद्धा और शांति से परिपूर्ण रहा। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### एंटी रोमियो टीम ने देवनगर चौराहे पर चलाया जागरूकता अभियान



जालौन (उरई)। कोतवाली की एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत देवनगर चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं से संवाद कर उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर एसआई मधु देवी ने बताया कि कोई भी समस्या होने पर तत्काल इन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। जो जानकारी गोपनीय होगी उसमें नाम साझा नहीं किया जाता है। उन्होंने घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, कानूनी प्रावधानों और महिलाओं के अधिकारों के बारे में समझाया। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर विमला, संतोषी, नीलम, अंकिता, प्रभा, प्रकांक्षा, प्रतिज्ञा, विभा, रामवती आदि मौजूद रहे।

### महुआ बीनने के दौरान महिला के साथ मारपीट, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। गुरुवार करीब दस बजे दिन महुआ बीनते समय बेलाही गांव के डुड़िया मजरा निवासी बुद्धि व मुन्नी लाल, मुरत, शिवपुजन लाठी डंडा लेकर आकर महुआ बीनने से रोकते हुए गाली गलौज देने लगे मना करने पर मुझे मारने लगे। बीच बचाव करने आई बेटी राजकली को भी मारने लगे जिससे चोटे आई है । जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों का उपचार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महुआ बीनने के विवाद को लेकर महिला व उसकी बेटी को मारने पीटने वाले चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, और मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### वार्षिकोत्स्व में बच्चों ने कार्यक्रम में मन मोहा



हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के भटवारी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्स्व का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित लोगो के मन को मोह लिया वार्षिकोत्स्व कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजेश कुमार द्वारा विद्यालय के बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेश मिश्र, सहायक अध्यापक अभिषेक तिवारी, शिवभजन शिक्षामित्र रामचंद्र, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली के लिए शिक्षक हुए रवाना

हलिया (मिर्जापुर)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष हलिया कौशल कुमार सिंह के नेतृत्व में हलिया ब्लॉक के शिक्षक टीईटी अनिवार्यता के विरोध में हलिया से दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन करने के लिए रवाना हो चुके हैं। यह प्रदर्शन 4 अप्रैल को होना है, जिसमें देश भर से लाखों शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षकों का कहना है कि 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अन्यायपूर्ण है। दिल्ली रवाना होने वाले शिक्षको में आनंद सिंह, मंत्री गजेंद्र प्रताप सिंह, आरपी यादव, सुरजीत सिंह,संतोष पाण्डेय, रमेश कुमार,दिवाकर द्विवेदी आदि रहे।

# दोस्तों के साथ निकले युवक को लगी गोली, इलाज के दौरान मौत

- गोली लगने की सच्चाई छिपी रही, 'पटाखे से जला' बताकर चलता रहा इलाज, गोली लगने से गई जान
- लखनऊ में खुला राज, लापरवाही के आरोप में दो नामजद





लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सुआगाडा गांव में एक युवक की मौत ने दोस्ती, भरोसे और लापरवाही पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक घर से दोस्तों के साथ निकला, घायल हुआ, अस्पताल पहुंचा–लेकिन उसके साथियों ने परिजनों से सच्चाई छिपाए रखी। जब तक असल वजह सामने आई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

गांव निवासी अनिल कुमार झा के मुताबिक उनका पुत्र अंश कुमार झा 30 मार्च की शाम करीब 8 बजे दोस्तों के साथ घर से निकला था। देर रात जब पिता ने फोन किया तो अंश ने बताया कि वह अपने एक दोस्त की मां के इलाज के लिए लखनऊ गया है। अगले दिन सुबह उसने घर लौटने की बात कही, जिससे परिजन निश्चिंत हो गए। लेकिन 31 मार्च की दोपहर करीब 2:30 बजे अंश का फोन आया कि उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई है और वह गोला रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां अंश के साथ उसके दोस्त शुभम कुमार, नितिन सिंह उर्फ मिक्कू और अन्य साथी मौजूद मिले।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और दोस्तों ने उन्हें बताया कि अंश पटाखे से जल गया है और उसी का इलाज चल रहा है। परिजन इसी बात पर भरोसा कर इलाज करवाते रहे, लेकिन किसी ने भी उन्हें असल स्थिति से अवगत नहीं कराया।

> मामले से संबंधित जानकारी के लिए एस पी खीरी ख्याति गर्ग के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनकी ओर से पीआरओ ने बताया कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

रात होते-होते अंश की हालत बिगड़ने लगी। करीब 1 बजे डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन तत्काल उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के दौरान जो सच्चाई सामने आई, उसने पूरे मामले को पलट दिया।

**अंश को गोली लगी थी, न कि वह पटाखे से जला था:** गोली लगने की बात सामने आने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। इलाज शुरू हुआ, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण 2 अप्रैल की सुबह करीब 6 बजे अंश कुमार झा ने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का साफ आरोप है कि अगर शुरुआत में ही सही जानकारी दी जाती, तो वे समय रहते बेहतर और सही इलाज करवा सकते थे। उनका कहना है कि दोस्तों की लापरवाही और सच्चाई छिपाने के कारण ही यह घटना मौत में बदल गई। मामले में परिजनों ने शुभम कुमार (पुत्र रामेश्वर) और नितिन सिंह उर्फ मिक्कू (पुत्र विशुन सिंह) को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रायबरेली के साथ साथ बेगूसराय में भी जश्न का माहौल

- मशहूर शिक्षक खान सर से वीडियो कॉलिंग पर हर्ष ने की बात



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रायबरेली के जवाहर विहार कालोनी में रहने वाले पीसीएस परीक्षा उतीर्ण करने वाले हर्ष सिंह ने पटना के मशहूर शिक्षक खान सर से बात की। परीक्षा पास करके डीएसपी बने हर्ष सिंह ने अपने घर से वीडियो कॉल के जरिये खान सर से बात की। वीडियो कॉल पर बेहद खुश नजर आ रहे हर्ष से खान ने बधाई देते हुए कहा कि आप डीएसपी बन गए बहुत बहुत बधाई। इसके बाद बातचीत में हर्ष ने बताया कि वह बेगूसराय के रहने वाले हैं। उनके पिता जी आईटीआई कॉलेज में इंस्ट्रक्टर के पद पर हैं। खान सर ने कहा कि आगे चलकर आप डीएसपी पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बखूबी सँभाले। ईमानदारी से काम करेंगे तो आपको थकान महसूस नही होगी। डीएसपी पर रहकर वे कैसे काम करें इसके बारे में भी हर्ष सिंह को खान सर ने मार्गदर्शन दिया।

## मेला चैती के छठवें दिन सांस्कृतिक संध्याः राजेश दीक्षित एंड पार्टी ने गीत-संगीत से बांधा समां

गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के छठवें दिन सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। राजेश दीक्षित एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं गीत-संगीत कार्यक्रम ने देर रात तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा खीरी अनुराग मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष भारत विकास परिषद छोटी काशी अध्यक्ष अनुज खरे समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व




पुष्पमालाओं से स्वागत कर आभार जताया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। सावन के झूलों ने मुझको बुलाया, पर्दा है पर्दा, दर्द-ए-दिल, लग जा गले, चुरा लिया है तुमने, आज की रात जैसे लोकप्रिय गीतों पर दर्शक झूम उठे। संजना, निधि और गायत्री सहित कलाकारों की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली।

**मेले की भव्यता पर अतिथियों ने जताई खुशीः** मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा ने कहा कि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने मेला चैती को भव्य स्वरूप देने में सराहनीय प्रयास किए हैं। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष अनुज खरे ने कहा कि नगर की स्वच्छता और विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**बड़ी संख्या में जुटे गणमान्य लोगः** कार्यक्रम में व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राम मोहन सोनी, पूर्व सभासद अयूब खान, सेवानिवृत्त शिक्षक श्याममूर्ति शुक्ला, सभासद इजरान अहमद, धर्मेंद्र जायसवाल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व नगरवासी मौजूद रहे। मेला चैती में प्रतिदिन हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## निकाली गई कलश यात्रा, शुभारंभ हुआ श्रीमद्भागवत कथा महापुराण

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

दिव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के शुभारंभ से पहले निकली गई भव्य कलश यात्रा सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर यात्रा में हुई शामिल तो हजारों की संख्या में लोग रहे मौजूद। गुरुकुल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स पुरासी हलोर के संस्थापक प्रबंधक राजेंद्र दत्त मिश्र एडवोकेट द्वारा दिव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन पैतृक निवास समसपुर हलोर मे किया गया है जिसके तहत दिनांक 3 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकली गई जो समसपुर हलोर से अवसनेश्वर महादेव मंदिर हैदरगढ़ तक जाएगी जहां मां गोमती का जल भरकर यात्रा



वापस आएगी। गुरुकुल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने बताया कि दिनांक 3 अप्रैल से श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ किया गया है जिसके तहत आज कलश यात्रा निकाली गई है दिनांक 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन होना है कथा व्यास श्री रामचंद्र दास महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से कही जाएगी हवन एवं पूर्ण आहुति 10 अप्रैल को होगी तथा ब्रह्म भोज दिनांक 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे से प्रभु की इच्छा तक जारी रहेगा उन्होंने क्षेत्र के भक्तगणों से निवेदन करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान करें ।कथा शाम 6:30 बजे से 10:30 बजे रात्रि तक होगी । कथा 3 अप्रैल से 9 अप्रैल तक निरंतर चलेगी। इस मौके पर गुरुकुल ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर शुक्ला कुसुम मिश्रा प्रीति मिश्रा राहुल पांडे पल्लवी मिश्रा मयंक शुक्ला विमल कुमार मिश्रा अरुण कुमार मिश्रा परीक्षित मिश्रा अमित पांडे सुरेंद्र कुमार बेबी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रायबरेली के शिक्षाविद मो. जावेद रचेंगे नया इतिहास

- जयपुर में एआई इनोवेशन का करेंगे प्रदर्शन

सरेनी, रायबरेली। जिले के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं एमजेएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन सरेनी के डायरेक्टर मोहम्मद जावेद एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने जा रहे हैं। आगामी दिनों में जयपुर में आयोजित होने वाले हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड के मंच पर वह अपने कंप्यूटर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) इनोवेशन और रिसर्च प्रोजेक्ट को प्रस्तुत करेंगे।यह उपलब्धि न केवल उनके संस्थान बल्कि पूरे रायबरेली जनपद के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। विकासखंड सरेनी स्थित लखनापुर निवासी जावेद द्वारा तैयार किया गया यह एआई प्रोजेक्ट शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार



खोलने वाला है, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने में बड़ी मदद मिलेगी। मो. जावेद का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण एवं छोटे शहरों के छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।उनका मानना है कि यदि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलें तो छोटे क्षेत्रों के छात्र भी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। 14 अप्रैल 2021 को स्थापित एमजेएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन आज हजारों छात्रों को DCA, ADCA, Tally, CCC और O Level जैसे विभिन्न कंप्यूटर कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षित कर रहा है। अल्प समय में ही इस संस्था ने शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान स्थापित कर ली है। इस उपलब्धि पर मो. जावेद ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों को भी एआई और आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए। यह प्रस्तुति हमारे संस्थान और छात्रों के लिए एक नई दिशा तय करेगी। मो. जावेद को वर्ष 2025 में बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड़ और राज्य गौरव सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी यह नई उपलब्धि निश्चित रूप से क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। मो. जावेद का यह प्रयास न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि रायबरेली को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### दो वर्ष से कैलिया पुलिस को चकमा दे रहे वारंटी को किया गिरफ्तार

उरई (जालौन)। कैलिया पुलिस लंबे समय से आरोपी की तलाश थाना कैलिया में दर्ज मुकदमा 561/17 एवं अपराध संख्या 113/16 धारा 498, 323, 504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट संबंधित मामले में आरोपी दो वर्ष से फरार चल रहा था। गुरुवार को पहाड़गांव चौकी इंचार्ज राजकुमार निगम, कांस्टेबल आदित्य तिवारी के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे मुखबिर की सूचना पर सेसा पहाड़गांव रोड़ के पास से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपी की पहचान दयाशंकर पुत्र चन्द्रशेखर गिरी उम्र 36 वर्ष निवासी मोहल्ला शांती नगर उरई कोतवाली के रुप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया इससे पहले उप निरीक्षक निगम ने दो सप्ताह में दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया।

## दिल्ली महारैली में शामिल होने के लिये दो हजार शिक्षक रवाना

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आवाहन पर 4 अप्रैल को रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में सफल बनाने के लिए जनपद जालौन से दो हजार शिक्षक रामलीला मैदान के लिए हुए रवाना आरटीई लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के काले कानून खिलाफपूरे देश में शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में देश भर के सभी प्रांतों के लाखों शिक्षक 4 अप्रैल को रामलीला मैदान दिल्ली में आयोजित महारैली में शामिल होकर उसे सफल बनायेंगे। जनपद जालौन से लगभग दो हजार शिक्षक, शिक्षकायें 9 बसों, निजी वाहनों एवं ट्रेन के माध्यम से दिल्ली को रवाना हुए यह जानकारी प्राथमिक



शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र, जिलमंत्री नरेश निरंजन जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक पाठक, मंत्री विशाल रावत ने बताया दिल्ली जाने बाली 9 बसों की जिम्मेदारी ब्लॉक डकोर की ब्लॉक अध्यक्ष डकोर राजेश शुक्ला, ब्लॉक मंत्री निर्दोष द्विवेदी, ब्लॉक जालौन ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र सिंह, ब्लॉक माधौगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष निर्पेन्द्र सिंह, ब्लॉक मंत्री विपिन उपाध्याय, ब्लॉक महेवा ब्लॉक अध्यक्ष महेवा योगेंद्र सिंह, ब्लॉक मंत्री संजय सचान, ब्लॉक कदौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, ब्लॉक मंत्री तालिब बेग, ब्लॉक कुठौंद की अध्यक्ष कुठौंद कोशेलेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री प्रवीण पाठक ब्लॉक नदीगांव की ब्लॉक अध्यक्ष नदीगांव अभिषेक निरंजन, ब्लॉक मंत्री केशव द्विवेदी, ब्लॉक कोंच ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र बबले, ब्लॉक मंत्री कोंच दिनेश नामदेव, ब्लॉक रामपुरा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र चतुर्वेदी, ब्लॉक मंत्री रामपुरा अरबिंद कुमार वर्मा रहेंगे।

## एसपी ने की समीक्षा गोष्ठी अधिकारियों व थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

उरई (जालौन)। पुलिस अधीक्षका विनय कुमार सिंह ने गुरुवार की रात पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ एक समीक्षा गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद पुलिसकर्मियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार की रात को आयोजित इस गोष्ठी में एसपी विनय कुमार सिंह ने कई प्रमुख मुद्दों की गहन समीक्षा की। इनमें आईजीआरएस, मिशन शक्ति, ई-साक्ष्य, शस्त्र निरस्तीकरण, ई-ऑफिस, ऑपरेशन पहचान, सीएम डैशबोर्ड, 14(1) गैंगस्टर एक्ट और 107 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे विषय शामिल थे। एसपी विनय कुमार सिंह ने




सभी क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारियों और अन्य अधिकारियों को इन विषयों पर गंभीरता के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनहित में बेहतर पुलिसिंग करने पर जोर देते हुए कहा कि यदि किसी थाना प्रभारी की ओर से काम में लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को शाम के समय फुट पेट्रोलिंग (पैदल गश्त) करने के भी निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी व दिघिया गांव में शुक्रवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला आरक्षी सुमन भारती द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया । बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया



गया । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## पैर फिसलने से बाण सागर नहर में डूबने से बच्चे की मौत

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।

- बाण सागर नहर में सर्च आपरेशन के बाद तीन सौ मीटर दूर पानी में मिला शव



स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव स्थित बाण सागर नहर में शुक्रवार को लगभग दस बजे पैर फिसलने से किशोर की पानी में डूबकर मौत हो गयी । मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया जिस पर पुलिस ने बाण सागर नहर के गेट को बंद कराकर ग्रामीणों के सहयोग से शव की खोजबीन शुरू किया । नहर में पानी कम होने पर किशोर का शव घटना स्थल से तीन सौ मीटर दूर बाण सागर नहर में शव मिला। शव मिलने की सूचना पर किशोर के स्वजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी जय नारायण पाल का 12 वर्षीय पुत्र विजय शंकर अपने गांव के राधे पाल के साथ घर भेड़ चरा रहा था की बच्चा बाण सागर नहर के पास पहुंचा की किशोर का पैर फिसलने से किशोर बाण सागर नहर में गिर पड़ा और नहर के पानी के तेज बहाव में किशोर बह गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बच्चे को बाण सागर नहर में बहने की सूचना दिया। जिस पर पुलिस ने तत्काल बाण सागर नहर के गेट को बंद कराया बाण सागर नहर में पानी कम होने पर शव के खोजबीन के लिए ग्रामीणों को नहर में खोजबीन के लिए उतारा ग्रामीणों द्वारा खोजबीन शुरू किया तो बच्चे का शव घटना स्थल से करीब तीन सौ मीटर दूर बाण सागर नहर में मिला । शव को ग्रामीणों ने बाण सागर नहर से बाहर निकाला बच्चे की मौत की सूचना पर बच्चे के पिता जय नारायण व माता मनवती देवी मौके पर पहुंचकर रोने बिलखने लगे। मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एसआई हंसराज यादव ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मृत किशोर पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुलियारी में कक्षा छह का छात्र था। मृत बच्चा तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बाण सागर नहर में पैर फिसलने से किशोर की डूबने से मौत हुई है शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।